CMYK

अधिकतम : 22° C
न्यूनतम : 11° C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, बुधवार 18 फरवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 33 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 29 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


एआई वैश्विक सम्मेलन में कुप्रबंधन की खबरें सरकार की अक्षमता का परिणाम : खड़गे पेज 2


पाकिस्तान के लिए करो या मरो का मुकाबला खेल टाइम्स


रमजान मुबारक: इबादत, सब्र और इंसानियत का पाक महीना सम्पादकीय


तारिक रहमान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री बने पेज 12

# भारत एवरेस्ट तक उड़ने वाला हेलीकॉप्टर बनाएगा: पीएम मोदी

## पीएम ने फ्रांस को स्पेशल पार्टनर बताया, मैक्रों बोले: भारत पर भरोसा, इसलिए टेक्नोलॉजी शेयर करते हैं

**मुंबई, वार्ता**

**फ्रांस के** राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मंगलवार को भारत पहुंचे। इस दौरान मुंबई में उन्होंने पीएम मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने मिलकर टाटा-एयरबस की एच-125 हेलीकॉप्टरों असेंबली लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया।

मुंबई में ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस मिलकर भारत में ऐसे हेलीकॉप्टर का निर्माण करेंगे, जो माउंट एवरेस्ट जैसी ऊंचाइयों तक उड़ान भरेगा। मोदी ने फ्रांस को भारत का स्पेशल पार्टनर बताया और कहा कि दोनों देशों ने अपने रिश्तों को 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' लेवल तक अपग्रेड करने का फैसला किया है। 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का मतलब है कि दोनों देश सिर्फ व्यापार या हथियारों की खरीद-फरोख्त तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि सुरक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष, समुद्री इलाकों की सुरक्षा और बड़े वैश्विक मुद्दों पर साथ मिलकर काम करेंगे। मैक्रों ने कहा कि भारत एक भरोसेमंद साझेदार है और फ्रांस भारत के साथ तकनीक साझा करने में भरोसा रखता है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों अपनी पत्नी के साथ पीएम मोदी के न्योते पर तीन दिन के भारत दौरे पर आए हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद मैक्रों का यह चौथा भारत दौरा है। इससे पहले वे मार्च 2018 में पहली बार भारत आए थे। इसके बाद वे सितम्बर 2023 में जी-20 समिट के लिए और जनवरी 2024 में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बनकर आए थे। भारत और फ्रांस के बीच 1998 से रणनीतिक साझेदारी है और दोनों देश रक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में साथ काम करते हैं। यह दौरा भी इसी सहयोग को आगे बढ़ाने के लिहाज से अहम माना जा रहा है।



- दोनों नेताओं ने टाटा-एयरबस की एच-125 हेलीकॉप्टरों असेंबली लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया
- मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति का किया स्वागत

### ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी ठिकाने तबाह करने वाली हैमर मिसाइलें भारत में बनाने पर भी करार

**मुंबई।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों नेताओं के बीच कई अहम समझौतों पर मुहर लगी। इनमें राफेल लड़ाकू विमान की खरीद पर चर्चा से लेकर हैमर मिसाइलों को भारत में बनाने के लिए समझौते पर भी बात हुई। इन मिसाइलों का जिक्र इसलिए भी अहम है, क्योंकि पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने में इन मिसाइलों की भूमिका काफी अहम रही थी। दरअसल, भारत ने बीते साल सात मई में जब पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था, तब हमारे किसी भी जवान या विमान ने सीमा पार नहीं की थी। बल्कि आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने का असल काम इन्हीं हैमर मिसाइलों और भारत की स्वदेशी निर्मित ब्रह्मोस मिसाइलों के जरिये किया गया था।

# नेताओं के भाषणों पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी नसीहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश में नेताओं के भाषणों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की है। मंगलवार को एक सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाने का काम करना चाहिए। कोर्ट ने शिक्षाविद रूप रेखा वर्मा समेत 12 याचिकाकर्ताओं से राजनीतिक भाषणों पर दिशानिर्देश के लिए एक नई याचिका दाखिल करने को कहा है।

चीफ जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने मौजूदा जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। याचिका में नेताओं और मीडिया के लिए गाइडलाइन बनाने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि कुछ नेताओं के भाषण भाईचारे और संवैधानिक मूल्यों को प्रभावित करते हैं। याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पेश हुए। उन्होंने कहा कि देश में माहौल जहरीला होता जा रहा है। यह याचिका असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के कथित हेट स्पीच के संदर्भ में दायर की गई थी। सिब्बल ने दलील दी कि किसी एक नेता के खिलाफ राहत नहीं मांगी -**शेष पृष्ठ दो पर**



- राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाने का काम करना चाहिए
- जनहित याचिका पर सुनवाई करने से किया इन्कार

## संक्षिप्त समाचार

### एआई को तेजी से अपना रहा है भारत : धर्मेंद्र प्रधान

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि दुनिया तेज़ी से भारत की तरफ देख रही है क्योंकि देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को बहुत तेज़ी से अपना रहा है। श्री प्रधान ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में भारत में एआई की सीमा को आगे बढ़ाना पर मंगलवार को आयोजित एक सत्र में हिस्सा लिया। इस दौरान श्री प्रधान ने सम्मेलन को भारत में एआई की वृद्धि को दिखाने और तेज़ करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोची हुई एक नई पहल बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया तेज़ी से भारत की तरफ देख रही है, क्योंकि देश एआई को बहुत तेज़ी से अपना रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि एआई भारत को ग्लोबल नॉलेज सुपरपावर बनाने में एक बदलाव लाने वाली भूमिका निभाएगा और विकसित भारत 2047 के विज़न में अहम योगदान देगा। उन्होंने कहा कि भारतीय युवा पिछली पीढ़ियों से अलग तरीके से सोच रहे हैं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि शिक्षा में एआई और एआई में शिक्षा आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं इसलिए छात्रों और युवाओं को एआई का प्रयोग करके सशक्त बनने की अपील की।

### दिल्ली विवि परिसर में एक माह तक प्रदर्शन पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने परिसर में सार्वजनिक बैठकों, जुलूसों, प्रदर्शनों और किसी भी प्रकार के विरोध-प्रदर्शन पर एक माह के लिए पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर की ओर से मंगलवार को जारी आदेश में विश्वविद्यालय परिसर में सार्वजनिक बैठकों, जुलूसों, प्रदर्शनों और किसी भी प्रकार के विरोध-प्रदर्शन पर एक माह के लिए पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है, जो मंगलवार से प्रभावी हो गया है तथा एक महीने तक लागू रहेगा। आदेश के अनुसार परिसर में अनियंत्रित सार्वजनिक सभाओं और प्रदर्शनों से यातायात अवरोध, जन-जीवन को खतरा तथा शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका जताई गई है। आदेश में कहा गया है कि पूर्व में भी कई बार आयोजक ऐसे कार्यक्रमों को नियंत्रित करने में असफल रहे, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हुई।

### इंडिया एआई समिट में शामिल होंगे बिल गेट्स

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स के इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होने को लेकर बनी असमंजस की स्थिति अब साफ हो गई है। गेट्स फाउंडेशन के प्रवक्ता के अनुसार, बिल गेट्स तय कार्यक्रम के मुताबिक समिट में हिस्सा लेंगे और अपना कीनोट एड्रेस देंगे। मंगलवार को वेबसाइट पर गेस्ट की लिस्ट में उनका नाम नहीं था। ऐसे में खबरें चल रही थीं कि सरकार ने उनका निमंत्रण रद्द कर दिया है। इसकी वजह अमेरिकी अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े विवादित दस्तावेजों में आए उनके नाम को बताया गया था। 16 फरवरी से दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हुई समिट 20 फरवरी तक चलेगी।

# अजित पवार प्लेन क्रैश की सीबीआई जांच की मांग

**नई दिल्ली/मुंबई।** महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार और एनसीपी नेताओं ने मंगलवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस से मुलाकात कर बारामती विमान हादसे की सीबीआई जांच की मांग की। सुनेत्रा के साथ उनके बड़े बेटे पार्थ पवार, एनसीपी नेता सुनील तटकरे, प्रफुल्ल पटेल, हसन मुश्रीफ भी थे।

सुनेत्रा ने सीबीआई जांच की मांग को लेकर सीएम को एक पत्र सौंपा। तटकरे ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय से बात करने का भरोसा दिया है।

- उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार सीएम फडनवीस से मिलीं, भतीजे रोहित ने साजिश की जताई थी आशंका

इधर, विमान दुर्घटना जांच एजेंसी (एएआईबी) ने लियरजेट-45 के कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर से डेटा निकालने के लिए विशेष सहयोग मांगा है। पुणे जिले के बारामती में 28 जनवरी को एनसीपी नेता और उपमुख्यमंत्री अजित पवार का विमान क्रैश हुआ था।

### बारामती में क्रैश विमान के ब्लैकबॉक्स जलकर नष्ट

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के बारामती में पिछले महीने हुए विमान हादसे के दोनों ब्लैक बॉक्स जलकर नष्ट हो चुके हैं और अब जांच सिर्फ डिजिटल फ्लाइट डाटा रिकॉर्डर (डीएफडीआर) तथा कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) के आधार पर होगी। बारामती में 28 जनवरी को वीएसआर वेंचर्स का लीयरजेट 45 विमान उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उसमें आग लग गई थी। हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और दोनों पायलट समेत विमान में सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई थी।

# राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस रद्द

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस को रद्द कर दिया। यह मामला 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले '40 फीसदी कमीशन' वाले कांग्रेस के विज्ञापनों को लेकर भाजपा नेता की शिकायत पर दर्ज हुआ था।

करप्शन रेट कार्ड वाले इस विज्ञापन को राहुल गांधी ने भी सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इसके बाद भाजपा नेता केशव प्रसाद ने राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के दौरान विज्ञापनों में तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत भाजपा नेताओं पर सरकारी ठेकों से 40 फीसदी कमीशन लेने का झूठा आरोप लगाया। मामले में कर्नाटक की अदालत ने 23 फरवरी 2024 को सिद्धारमैया, डीके शिवकुमार और राहुल गांधी को समन जारी किया था। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने एक जून 2024 को सिद्धारमैया, शिवकुमार को और 7 जून 2024 को राहुल को जमानत दे दी थी। हालांकि राहुल गांधी ने समन को हाईकोर्ट में भी चुनौती दी थी। हाईकोर्ट के जस्टिस सुनील दत्त यादव की सिंगल बेंच ने आदेश पारित करते हुए कहा कि राहुल गांधी की याचिका मंजूर की जाती है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले की कार्यवाही आगे बढ़ाना कानून की प्रक्रिया का गलत इस्तेमाल होगा।



- कर्नाटक चुनाव में 40% कमीशन वाले विज्ञापन का मामला
- हाईकोर्ट ने भाजपा नेता की याचिका खारिज की

### चुनाव आयोग तुगलकी आयोग बना: ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला है। कोलकाता में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने चुनाव आयोग को तुगलकी आयोग बताया और आरोप लगाया कि भाजपा के निर्देश पर मतदाता सूची से लाखों नाम हटाए जा रहे हैं। ममता ने राज्य सचिवालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाजपा के आईटी सेल की एक महिला कर्मचारी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करके बंगाल में 58 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए। ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा के निर्देश पर चुनाव आयोग स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान बंगाल के मतदाताओं के नाम हटा रहा है। आयोग लोकतांत्रिक अधिकारों को छीन रहा है और आम लोगों से आतंकवादियों की तरह व्यवहार कर रहा है। टीएमसी सुप्रीमो ने आरोप लगाया कि भाजपा को खुश करने के लिए बंगाल को निशाना बनाया जा रहा है। ममता ने चुनाव आयोग की ओर से निलंबित किए गए सात असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (एईआरओ) का बचाव भी किया।

# मुंबई तट के पास तीन संदिग्ध तेल टैंकर जब्त

**नई दिल्ली/मुंबई।** भारत ने इस महीने मुंबई तट के पास तीन तेल टैंकर जब्त किए हैं। इन जहाजों के आईएमओ नंबर अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित जहाजों से मेल खाते हैं और इनका ईरान से संबंध होने का शक है। हालांकि, ईरान की नेशनल ईरानियन ऑयल कंपनी (एनआईओसी) ने इन जहाजों से किसी भी तरह के संबंध से इन्कार किया है।

सूत्रों के मुताबिक इन जहानों के नाम स्टेलर रूबी, अस्फाल्ट स्टार और अल जफिजआ हैं। इन्हें मुंबई तट से लगभग 100 नाटिकल माइल्स पश्चिम में संदिग्ध गतिविधियों के बाद रोका गया था। बाद में जांच के लिए मुंबई पोर्ट लाया गया है। बताया गया है कि ये जहाज पहचान छिपाने के लिए बार-बार अपना नाम, झंडा और अन्य पहचान बदल रहे थे। इन जहाजों की मालिक विदेशी कंपनियां हैं। भारतीय अधिकारियों ने इस कार्रवाई की जानकारी 6 फरवरी को एक्स पर दी थी, लेकिन बाद में वह पोस्ट हटा दी गई। सूत्रों के अनुसार इस घटना के बाद इंडियन कोस्ट गार्ड ने निगरानी और सख्त कर दी है। 24 घंटे भारत के समुद्री क्षेत्र में निगरानी कर रहे हैं। इसके लिए करीब 55 जहाज और 10-12 विमान तैनात किए गए हैं।

- पहचान छिपाने के लिए नाम-झंडा बदला
- ईरान सरकार बोली: जहाजों से हमारा कोई संबंध नहीं



नई दिल्ली: केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ( सीबीएसई ) की परीक्षा में बैठने से पहले कक्षा 10वीं की छात्राएं खुशी का इजहार करते हुए।

# भारत के लिए एआई केवल एक तकनीक नहीं: मोदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** ग्लोबल साउथ में अपनी तरह का पहला और सबसे बड़ा आयोजन इंडिया एआई समिट 2026 नई दिल्ली में जारी है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया से विशेष बातचीत की।

उन्होंने भारत की एआई रणनीति, भविष्य की योजनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने साफ किया है कि भारत के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का जरिया है।

- प्रधानमंत्री ने भारत की एआई रणनीति, भविष्य की योजनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि आज एआई एक सभ्यतागत मोड़ पर खड़ा है। यह मानवीय क्षमताओं को अभूतपूर्व तरीकों से बढ़ा सकता है, लेकिन अगर इसे बिना मार्गदर्शन के छोड़ दिया गया, तो यह मौजूदा सामाजिक नींव की परीक्षा भी ले सकता है। इसीलिए उन्होंने जानबूझकर इस समिट को प्रभाव के इर्द-गिर्द तैयार किया है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इसके परिणाम सार्थक और न्यायसंगत हों, न कि केवल नवाचार तक सीमित रहें। सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना भारत के सभ्यतागत दर्शन को दर्शाती है, जिसका अर्थ है कि तकनीक का अंतिम लक्ष्य सभी का कल्याण और सभी की खुशी होना चाहिए। तकनीक मानवता की सेवा के लिए है, उसे प्रतिस्थापित करने के लिए नहीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एआई सिस्टम दुनिया भर के समाजों से ज्ञान और डेटा लेते हैं, इसलिए इसके लाभ सभी तक पहुंचने चाहिए, न कि केवल शुरुआती अपनाने वालों तक सीमित रहने चाहिए। भारत ग्लोबल साउथ की कम प्रतिनिधित्व वाली आवाजों और विकास प्राथमिकताओं को मंच दे रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि एआई विकसित भारत 2047 की यात्रा में एक परिवर्तनकारी अवसर का प्रतिनिधित्व करता है। एआई का रणनीतिक उपयोग विकास की गहरी चुनौतियों का समाधान करने के साथ-साथ आर्थिक अवसर पैदा करने और शहरी-ग्रामीण अंतर को पाटने में मदद करता है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा आज से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष कुल 53,37,778 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

नकलविहीन और पारदर्शी परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश भर में 8033 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने मंगलवार को लखनऊ में पार्क रोड स्थित शिविर कार्यालय में राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया, जिससे सभी परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। इसके अलावा टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 18001806607 और 18001806608 जारी किए गए हैं। इसके अलावा यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के हेल्पलाइन नंबर 18001805310 और 18001805312 भी उपलब्ध रहेंगे।

- 53.37 लाख परीक्षार्थी होंगे शामिल

## संक्षिप्त समाचार

### योगी ने भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सामाजिक न्याय के पुरोधा और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 38वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। योगी ने उन्हें नमन करते हुए कहा कि शोषित-वंचितों के सशक्तीकरण और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता सदैव प्रेरणास्पद रहेगी। जननायक कर्पूरी ठाकुर ने सामाजिक न्याय को व्यवहारिक धरातल पर उतारने का कार्य किया और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उधर 17 फरवरी को उनकी 38वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बिहार की राजनीति में भी एक बार फिर हलचल तेज हो गई है।

### यूपीएसटीडीसी ने शुरू किया 'सुगम दर्शन' टूर पैकेज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 'सुगम दर्शन' टूर पैकेज की शुरुआत की है। इस सेवा के माध्यम से लखनऊ से अयोध्या जाने वाले श्रद्धालु बिना लंबी कतारों में प्रतीक्षा किए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में रामलला के दर्शन कर सकेंगे। यह विशेष व्यवस्था अयोध्या जिला प्रशासन के सहयोग से तैयार की गई है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 से संचालित लखनऊ-अयोध्या टूर पैकेज को यात्रियों का अच्छा प्रतिसाद मिला है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए अब एक दिवसीय आरामदायक यात्रा के लिए टेंपो ट्रैवलर सेवा 21 फरवरी से शुरू की जा रही है। इच्छुक यात्री आधिकारिक वेबसाइट से ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

## मनरेगा के नाम परिवर्तन के विरोध में विस घेराव से पहले अजय राय गिरफ्तार

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ की बर्बरता!

शाह टाइम्स ब्यूरो



- जनता के हक की आवाज उठाने पर सरकार ने करवाई गिरफ्तारी: अजय
- गिरफ्तारी हमारे हौसलों की जीत व तानाशाही की हार

**लखनऊ।** मनरेगा का नाम बदले जाने के विरोध में विधानसभा घेराव के ऐलान के बीच मंगलवार को प्रदेश की सियासत गरमा गई। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब पार्टी कार्यकर्ता प्रदर्शन की तैयारी कर रहे थे।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण विरोध को दबाने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया और कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। राजधानी लखनऊ में विधानसभा के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और कई स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई थी। गिरफ्तारी के बाद अजय राय ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जनता के हक की आवाज उठाने पर भाजपा सरकार ने उन्हें गिरफ्तार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि लखनऊ की सड़कों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बर्बरता की गई, उन्हें पीटा गया और हिरासत में लिया गया। अजय राय ने कहा कि पुलिस का यह दमनचक्र कांग्रेस के सिपाहियों को नहीं डिगा पाएगा। गिरफ्तारी हमारे हौसलों की जीत है और यह तानाशाही की हार है। लड़ाई जारी रहेगी। सरकार की तानाशाही और अन्याय के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता डटकर खड़ा है। चाहे मनरेगा का मामला हो, अहिल्याबाई होलकर से जुड़ा विवाद हो, अविमुक्तेश्वरानंद के कथित अपमान का मुद्दा हो, किसानों की जमीन का सवाल हो या लखनऊ की पुरानी मजारों को तोड़े जाने का मामला-कांग्रेस पीछे हटने वाली नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार पर भ्रष्टाचार में डूबी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि सच्चाई जनता के सामने आकर रहेगी। वहीं पुलिस प्रशासन का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। फिलहाल इस घटना के बाद प्रदेश की राजनीति में बयानबाजी तेज हो गई है और कांग्रेस ने अपने आंदोलन को जारी रखने का संकेत दिया है।

### विधानसभा में शायरी से एक दूसरे पर किए सियासी वार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को सवाल-जवाब के दौरान सियासी तकरार के साथ शायरी का रंग भी देखने को मिला। समाजवादी पार्टी की विधायक रागिनी सोनकर ने शायरी पढ़ते हुए सरकार पर हमला बोला तो मंत्री गुलाबो देवी ने उसका जवाब दिया। रागिनी सोनकर ने एडेड स्कूलों में विज्ञान विषय के शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल किया कि सरकार विज्ञान के शिक्षक क्यों उपलब्ध नहीं करा पा रही है और जो प्रधानाचार्य सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उनकी भर्तियां कब तक की जाएंगी। इस पर जवाब देते हुए मंत्री गुलाबो देवी ने भी शायरी के अंदाज में पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जानकर अंजान बने, ये कुछ और बात है, इनको मालूम न हो ये और बात है। सूर्य की किरणें कितनी भी चमचमाएं, लेकिन सागर को सुखा नहीं सकतीं। मंत्री ने संकेत दिया कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## परिषदीय विद्यालयों की बंदी पर सपा ने किया हंगामा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सरकार ने कहा- एक भी स्कूल नहीं हुआ बंद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में परिषदीय विद्यालयों के कथित बंदी के मुद्दे पर सोमवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार बहस हुई। समाजवादी पार्टी के कई सदस्यों ने आरोप लगाया कि प्रदेश में सरकारी स्कूलों को बंद किया जा रहा है, जबकि गांव-गांव शराब की दुकानें खोली जा रही हैं।

सपा विधायकों ने शिक्षकों की कमी, भर्तियों में देरी और टीईटी को अनिवार्य किए जाने जैसे मुद्दों पर सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा। सपा सदस्यों ने कहा कि परिषदीय विद्यालय ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की रीढ़ हैं, लेकिन सरकार की नीतियों के कारण उनकी स्थिति कमजोर हो रही है। शिक्षकों की नियुक्तियां लंबित हैं और कई स्कूल स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाया जा रहा है, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जवाब में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह स्पष्ट किया कि सरकार ने किसी भी परिषदीय विद्यालय को बंद करने का निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों की स्थिति की समीक्षा की जा रही है, लेकिन एक भी स्कूल बंद नहीं किया गया है। मंत्री ने विपक्ष के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार लगातार कदम उठा रही है।

निजी स्कूलों की फीस और किताब-ड्रेस के नाम पर वसूली के मुद्दे पर भी सदन में चर्चा हुई। मंत्री ने बताया कि राज्य में फीस रेगुलेशन एक्ट लागू है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति शिकायतों की जांच करती है और दोषी पाए जाने पर निजी विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है।

## एआई सम्मेलन सरकार की अक्षमता का परिणाम: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि एआई पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन दुनिया में भारत की क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक बेहतर अवसर था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रचार पाने की भूख के कारण इस शिखर सम्मेलन का पूरा माहौल अराजक हो गया है।

खड़गे ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि भारत की डिजिटल और एआई क्षमताओं को प्रदर्शित करने का यह एक शानदार अवसर था, लेकिन इस एआई शिखर सम्मेलन में अव्यवस्थाओं को लेकर खबरें आ रही हैं। उनका कहना था कि खबरों के अनुसार 'प्रचार की भूखी' मोदी सरकार के घोर कुप्रबंधन के कारण यह सम्मेलन अराजकता में तब्दील हो गया है। इसमें शामिल संस्थाएं, अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने वाले लोगों तथा आगंतुकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले ही दिन फोटो खिचवाने के लिए सम्मेलन स्थल पर अचानक पहुंचने के कारण लोगों को सुरक्षा कारणों से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने अपने बयान में कहा कि बताया जा रहा है कि प्रदर्शकों को भोजन और पानी नहीं मिला, उनके उत्पाद चोरी हो गए, डिजी यात्रा बुरी तरह विफल रही, लैपटॉप, व्यक्तिगत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और यहाँ तक कि बैग भी प्रतिबंधित कर दिए गए, डिजिटल यूपीआई भुगतान के बजाय केवल नकद भुगतान स्वीकार किया गया।

## यूपी में कानून-व्यवस्था को मजबूत किया

### विपक्ष पर परिवारवाद और विकास विरोधी होने का आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो



- पीडीए मतलब परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला और कहा कि अखिलेश यादव को आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) की शाखाओं में जाना चाहिए, ताकि उन्हें जल्दी उठने की आदत हो जाए। योगी ने सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए विपक्ष पर परिवारवाद और विकास विरोधी होने का आरोप लगाया। सीएम ने विपक्ष की नीतियों को हिंदू विरोधी करार दिया। पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) पर तंज कसते हुए योगी ने कहा कि पीडीए मतलब 'परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी'।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 में जब बीजेपी सरकार बनी थी, तब राज्य का बजट करीब 3 लाख करोड़ रुपये था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 9,12,600 करोड़ रुपये से अधिक कर दिया गया है। यह विकास की दिशा में बड़ा कदम है। सीएम ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि जैसी दृष्टि, वैसी सृष्टि। पहले यूपी में महिलाएं सुरक्षित नहीं थीं, लेकिन पिछले 9 वर्षों में डबल इंजन सरकार ने जो काम किया है, वह अतुलनीय है। सीएम ने कहा कि परसेप्शन प्रचार से नहीं बनता, पौने नौ वर्षों में कोई दंगा नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने कानून व्यवस्था को मजबूत किया है, जिससे राज्य में शांति और विकास का माहौल बना है। विपक्ष पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए योगी ने कहा कि इनके लिए इनका परिवार ही सबकुछ है, इन्होंने परिवार को ही प्रदेश मान लिया है। आगरा के म्यूजियम का नाम बदलकर छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर करने का जिक्र किया और कहा कि यह इतिहास के सम्मान का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम राष्ट्रगीत है, भारत की आजादी का मंत्र रहा है। जो गीत समग्र भारत को जोड़ने का काम किया था। राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, राष्ट्रध्वज का अपमान भारतीय संविधान का अपमान है और यह राष्ट्रद्रोह है। योगी ने विपक्ष को राष्ट्रविरोधी बताते हुए कहा कि ऐसे लोग देश की एकता को कमजोर करते हैं।

### सपा सरकार में स्थापित चिकित्सा संस्थानों की अनदेखी कर रही है योगी सरकार: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर आरोप लगाया है कि सपा शासनकाल में स्थापित मेडिकल कॉलेजों, कैंसर इंस्टीट्यूट और अन्य अस्पतालों की जानबूझकर अनदेखी की जा रही है। यादव का कहना है कि भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में कई मेडिकल कॉलेजों की इमारतें तो खड़ी कर दीं, लेकिन उन्हें सुचारु रूप से संचालित करने की दिशा में पर्याप्त प्रयास नहीं किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई मेडिकल कॉलेज, अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर बिना पर्याप्त डॉक्टरों और स्टाफ के संचालित हो रहे हैं या अधूरी स्थिति में हैं, जिससे मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। सपा ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ने जनहित के अस्पतालों की बजाय अपने राजनीतिक और प्रशासनिक ढांचे को प्राथमिकता दी है। पार्टी का दावा है कि स्वास्थ्य व्यवस्था की मौजूदा स्थिति से स्पष्ट है कि विभागीय समन्वय और प्रभावी नेतृत्व का अभाव है। स्वास्थ्य मंत्री पर भी सपा ने निशाना साधते हुए कहा कि विभाग की कार्यप्रणाली कमजोर हुई है और मंत्री की भूमिका सीमित दिखाई देती है। सपा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग की स्थिति चिंताजनक है और भविष्य में मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान बदलाव की अटकलें भी लगाई जा रही हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 83450.96
निफ्टी 25725.40



सोना रु. 151000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 234000
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी

मुंबई, वार्ता



आईटी और बैंकिंग सेक्टरों में घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को शुरुआती गिरावट के बाद तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 173.81 अंक (0.21 प्रतिशत) की बढ़त में 83,450.96 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 42.65 अंक यानी 0.17 प्रतिशत चढ़कर 25,725.40 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.14 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.56 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटी, सार्वजनिक बैंक, एफएमसीजी, ऑटो, मीडिया, फार्मा, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और स्वास्थ्य सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। धातु, रियलटी और तेल एवं गैस समूहों में गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में आईटीसी और बीईएल के शेयर दो प्रतिशत से अधिक चढ़े। एलएंडटी, इंफोसिस, एशियन पेंट्स, अडानी पोर्टस, टाइटन, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और सनफार्मा के शेयर एक से दो प्रतिशत की बढ़त में रहे। मारुति सुजुकी, टेक महिंद्रा, इंडिगो, भारतीय स्टेट बैंक और टीसीएस के शेयर भी हरे निशान में रहे। क्वालिटी वाल्स का शेयर पांच प्रतिशत के करीब टूटा। इटरनल, टाटा स्टील और ट्रेंट के शेयर एक से दो प्रतिशत से बीच गिरे। रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे।

### दोपहिया की बिक्री 2.9 करोड़ के पार पहुंचने की उम्मीद: क्रिसिल

**नई दिल्ली।** दुपहिया वाहनों की बिक्री अगले वित्त वर्ष (2026-27) में सात से नौ प्रतिशत के बीच बढ़कर 2.9 करोड़ इकाई पर पहुंच जाएगी। बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से कीमतों में कमी के बाद दुपहिया की घरेलू बिक्री में आई तेजी अगले वित्त वर्ष में भी जारी रहेगी। उसने कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का घरेलू कंपनियों की बिक्री पर कुछ खास असर नहीं होगा।

### चांदी की कीमत 6 हजार गिरी, सोना 3 हजार घटा

**नई दिल्ली।** मंगलवार को चांदी में लगातार चौथे दिन गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार एक किलो चांदी 6,667 रुपए गिरकर 2.34 लाख पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,903 रुपए सस्ता होकर 1.51 लाख पर आ गया है। पिछले चार कारोबारी दिन में चांदी 32 हजार रुपए सस्ती हुई है। इसने 29 जनवरी को 3.86 लाख का हाई बनाया था। तब से अब तक चांदी ₹1.51 लाख सस्ती हो चुकी है। सोना भी बीते चार कारोबारी दिन में 6 हजार रुपए सस्ता हुआ है। इसने भी 29 जनवरी को 1.76 लाख का हाई बनाया था। तब से अब तक सोना 25 हजार सस्ता हो चुका है। सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कीमत बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं। दक्षिण भारत जैसे इलाकों में खपत ज्यादा (करीब 40 प्रतिशत) होने के कारण ज्वेलर्स भारी मात्रा में सोना खरीदते हैं। बल्क खरीदारी पर मिलने वाली छूट का फायदा ग्राहकों को कम दाम के रूप में मिलता है। हर राज्य और शहर के अपने ज्वेलरी एसोसिएशन होते हैं, ये संगठन स्थानीय मांग और सप्लाई के आधार पर अपने इलाके के लिए सोने का रेट तय करते हैं।

## चावल कमजोर, गेहूं, चीनी मजबूत दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



- गुड़ के औसत भाव 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़े, चीनी भी नौ रुपये महंगी हुई

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव घट गए। वहीं, गेहूं और चीनी में तेजी रही, जबकि दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार.चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत चार रुपये घटकर 3,842 रुपये प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं की कीमत तीन रुपये बढ़कर 2,853 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

आटा आठ रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 15 रुपये और चना दाल की 12 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल 11 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत नौ रुपये और उड़द दाल की आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। विदेशों में मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.74 प्रतिशत की बढ़त में 57.44 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल 33 रुपये और सरसों तेल 29 रुपये सस्ती हुई। वनस्पति में 19 रुपये और सूरजमुखी तेल में 15 रुपये की गिरावट रही। पाम ऑयल की कीमत तीन रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी नौ रुपये महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## अयोध्या की अर्थव्यवस्था में ऐतिहासिक उछाल: आईआईएम

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर विकसित 'टेंपल इकॉनमी मॉडल' को भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ (आईआईएम लखनऊ) की ताजा केस स्टडी में मजबूती मिली है। 'इकॉनमिक रेनेसांस ऑफ अयोध्या' शीर्षक से जारी अध्ययन में कहा गया है कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पर्यटन, निवेश, रोजगार और राजस्व में व्यापक वृद्धि दर्ज की गई है। अध्ययन के अनुसार मंदिर निर्माण से पूर्व अयोध्या मुख्यत: एक पारंपरिक तीर्थस्थल तक सीमित थी, जहां आगंतुकों की संख्या और स्थानीय बाजार की आय सीमित थी। होटल श्रृंखलाओं की उपस्थिति नगण्य थी और बुनियादी ढांचा भी सीमित था। रोजगार के अवसर कम होने के कारण युवाओं का पलायन सामान्य था। पर्यटन से होने वाला राजस्व भी राज्य की अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान नहीं दे पा रहा था। रिपोर्ट में उल्लेख है कि जनवरी 2024 में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले छह महीनों में 11 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। अब वार्षिक स्तर पर 5.6 करोड़ आगंतुकों की संभावना जताई गई है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष..

**नेताओं के ...** जा रही है, बल्कि भाषणों में जवाबदेही तय करने के लिए गाइडलाइन बनाने का अनुरोध किया गया है। हालांकि, बेंच कपिल सिब्बल की दलील से सहमत नहीं हुई। चीफ जस्टिस ने कहा कि यह याचिका एक खास राजनीतिक दल के कुछ चुनिंदा व्यक्तियों के खिलाफ दिखती है। उन्होंने कहा कि इसे वापस लें। एक दूसरी याचिका दायर करें, जिसमें यह बताया जाए कि राजनीतिक दल कैसे नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि वह एक निष्पक्ष याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार है। सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाना चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अगर हम गाइडलाइन बना भी दें, तो उनका पालन कौन करेगा? भाषण की उत्पत्ति विचारों से होती है। आप विचारों को कैसे नियंत्रित कर सकते हैं? हमें संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप विचारों को बढ़ावा देना होगा। कपिल सिब्बल ने चुनाव आचार संहिता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होती है, लेकिन उससे पहले दिए गए भाषण सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। उन्होंने पूछा कि ऐसे मामलों में मीडिया की क्या जिम्मेदारी है, ताकि लोकतांत्रिक माहौल खराब न हो। जस्टिस बागची ने कहा कि कोर्ट केवल आदेश पारित कर सकता है, लेकिन उन्हें लागू करना एक चुनौती है। हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहले ही कई सिद्धांत तय कर चुका है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि इसमें राजनीतिक दलों की भी जिम्मेदारी बनती है, क्योंकि नेता पार्टी का ही सदस्य होता है।

## केंद्रीय कृषि मंत्री ने जयपुर से लॉन्च किया किसानों का एआई साथी 'भारत विस्तार' 2026

**लखनऊ।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को जयपुर (राजस्थान) से किसानों के लिए समर्पित एआई आधारित प्लेटफॉर्म 'भारत विस्तार' 2026 का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विधानसभा स्थित अपने कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। यह प्लेटफॉर्म आधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) तकनीक के माध्यम से किसानों को खेती से जुड़ी समस्याओं का त्वरित और सटीक समाधान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि 'भारत विस्तार' देश की कृषि व्यवस्था को समृद्ध, सशक्त और सरल बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। इसके जरिए किसानों को अपनी समस्याओं का समाधान अब केवल एक क्लिक पर उपलब्ध होगा। इस नई सुविधा के तहत किसान अपने मोबाइल फोन से 155261 नंबर डायल कर खेती से संबंधित किसी भी प्रश्न का उत्तर प्राप्त कर सकते हैं। एआई तकनीक के उपयोग से किसानों को मौसम, बीज, खाद, कीटनाशक और सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी तुरंत और सटीक रूप से मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि यह प्लेटफॉर्म किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर कृषि क्षेत्र को अधिक लाभकारी और उन्नत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी मदद मिलेगी।

## चिकित्सकों के लिए मददगार होगा एआई: पटेल

नई दिल्ली, वार्ता



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चिकित्सकों का स्थान लेने के लिए नहीं बल्कि उनकी सहायता के लिए है और इससे डॉक्टरों को जटिल मामलों और महत्वपूर्ण निर्णयों पर अधिक ध्यान देने का अवसर देगा।

श्रीमती पटेल ने मंगलवार को यहां भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के दौरान 'नवाचार से प्रभाव: सार्वजनिक स्वास्थ्य में बदलाव लाने वाली एआई' विषय पर एक सत्र में भाग लिया। इस सत्र में सार्वजनिक स्वास्थ्य में एआई की परिवर्तनकारी भूमिका और भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सशक्त बनाने में इसकी संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप 'भारत के लिए एआई केवल कृत्रिम बुद्धिमत्ता नहीं बल्कि सर्व-समावेशी बुद्धिमत्ता है।' उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई का मूल्यांकन केवल उन्नत एल्गोरिद्म के आधार पर नहीं, बल्कि इस आधार पर होना चाहिए कि यह तकनीक लोगों के जीवन को कितना प्रभावित करती है और स्वास्थ्य असमानताओं को किस हद तक कम करती है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। भारत की विशाल एवं विविध आबादी, ग्रामीण-शहरी अंतर तथा संक्रामक और असंक्रामक रोगों का दोहरा बोझ विशेष चुनौतियां प्रस्तुत करता है। ऐसे परिदृश्य में एआई एक अपरिहार्य सहायक बन जाती है। उन्होंने बताया कि एआई को रोग निगरानी, रोकथाम, निदान और उपचार सहित स्वास्थ्य सेवा की पूरी श्रृंखला में एकीकृत किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई चिकित्सकों का स्थान लेने के लिए नहीं, बल्कि उनकी सहायता के लिए है।

इससे डॉक्टरों को जटिल मामलों और महत्वपूर्ण नैदानिक निर्णयों पर अधिक ध्यान देने का अवसर मिलेगा। षचिकित्सा केवल विज्ञान नहीं, बल्कि एक कला भी है, जिसमें संवेदनशीलता और मानवीय स्पर्श की अहम भूमिका है। इस अवसर पर नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वी के पॉल ने कहा कि एआई भारत को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ाने का रणनीतिक अवसर प्रदान करता है।

# बहन ने भाई के पूरे परिवार के कत्ल की कहानी लिख डाली

## प्रेम संबंधों का विरोध करने पर भाभी को छुरी से गोदा, 4 साल की भतीजी का कत्ल कर पानी के टैंक में डुबोया

**■ दस साल का साद, आठ साल की सादिया, छह की जैनब भी जख्मी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्यार अंधा होता है और मोहब्बत का जुनून कभी कभी बड़ा ही संगीन रूप ले लेता है। यह बात तो अलग है, लेकिन अब यह भी हो गया है कि सच को सच कहना और बुरे को बुरा कहना मानो सबसे बड़ा अपराध हो गया है। इन प्यार-मोहब्बत के आगे रिश्ते-नाते और समाज के सभी संबंध फिके पड़ रहे है। महिला व युवतियां प्यार-मोहब्बत के जुनून में अपनों का ही कत्ल करने से पीछे नहीं हट रही।

सोमवार की देर रात या यूं कहा जाए कि मंगलवार की शुरूआत होते ही शाहपुर क्षेत्र के गांव बसी कलां में एक सनसनी खेज वारदात हुई। अभी तक पत्नियां पति और अन्य रिश्ते का कत्ल कर रही थी, लेकिन गांव बसी कला में तो प्रेम के जुनून में युवती ने अपनी सगी भतीजी के खून से हाथ रंग डाले, इतना ही नहीं मोहब्बत में जुनूनी हुई युवती ने प्रेम संबंधों का विरोध कर रही भाभी के भी कत्ल का प्रयास करते हुए उस पर छुरी से वार कर दिए। शायद अपने सगे भाई के पूरे खानदान को खत्म करने की उक्त युवती ने योजना बना डाली थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे एसएसपी और उनकी टीम ने महिला को जहां तुरंत ही जिला अस्पताल से मेरठ रैफर कराया तो वहीं लापता हुई चार वर्षीय मासूम इसरा बच्ची के शव को पानी के ड्रम से निकाला गया। कत्ल की इस सनसनी खेज की वारदात की कहानी लिखने वाली कोई ओर नहीं बल्कि यामीन की बेटी ही निकली। बताया जाता है कि माना पुलिस अफसरों के सामने गमगीन होने का नाटक करती रही, लेकिन उसका यह नाटक ज्यादा देर तक नहीं चल सका। मौके पर पहुंचे एसएसपी संजय कुमार वर्मा और उनकी टीम ने युवती के चेहरे को पढ़कर उसको अपनी हिरासत में ले लिया और भाभी और बच्ची के कत्ल करने का पूरा राज खोल डाला।

बताया जाता है कि बसी कलां की रहने वाले यामीन कुरैशी पशुओं का काराबार करते है, जबकि यामीन का बेटा इमरान बाहर रहकर कपडा का कारोबार करता है। घर पर उसकी पत्नी फिरदौस और मासूम बच्चे रहते है। सोमवार की रात पूरा परिवार सो गया था कि अचानक इस घर से चीखने चिल्लाने की आवाज जब आई तो डायल 112 के बाद शाहपुर पुलिस मौके पर पहुंची। इस समय यहां फिरदौस खुन से लथपथ अवस्था में पडी हुई थी और उसकी मासूम बच्ची गायब थी। पुलिस यहां का दृश्य देखकर समझ गई थी कि यहां कोई बड़ी वारदात हुई है। सूचना के कुछ देर बाद ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, एसपी देहात आदित्य बंसल, सीओ बुढ़ाना भी मौके पर पहुंच चुके थे। पुलिस ने जब ग्रामीणों व परिवार के लोगों से यह सुना कि मासूम बच्ची का किसी ने अपहरण कर लिया और उसकी मां फिरदौस के कत्ल का प्रयास किया गया। तो एसएसपी ने फिरदौस को अस्पताल भेजने के बाद बच्ची की तलाश शुरू की। पुलिस की कुछ टीम शाहपुर मार्ग पर पहुंची तो भारी पुलिस बल घर में ही बच्ची की तलाश में जुट गया। काफी समय बाद बच्ची का शव आंगन में रखे पानी के टैंक में तैरता हुआ मिला। यह दृश्य देखकर पुलिस भी तंग रह गई। पुलिस ने कुछ देर बाद ही इस मामले में यामीन की बेटी यानि के घायल फिरदौस की नंनद को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो सारी घटना खुलकर सामने आ गई। पुलिस ने सनसनी खेज वारदात को अंजाम देने वाली युवती को रात्रि में सलाखो में डाल दिया और मंगलवार को लिखापढ़ी के बाद उसको जेल भेज दिया गया।

## पूरे परिवार को नशीली गोलियां देकर खेला खूनी खेल

**मुजफ्फरनगर।** भाई के पूरे परिवार को खत्म करने की कहानी लिखने वाली माना का जब पुलिस ने राज खोला तो वह बड़ा ही चौकाने वाला था। घायल फिरदौस यानि के लडकी की भाभी ने आरोपी युवती का रिश्ता अपने ही परिवार के लोगों यानि के बुढ़ाना में कराया था। जैसा की सूत्रों का कहना है कि ईद के बाद खूनी खेल खेलने वाली युवती की शादी होनी थी। जैसा की गांव के लोग कह रहे है कि प्यार में अंधी हुई युवती का गांव केही युवक से प्रेम संबंध चल रहे थे, हालांकि उक्त करीब छह माह से चेन्नई में रह कर काम करता है, लेकिन फिरदौस को युवक से बात करना ठीक नहीं लगता था और वह अपनी ननंद माना को बीच-बीच में टोकती रहती थी। इतना हीं नहीं फिरदौस ने इस बारे में लड़की के पिता यामीन को यह बताया था कि वह फोन पर बात करती है जिसके बाद युवती से फोन छिन लिया गया था। शायद फोन छिनना ही फिरदौस के लिए गुनाह बन गया था। और देर रात माना ने अपने पूरे परिवार को खाने में नशीली गोलियां देकर बेहोश कर दिया और फिर खेला खूनी खेल। बताया जाता है कि जिस समय ग्रामीण घटना के बाद यामीन के घर पहुंचे तो यहां पर पूरा परिवार नशे की हालत में था। सूत्रों का कहना है कि पुलिस ने मौके से कुछ नशीली गोलियां और नशीले रैफर भी बरामद किए है। पुलिस ने खून से सनी पशु काटने वाले छूरी भी बरामद की है।

## फांसी पर लटककर युवती ने दे दी जान

**छपार।** एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर सीओ सदर डाक्टर रविशंकर मिश्रा व थाना पुलिस मौके पर पहुंची ओर फोरेंसिक टीम टीम को बुलाया गया उसके बाद शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव रेत्ता नगला निवासी राजकुमार की पुत्री 21वर्षीय शालू की सोमवार को शाम के समय मौत हो गई।

सीओ सदर छपार थाना पुलिस को लेकर गांव पहुंचे उन्होंने शव को पड़ा देखा और परिजनों से पूछताछ की परिजनों ने बताया कि उसकी मौत फांसी पर लटक कर हुई है ओर आनन फानन में उसके गले की रस्सी को उसकी मां ने काट दिया है। पुलिस को बात हजम नहीं हुई ओर फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। जांच के बाद ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवती के पिता की कई वर्ष पूर्व मौत हो चुकी घर पर मां, तीन भाई व एक बहन है।



मुजफ्फरनगर: शाहपुर के गांव बसीकलां में बच्ची की हत्या के बाद जांच करते एसएसपी।

## रमज़ान के आगाज पर इबादत में मश्गूल हुए अकीदतमंद

**■ आज से शुरू होंगी तराबीह, गुरूवार को होगा पहला रोजा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुकद्दस माहे रमजान का आगाज़ बुधवार से होने के साथ ही अकीदतमंद तराबीह के साथ इबादत में मश्गुल हो गए। रमजान माह का चांद बुधवार को नजर आने के साथ ही मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में चहल-पहल बढ़ गई और लोग गुरूवार को होने वाले पहले रोजे की तैयारी के लिए बाजारों में देखे गए रातभर मुस्लिम बाहुल्य में चहल-पहल नजर आई।

बुधवार को चांद नजर आने के साथ ही तराबीह शुरू हुई और माहे रमजान का आगाज हुआ।

गुरूवार को पहला रोजा होगा जिसके लिए अकीदतमंदों ने तैयारियां शुरू कर दी है। मस्जिदों में उलेमाओं ने खिताब करते हुए कहा कि रोजा अल्लाह की रजा के लिए है।

उन्होने कहा कि सिर्फ भूखे और प्यासे रहना ही रोजा नहीं है, बल्कि रोजा जो है हर-ऐक बुरी चीज से रोकता है।

उन्होने कहा कि रोजा सिर्फ जबान नहीं बल्कि इंसान के जिस्म के हर हिस्से का होता है। उलेमाओं ने कहा कि रोजा अल्लाह के लिए है इसलिए कोशिश करे कि रोजे हालत में बुरी चीजों से परहेज करें।



मुजफ्फरनगर: रमजान माह का आगाज......सहरी के लिए खजला व फैनी से सज गए बाजार।

## जौला के असलम राणा की राजस्थान में हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** गांव जौला के असलम राणा की राजस्थान राज्य में 3 लोगों ने चाकू घोंपकर निर्ममतापूर्वक तरीके से हत्या कर दी। इस घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गयी।

मंगलवार की देर रात शव गांव में आ गया था। बताया जाता है कि राजस्थान राज्य के जौधपुर जिले के महामंदिर कोतवाली क्षेॉ के भदवासिया ओवरब्रिज के नीचे बीती सोमवार की देर रात खाना लेने आए एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। तीनों हत्यारे मौके से फरार हो गए। जिनकी तलाश हो रही है। बाइक की चपेट में आए घायल पिल्ले को लेकर हुए विवाद ने तूल पकड़ा। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई।

फोन पर शाह टाइम्स को महामंदिर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह देवड़ा ने बताया कि बनाड़ रोड पर निजी अस्पताल के पीछे राजस्थान के निवासी 23 वर्षीय असलम पुत्र रिटायर्ड फौजी हसन अली की हत्या हुई है। हत्या करने में 3 युवक शामिल थे। इनमें से 2 की पहचान मदेरणा कॉलोनी निवासी आमिर व अशफाक के रुप में हुई। असलम व 2 अन्य युवक बनाड़ रोड पर सैलून की दुकान चलाते हैं। देर रात तीनों दो बाइकों पर खाना लेने भदवासिया ओवरब्रिज के नीचे स्थित एक कैटरिंग का काम करने वाले व्यक्ति की दुकान पर आए। दुकान पहुंचने से पहले भदवासिया ओवरब्रिज के नीचे 3 युवकों ने उन्हें रोका तो पास ही में एक पिल्ला घायल हालत में था। तीनों युवकों ने खाना लेने आए युवकों पर पिल्ले को बाइक से घायल करने का आरोप लगाया और इलाज के लिए रुपए मांगे लेकिन असलम ने बाइक से पिल्ले के चोट न आने से इंकार किया और इलाज के लिए रुपए देने से मना किया। तीनों युवक बाइक लेकर खाने वाली दुकान के आगे आए। तीनों युवक भी पीछे पीछे वहां आ गए और रुपए न देने पर झगड़ा करने लगे। तब असलम बाइक से नीचे उतरा तो आरोपी धक्का मुक्की करने लगे। इस दौरान एक युवक ने चाकू निकालकर असलम के सीने में मार दिया। चाकू दिल पर लगा और खून बहने लगा ये देख आरोपी भाग गए। साथी युवकों ने खून से लथपथ घायल को संभाला और पावटा जिला अस्पताल लेकर आए। उसे मथुरादास माथुर अस्पताल रैफर किया गया। जहां डॉक्टरों ने असलम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजन व मिलने वालों को सूचित किया। पुलिस वारदातस्थल पर पहुंची और लोगों व सीसीटीवी कैमरों के फुटेज से हत्यारों की पहचान व पकड़ने के प्रयास शुरु कर दिए। 3 में से 2 की पहचान अशफाक व आमिर के रुप में हुई। इनके घरों पर छापे मारे गये लेकिन वे नहीं मिल पाए। देर रात गांव जौला में मृतक का शव आ गया था और पूरे गांव में शोक व्याप्त था।

## ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. दानिश ने इंटरनेशनल स्कीट शूटिंग में जीता गोल्ड मेडल

### अबू धाबी में आयोजित हुए इंटरनेशनल ओपन मास्टर्स गेम्स में साधे निशाने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** नगर के आर्थोपेडिक सर्जन डॉ दानिश खान ने अबू धाबी में आयोजित इंटरनेशनल ओपन शूटिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर देश को गौरवान्वित कराया है। गत 10 से 15 फरवरी के बीच आयोजित हुई शूटिंग प्रतियोगिता में डॉ दानिश खान ने 125 में से 113 अंक प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की। उन्हें स्कीट मास्टर्स शूटिंग चैंपियन के खिताब से नवाजा गया। अबू धाबी से लौटे ऑर्थोपेडिक सर्जन ने खिताब को राष्ट्र के नाम समर्पित करते हुए कहा कि यह उनके मुल्क की मिटी



और यहां की आब ओ हवा का परिणाम। कहा की उन्हें परिश्रम कर चैंपियन बनने की प्रेरणा देश के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति से मिली है। डॉ दानिश खान ने बताया कि अबू धाबी में इंटरनेशनल मास्टर्स गेम्स संगठन की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों से संबंधित 92 देश के 25 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया। उन्होंने बताया कि स्कीट शूटिंग चैंपियनशिप में द्वितीय स्थान दिल्ली के हम्माद ने हासिल किया। जबकि ब्रॉन्ज मेडल यूएई के खिलाड़ी ने लिया।

**एक साल पहले 67वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप पर जमाया था कब्जा:** डॉ. दानिश खान ने 1 वर्ष पहले दिल्ली के डॉक्टर करणी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित बताया शॉटगन प्रतियोगिता में भी गोल्ड मेडल जीता था। बताया कि गोल्ड मेडल हासिल करना उस समय उनके लिए एक सपने के पूरे होने जैसा था। वह उससे पहले पिछले 19 वर्षो से राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में भाग ले रहे थे।गोल्ड मेडल विजेता डॉक्टर दानिश खान ने बताया कि वह रोज अपने क्लीनिक के बाद दिल्ली में प्रैक्टिस करने जाते थे और फिर 12 बजे के बाद मुज़फ्फर नगर वापस आकर मरीजों को भी देखते थे। उन्होंने कहा कि अगर आप मेहनत करने के लिए और कुर्बानी देने के लिए तैयार है तो आप जो सोच सकते हैं वह कर भी सकते हैं।

**शूटिंग के प्रति जुनून का सफर:** डॉ. दानिश ने इंटरनेशनल प्रतियोगिता में जीते गोल्ड मेडल को अपने देश और परिवार के प्रति समर्पित किया। उन्होंने बताया, मेरे मामू और मामू के बेटे ने मुझे शूटिंग का शौक दिया था। मुझे यह शौक मेरे ननिहाल से लगा और उन्होंने ही मुझे गन चलाने की शुरुआत सिखाई। डॉ. दानिश का मानना है कि यदि किसी काम को करने की इच्छा और समर्पण हो, तो वह काम जरूर हासिल किया जा।

## महिलाओं ने सीडीओ को दिया शिकायती पत्र

**■ लोन दिलाने के नाम पर रिश्वत लेने का आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विकास भवन में बैठे कुछ कर्मचारी भी भ्रष्टाचारी का खेल खेल रहे है ऐसा आरोप खतौली से विकास भवन पहुंची कुछ महिलाओं ने मुख्य विकास अधिकारी को एक शिकायती पत्र देकर लगाए है। महिलाओं का आरोप है कि लोन दिलाने के नाम पर उनसे तीन-तीन हजार रूपये लिए गए थे, लेकिन दस महीने बीतने के बाद भी उनको विभाग के चक्कर काटने पड रहे है।

मंगलवार की सवेरे दो महिलाएं विकास भवन पहुंची और उन्होने मुख्य विकास अधिकारी के नाम एक पत्र लिखा जिसमें आरोप लगाया गया है कि उनसे लोन दिलाने के नाम पर तीन-तीन हजार रूपये लिए गए थे। खतौली की महिलाओं ने बताया कि 15-20 लोगों से तीन-तीन हजार रूपये लिए गए और अभी तक भी उनको लोन नहीं मिला। महिलाओं ने दिएगए आरोप पत्र में कर्मचारी के नाम का खुलासा करते हुए बताया कि वह दस माह से चक्कर काट रहे है, लेकिन उनको लोन नहीं दिया गया। पीड़ितों का कहना है कि सुंबंल, रबिया, सायरा बेगम, अमीना, मुद्स्सीर, अफजल, खुर्शीदा आदि से पैसे लिए गए थे, लेकिन जब वह उक्त कर्मचारी से आकर मिलते है तो उन्हे कोई ना कोई बहाना बनाकर चलता कर दिया जाता है।



मुजफ्फरनगर: स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रदर्शन करते भाकियू सर्वधर्म कार्यकर्ता।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में भाकियू सर्वधर्म कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन सर्वधर्म कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रदर्शन करते हुए स्मार्ट बिजली मीटर के विरोध में हुंकार भरी।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर स्मार्ट मीटर प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की। यहां इस्लाम, मैराज जहां, सहरावत अली सहित दर्जनों लोगों ने कहा कि क्षेत्र में लगाए जा रहे स्मार्ट बिजली मीटरों को लेकर आम जनता में असंतोष और भय का माहौल है। किसानों, मजदूरों और मध्यम वर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ने की आशंका जताई गई है। कई स्थानों से शिकायतें मिल रही हैं कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल अनियंत्रित रूप से बढ़ रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पदाधिकारियों का आरोप है कि पारंपरिक मीटरों की तुलना में स्मार्ट मीटर पारदर्शिता के बजाय शोषण का माध्यम बनते जा रहे हैं। उनका कहना है कि बिना जनसहमति और पर्याप्त जागरूकता के इस व्यवस्था को लागू करना सामाजिक न्याय के खिलाफ है।

संगठन ने मांग की है कि स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए, प्राप्त शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराई। जाए तथा पूर्ण पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित होने तक योजना को स्थगित रखा जाए। किसान यूनियन ने कहा कि यह निर्णय लाखों नागरिकों के जीवन को प्रभावित करता है, इसलिए जनहित को प्राथमिकता देते हुए संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर जबरन उपभोक्ताओं पर थोपकर निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

यदि इस प्रक्रिया पर रोक नहीं लगी तो आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं शुरू, यूपी बोर्ड एग्जाम आज से

**■ दसवीं की गणित विषय की परीक्षा हुई सम्पन्न**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की बोर्ड परीक्षाएं मंगलवार को शुरू हो गईं। जिले के 26 परीक्षा केन्द्रों पर सुबह 10:30 बजे परीक्षा प्रारंभ हुई। आज दसवीं कक्षा के परीक्षार्थियों ने गणित विषय और 12वीं के छात्र-छात्राएं वैकल्पिक विषयों की परीक्षा थी। इस दौरान परीक्षा केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

प्रवेश द्वार पर जांच के बाद ही छात्रों को अंदर जाने दिया गया। सीसीटीवी निगरानी और उड़नदस्ता टीमों की तैनाती से नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। अभिभावक भी बच्चों का



उत्साह बढ़ाने के लिए बाहर इंतजार करते नजर आए। प्रशासन ने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को दिशा-निर्देश जारी कर पारदर्शी और सुव्यवस्थित परीक्षा कराने के निर्देश दिए हैं। परीक्षा केंद्रों में गहन तलाशी के बाद। ही प्रवेश दिया गया।

दूसरी और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं भी कल (आज) से शुरू हो रही है, आज केंद्रीय व्यवस्थापकों को बोर्ड परीक्षा से संबंधित जरूरी सामग्री उपलब्ध कराई गई तथा इंटर कॉलेज में स्थापित सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए साथ ही निर्देश दिए गए कि किसी भी भारी व्यक्ति को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश न दिया जाए।

## काजियान कॉलोनी में मासूम को ले जाने की कोशिश

### पुलिस ने दो युवकों को लिया हिरासत में गिरोह की आशंका पर जांच तेज

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मंगलवार को काजियान कॉलोनी में उस समय सनसनी फैल गई, जब घर के बाहर खेल रहे एक मासूम बच्चे को दो नशे में धुत युवकों ने कथित रूप से खींचकर ले जाने का प्रयास किया। बच्चे के शोर मचाते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों युवकों को पकड़ लिया। गुस्साए लोगों ने उनकी पिटाई कर दी, जिसके बाद सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया। मोहल्ला निवासी सराफत अली का पुत्र अरहम अली घर के बाहर खेल रहा था। आरोप है कि इसी दौरान दो युवक कॉलोनी में पहुंचे और बच्चे को पकड़कर खींचने लगे। बच्चे के चीखने की आवाज सुनकर परिजन व आसपास के लोग दौड़ पड़े। लोगों ने



तत्परता दिखाते हुए दोनों युवकों को दबोच लिया, जिससे कॉलोनी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को अपने साथ थाने ले गई।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच में पकड़े गए युवक किसी संगठित बच्चा चोर गिरोह के सदस्य प्रतीत नहीं हो रहे हैं। पूछताछ में सामने आया है कि दोनों युवक कथित रूप से कूड़ा बीनने का काम करते हैं और नशे के आदी बताए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। घटना के बाद क्षेत्र में बच्चा चोर गिरोह की चर्चाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है, खासकर आसपास के जिलों में फैली अफवाहों के चलते दहशत का माहौल है। पुलिस ने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना देने की अपील की है।

# शुकतीर्थ में हरनंदगिरी नागा बाबा का निधन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ दत्तात्रेय आश्रम एवं मंदिर के महंत हरनंदगिरी नागा बाबा का मंगलवार की सुबह निधन हो गया। सूचना पर नगरी के साधु-संत में शोक छा गया और आश्रम में आश्रम में पहुंच गए। जिसके बाद विधि-विधान से उनके शरीर को आश्रम में ही भू-समाधि दी गई।

सेवक कार्तिक गिरी ने बताया कि 82 वर्षीय नागा बाबा हरनंद. गिरी महाराज दो माह से बीमार चल रहे थे, मंगलवार की सुबह जब वह बिस्तर से नही उठे, तो उसने तथा आश्रम में ढाई वर्षीय बेटे शुकदेव गिरी के साथ रह रही मध्य प्रदेश की प्रिया देवी ने जाकर देखा तो ब्रहमलीन हो गए। सूचना पर नगरी के विचारानंद उर्फ छोटू महाराज, बाबा रामगिरी महाराज, रत्नगिरी महाराज, बालकदास, चौनदेव महाराज, भरतदास, चंद्रमा ब्रहमचारी, जयदेव, जगत गिरी अनेक साधु-संत आश्रम में पहुंच गए, वही बाबा के गांव जामनी से उनके भाई सत्यवान, बालकिशन, भाभी कमलेश, भतीजे सोमदत्त, पवन, हिराज समेत अनेक लोग पहुंच गए और विधि-विधान से उनके शरीर को भू-समाधि दी गई। बाबा के भाई सत्यवान ने बताया कि उनके भाई ने 19 वर्ष की आयु में घर छोड दिया था और हरिद्वार गुरु नाबा बाबा नैनगिरी महाराज से सन्यास दीक्षा ली, करीब 35 साल पहले वह तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में आए गए जहां पर इन्होंने दत्तात्रेय आश्रम बनाया, जिसमें त्तात्रेय मंदिर की स्थापना की।

## रसोई माताओं ने वेतन वृद्धि को किया प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में मध्याह्न भोजन तैयार करने वाली रसोई माताओं ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर वेतन भुगतान में देरी और मानदेय बढ़ाए जाने की मांग उठाई।

इस दौरान उर्मिला, रेनू, मनीषा, विद्यावति, मिथलेश, सुनीता, कमलेश, गीता, प्रिया, संगीता, चन्द्रकली, सुमन, पुष्पा आदि ने जिलाधिकारी के नाम शासन को भेजे गए ज्ञापन में अवगत कराया कि जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत भोजनमाताओं को वर्ष में 12 माह के स्थान पर केवल 10 माह का ही वेतन दिया जाता है। वर्तमान में उन्हें मात्र 2,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय मिल रहा है, जो परिवार के भरण-पोषण के लिए अत्यंत अपर्याप्त है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि सरकार द्वारा समय पर वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। कई भोजन माताओं का आठ माह का वेतन अभी तक बकाया है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति गंभीर हो गई है।

## सम्मोहन का झांसा, महिला से कुंडल ठगे

**खतौली।** कस्बे में सक्रिय ठगों ने दिनदहाड़े घंटाघर के पास एक महिला को झांसे में लेकर उसके कानों के कुंडल ठग लिए। घटना के बाद बाजार क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। जमुनाविहार निवासी निशा जैन पत्नी दीपक जैन घर से अपनी दुकान पर जा रही थीं। जैसे ही वह घंटाघर के समीप पहुंचीं, रास्ते में खड़े दो-तीन अज्ञात लोगों ने उन्हें बातचीत में उलझा लिया। आरोप है कि ठगों ने खुद को जानकार बताकर महिला को अपने प्रभाव में ले लिया और बातों-बातों में कानों से कुंडल उतरवा लिए। कुछ ही देर बाद महिला को ठगी का अहसास हुआ तो आरोपित मौके से फरार हो चुके थे। पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर अज्ञात ठगों के खिलाफ तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्धों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। लगातार बढ़ रही ठगी की घटनाओं से व्यापारी वर्ग व राहगीरों में असुरक्षा की भावना है। स्थानीय लोगों ने बाजार क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने और सक्रिय गिरोह के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की ।

# 80 ग्राम पंचायतों में बनेगी डिजिटल लाईब्रेरी : रेणु



**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के विकास भवन स्थित जिला पंचायत राज कार्यालय में जिला पंचायत राज अधिकारी रेणु सक्सेना ने आज जानकारी देते हुए बताया कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जाएंगी पहले चरण में 80 ग्राम पंचायतो को चुना गया है।जिससे ग्रामीण क्षेत्र के स्टूडेंट्स भी कंपीटिशन क्वालीफाई कर सकेंगे और उन्हें ग्राम में डिजिटल लाइब्रेरी में हर सुविधा पढ़ने की मिल सकेगी।

## ब्रेन हेमरेज से पूर्व कार्यवाहक प्रधान की मौत

**बुढ़ाना।** गांव जौला के पूर्व कार्यवाहक प्रधान पंडित अमित शर्मा का ब्रेन हेम. रेज के चलते निधन हो गया। उनके शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिवार और गांव में भारी शोक व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार गांव जौला के कार्यवाहक प्रधान पंडित अमित कुमार शर्मा की बीते दिन अचानक से दिमाग की नस फट गयी थी। तब उन्हें आनन फानन में गांव के एक चिकित्सक को दिखाया था। गंभीर हालत में उन्हें मेरठ रैफर कर दिया गया था। जहां मंगलवार के दिन उनका मेरठ के एक निजी हस्पताल में उपचार के चलते निधन हो गया। उनके करीबी जिशान अहमद ने बताया कि दो दिन पहले ही उनको ब्रेन हेमरेज हो गया। आज उनका देहांत हो गया। वे ग्राम जौला प्रधान के निलंबन के बाद डीएम के द्वारा गठित कमैटी के अध्यक्ष बना दिए गये थे। वे ग्राम प्रधान का कार्यभार कार्यवाहक के रुप में संभाल रहे थे। कुछ दिनों बाद वे हटा दिए गये थे। मंगलवार की देर शाम उनके शव गांव जौला में आया तो परिजनों में चीख पुकार मच गयी। वे लगभग 36 वर्ष के बताए गये हैं। उनका अंतिम संस्कार सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में नम आंखों से कर दिया गया है। परिजनों में कोहराम मचा है और पूरे गांव जौला में भारी शोक व्याप्त है।

## चीतल फ्लाईओवर के नीचे मिला बुजुर्ग का शव, पहचान न होने से बढ़ी रहस्य की परतें

**खतौली।** खतौली के भंगेला चौकी क्षेत्र में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब चीतल कट के पास सर्विस रोड पर चीतल फ्लाईओवर के नीचे एक अज्ञात बुजुर्ग का शव पड़ा मिला। सुबह राहगीरों ने सड़क किनारे शव देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया। आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 60 से 65 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। प्रारंभिक जांच में वह मानसिक रूप से अस्वस्थ लग रहा है। फिलहाल पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही आसपास के थानों को भी सूचना देकर शिनाख्त के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। घटना के बाद इलाके में चर्चाओं का दौर जारी है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच में जुटी हुई है।

## फायरिंग करने वाले दोनों युवक हुए नामजद

**बुढ़ाना।** जिन दो युवकों ने बीती शाम एक अन्य युवक पर हत्या करने की नीयत दो फायर किए थे उन दोनों हमलावरों की बुढ़ाना पुलिस की जांच में पहचान हो गयी है। पुलिस ने दोनों हमलावरों के खिलाफ पीड़ित युवक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए दोनों हमलावरों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिए हैं। बाल बाल बचे युवक की दोनों हमलावरों से क्या रंजिश है इसकी भी बुढाना पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी है। पीड़ित ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। मिली जानक. ारी के अनुसार दानिश पुत्र मोबीन निवासी मंदवाडा रोड सफीपुर पटी ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 16 फरवरी को वह बाजार से मेडिकल स्टोर से दवा लेकर अपने घर सफीपुर पटी जा रहा था। जब वह प्रिंस स्कूल मंदवाड़ा रोड के पास आया तो तभी सामने से स्पलेंडर मोटर साइकिल से आमिर पुत्र लियाकत और समद पुत्र शमीम निवासीगण मंदवाड़ा रोड बुढ़ाना आए। उस समय शाम के लगभग साढ़े 04 बजे थे। तब उन्होंने मेरे ऊपर जान से मारने की नीयत से तमंचे से 2 फायर किए। जिसमें वह बाल बाल बच गया और मौके से भागकर अपनी जान बचाई। दानिश ने दोनों हमलावरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग बुढ़ाना पुलिस से की है। वहीं पुलिस ने दोनों हमलावरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरु कर दी है।

## अमजद के एनकाऊंटर की मजिस्ट्रियल जांच करेंगे एसडीएम

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढाना क्षेत्र के अन्तर्गत विगत दिवस एक पुलिस मुठभेड में एक बदमाश की मृत्यु हो जाने की घटना की मजिस्ट्रीयल जॉच के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट बुढाना कृष्णकांत विश्वकर्मा को नामित किया गया है। इस संबंध में उप जिला मजिस्ट्रेट बुढाना कृष्णकान्त विश्वकर्मा ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अर्न्तगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुजफ्फरनगर के पत्र के क्रम में 50 हजार रुपये के ईनामी अपराधी अमजद पुत्र जिलेदीन निवासी ग्राम हरसौली थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर की बीती 12 फरवरी को बुढाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक पुलिस मुठभेड में मृत्यु हो जाने की घटना की मजिस्ट्रीयल जांच के लिए उनको नामित किया गया है। यदि घटना का चश्मदीद कोई व्यक्ति, जन साधारण, सभासद और ग्राम प्रधान इत्यादि अपना लिखित या फिर मौखिक बयान जानकारी उक्त घटना के सम्बन्ध में देना चाहता है तो वह आगामी 23 फरवरी तक किसी भी कार्य दिवस में मेरे बुढ़ाना तहसील परिसर मे स्थित न्यायालय कार्यालय में उपस्थित होकर दे सकते हैं।

## शिक्षा प्रेमी के निधन से क्षेत्र मे दौड़ी शोक की लहर

**चरथावल।** शिक्षा प्रेमी और सामाजिक कार्यों मे हमेशा बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले ब्रहाप्रकाश गर्ग के निधन से परिवार सहित क्षेत्र मे शोक की लहर दौड़ गयीस ब्रहाप्रकाश गर्ग पुरे जीवन शिक्षा से जुड़े रहे और वैश्य समाज की शिक्षण संस्थाओ के प्रबंध समिति के लम्बे समय तक पदाधिकारी रहे उनकी जीवन शैली ऐसी थी मानो उन्हें नगर सहित देहात का बच्चा बच्चा जानता हो वह वर्तमान मे भी महाराजा अग्रसेन कन्या पीजी कालेज के अध्यक्ष पद को सुशोभित कर रहे थेस शिक्षा के प्रति उनका अलग ही लगाव था उनके निधन से अनेको शिक्षण संस्थाओ मे शोक व्यक्त कर दो मिनट का मोन धारण किया गया चेयरमेन मास्टर इस्लाम,अभिषेक बंशल, आदेस गर्ग, मनीष गर्ग, राजेश गर्ग, कुशलपाल त्यागी, विकास त्यागी,नवीन गर्ग, अनुज गर्ग भूरा,अध्यक्ष व्यापार मंडल सहित अने. को ने शोक व्यक्त किया है।

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र स. बी-2022: 9- 90020-005522 में गलती से मेरी पत्नी का नाम रजनी दर्ज हो गया था, जबकि सही नाम रजनी गुप्ता है व संशोधन हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

**निवेदक**
**नितिन बंसल पुत्र ओमप्रकाश बंसल निवासी आदर्श कालोनी निकट शिव मन्दिर सरवट मुजफ्फरनगर**
**मो. न.8868045752**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र शादाब व उसकी पत्नि शाहाना मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है तथा गलत संगत में उठते बैठते है। इस कारण मैने अपने पुत्र शादाब व उसकी पत्नि शाहाना को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा मैने व मेरे परिवार ने इन दोनों से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। आज के बाद इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**श्रीमति समर जहां पत्नि स्व. सरताज निवासी मौहल्ला मिट्ठूलाल कस्बा व थाना खतौली जिला-मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र नईम व उसकी पत्नी मेहरूनिशा मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है। आये दिन मेरे व मेरे परिवार के साथ गाली-गलौच व दुर्व्यवहार करते रहते है। इस कारण मैने अपने पुत्र नईम व उसकी पत्नी मेहरूनिशा को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा मैने व मेरे परिवार ने इन दोनों से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। आज के बाद इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**मुर्सलीम पुत्र सरीफ अहमद निवासी म.न.497, केवलपुरी-3 मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरी पुत्री कृतिका सिंह के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम संदीप सिंह लिखा गया है जबकि मेरे सभी प्रमाण पत्रों में संदीप कुमार पुण्डीर है जबकि संदीप सिंह गलत है संदीप कुमार पुण्डीर सही है। संदीप सिंह व संदीप कुमार पुण्डीर दोनो मेरे ही नाम है अलग अलग व्यक्तियो के नहीं है भविष्य में उक्त नामो की बाबत पूर्ण रूप से जिम्मेदारी मेरी रहेगी।

**संदीप कुमार पुण्डीर पुत्र स्व. बलबीर सिंह पुण्डीर निवासी 106 /97 पश्चिमी गऊशाला नदी रोड थाना कोतवाली नगर जिला मुजफ्फरनगर**

# पूर्व विधायक ने भनवाड़ा में चलाया सदस्यता अभियान



**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव हुसैनाबाद भनवाड़ा में मंगलवार के दिन बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और आजाद समाज पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी नवाजिश आलम खान ने आजाद समाज पार्टी के सदस्यता समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए सभी सैंकड़ों ग्रामीणों से आजाद समाज पार्टी से जुड़ने को कहा। जिस पर समारोह में मौजूद सभी सैंकड़ों ग्रामीणों ने अपने दोनों हाथों को उठाकर आजाद समाज पार्टी में आस्था जताई और आजाद समाज पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण करते हुए पार्टी के सांसद चंद्रशेखर आजाद के हाथों को मजबूत करने का दृढ़ संकल्प लिया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष दिनेश बावरा, प्रदेश सचिव शाहवेज अहमद, विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के अध्यक्ष गुलशन कुमार, मेहताब राणा, अमित राणा, सलीम अहमद, अतीक अहमद, मौहम्मद शमी, डॉक्टर रिफाकत अली, बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व सभासद राशिद अज़ीम, अरशद अहमद, बशीर अहमद डीलर, सलीम अहमद टौढा और वसीम अहमद सहित अन्य कई ग्रामवा. सियों की भी मौजूदगी रही। इस दौरान पूर्व विधायक नवाजिश आलम खान ने डोर टू डोर भी जनसंपर्क कर सभी से आजाद समाज पार्टी में शामिल होने का आग्रह किया।

# जातियों में न बंटने और जनसंख्या बढ़ाने का विराट सम्मेलन में लिया संकल्प




**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में मंगलवार को मुजफ्फरनगर के जैन औषधालय, प्रेमपुरी में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया! सम्मेलन में वक्ताओं द्वारा हिंदू समाज की एकता पर बल देते हुए जनसंख्या बढ़ाने और जातियों में न बंटने का संकल्प दिलाया गया! इस दौरान संघ के श्पंच परिवर्तन सहित इतिहास और उद्देश्यों पर भी विस्तृत प्रकाश डाला गया।

सम्मेलन का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा की संघ के कारण ही आज हम हिंदू होने पर गर्व कर सकते हैं यदि संघ ना होता तो तिलक और जनेऊ का सम्मान नहीं बचता। उन्होंने सामाजिक कुरी. तियों पर प्रहार करते हुए कहा कि छुआछुत से हिंदू समाज को नुकसान हो रहा है। पीठाधीश्वर योग आश्रम बघरा स्वामी श्री यशवीर जी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि मुसलमानों द्वारा अनेक प्रकार के जिहाद चलाए जा रहे हैं अब भिक्षा जिहाद भी सामने आया है इसमें कुछ लोग पहचान बदलकर हिंदुओं को ठगने का काम कर रहे हैं। उन्होने हिंदुओं को अपनी जनसंख्या बढ़ाने का आहवान किया! उन्होने अपने संबोधन में कहा कि धर्म के आधार पर पहले ही भारत 1947 में बंट चुका है। कुछ लोग धर्म के आधार पर पहले ही पाकिस्तान ले चुके है अब भारत केवल राम ख्रष्ण का देश है हिन्दू ही भारत के मूल निवासी है।जिला प्रचारक श्री निपेंद्र जी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का एकमात्र ऐसा संगठन है जो 100 वर्ष बाद भी पूर्ण रूप से सक्रिय है और अनुशासित है! उन्होंने समाज की एकता पर बल देते हुए कहा कि समाज की एकता के द्वारा ही आज राम मंदिर का निर्माण संभव हो पाया है तथा आए हुए हजारों व्यक्तियों को पंच परिवर्तन पर चलकर समाज निर्माण का संकल्प दिलवाया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सरस्वती शिशु मन्दिर एवं एस एस डी पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए! हरिनाम संकीर्तन के गायकों ने बहुत ही सुंदर भजन गाकर सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया वेदांशी जी एड द्वारा वंदे मातरम का पाठन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश कौशिक जी ने जबकि संचालन अनिल तायल जी एवं सीताराम जी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की व्यवस्था में मुख्य रूप से अशोक जी, मनोज गर्ग, संजय गर्ग, योगेश मित्तल, दीपक मित्तल,शलभ गर्ग, निशांत भटनागर, राजीव चंदा, सुशील प्रजापति, नरेन्द्र वर्मा, संजय मित्तल, शिवम तायल एड, डॉ अनुज पचीसिया, वैभव गुप्ता, मनोज गोयल, सचिन सैनी, उत्कर्ष गर्ग, रोहित जैन, सचिन कुमार, जयवीर सिंह, दिनेश बंसल, अभिलक्ष मित्तल, राजीव शर्मा, बीना त्यागी, कुसुम, दुलारी मित्तल, अमित तिवारी आदि उपस्थित रहे

## टिकौला मिल ने किया 16:38 का गन्ना भुगतान

**मीरापुर।** टिकौला चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष हिमांशु कुमार मंगलम ने बताया कि 10 फरवरी से 12 फरवरी तक खरीदे गये गन्ने का भुगतान किसानो के खातो में भेज दिया गया है। मिल से सम्बंधित किसान अपना भुगतान बैंका/सोसायटी से प्राप्त कर लें।

## नपं अध्यक्षा प्रतिनिधि ने लिया निर्माण कार्यों का जायजा

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड नंबर 14 में बुढ़ाना नगर पंचायत की अध्यक्षा श्रीमति उमा त्यागी कौशल के दिशा निर्देशन में सड़क निर्माण का विकास कार्य तेज गति से चल रहा है। मंगलवार की देर शाम तक विकास कार्य चला। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना नगर पंचायत की अध्यक्षा उमा त्यागी के दिशा निर्देश पर उनके प्रतिनिधि के रूप में अभिनव त्यागी, सज्जाद कुरैशी और जमाल कुरैशी आदि ने मौके पर पहुंचकर हो रहे विकास कार्य का बारीकी से जायजा लिया और स्थानीय लोगों से भी बातचीत की। स्थानीय लोगों ने बेहतर सड़क निर्माण कार्य के लिए अध्यक्षा उमा त्यागी का आभार भी प्रकट किया है। आज बुधवार तक यह कार्य पूर्ण होने की पूरी संभावना है। स्थानीय लोगों ने कहा कि हमारी मांग पर चेयरपर्सन ने सड़क निर्माण कराते हुए पूरे मोहल्ले को बड़ी सौगात देने का काम किया है। उधर चेयरपर्सन उमा त्यागी का कहना है कि इस बात का पूरा ध्यान रखा जा रहा है कि बेहतर तरीके से सभी कार्य हों। जल्द ही कस्बे में नए विकास कार्य भी शुरू होने वाले हैं।

# छात्रों ने 62 यूनिट रक्त एकत्रित किया



**मुजफ्फरनगर।** चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (डिग्री विंग) छात्र कल्याण सेल ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

शिविर का उद्घाटन कालेज के प्राचार्य डॉ. एम.एस. गुजराल, छात्र कल्याण के प्रभारी प्रोफेसर डॉ. डीएस. सैनी और सहायक प्राफेसर एवं छात्र परिषद के अध्यक्ष डॉ. गुलशन गोयल ने किया। शिविर समन्वयक डॉ. गुलशन गोयल और छात्रों की टीम लीडर एवं मुजफ्फरनगर की होनहार छात्रा रवीना मित्तल, यशस्वी बराड़ और गर्व सादी ने इस आयोजन के प्रबंधन और आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रक्तदान के लिए 100 से अधिक छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने पंजीकरण कराया, जिसमें से जीएमसीएच-32 की टीम द्वारा कुल 62 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

# आरजी पब्लिक स्कूल में लगाई गई विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** बेहड़ा सादात मे मोरना -जानसठ मार्ग पर स्थित आर. जी. पब्लिक स्कूल मे छात्र छात्राओं द्वारा बनाये गये विज्ञान मॉडल की प्रदर्शनी लगाई गयी।जिसमें कक्षा यूकेजी से कक्षा 12 के छात्रॅ छात्राओं ने भाग लिया। प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं ने पर्यावरण प्रदूषण, स्मोक प्यूरिफायर, वॉटर कनजरवेशन, वॉटर टैंक वेकेन्ट अलार्म, ऐडवांस सोलर चार्जर आदि विषयों पर सुन्दर मॉडल प्रदर्शित किये।

प्रदर्शनी का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद छात्राओं ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मुख्य अतिथि प्रबन्धक रमेशचन्द ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी में प्रदर्शित मॉडल पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ती है और व ऊर्जा जैसे वैश्विक मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। प्रधानाचार्या बबीता कौशिक ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में वैज्ञानिक सोच विकसित करते हैं और ऊर्जा के संदेश को घर-घर पहुंचाते हैं। समापन पर निर्णायक मंडल के द्वारा कक्षा 5 के अब्दुस्समी, अर्निक कौशिक, अशद व अभिमन्यु द्वारा बनाया गया आर्मी बेस कैम्प मॉडल को प्रथम, कक्षा 11 की क्रिस्टी व वैष्णवी द्वारा बनाया गया हयूमैन इवोल्यूशन मॉडल को द्वितीय व कक्षा 9 की अवनी पंवार व सोफिया द्वारा बनाया गया डेली कैपिटेल हैरिटेज को तृतीय पुरूस्कार से सम्मानित किया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण प्रदूषण, स्मोक प्यूरिफायर, वॉटर कनजरवेशन, वॉटर टेंक वेकेन्ट अलार्म, एडवांस सोलर चार्जर, वॉलकैनो, वाटर साइकिल, सोलर पॉवर, सोलर सिस्टम, इलैक्ट्रिक बजर, वॉटर मैनेजमैन्ट, वाटर डिस्पेन्सर, फोटो सिन्थेसिस, न्यूक्लियर प्लांट, डस्टबिन, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग आदि के मॉडल प्रदर्शित किये गये।

# तरंग' में दिखी युवा प्रतिभा की चमक, आर्मी नाटक रहा सर्वश्रेष्ठ

## वाणिज्य विभाग के सांस्कृतिक समारोह में रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** श्री कुन्द कुन्द जैन (पी.जी.) कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक समारोह 'तरंग' में छात्र-छात्राओं की प्रतिभा खुलकर सामने आई। नृत्य, नाट्य और रैम्पवॉक की आकर्षक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में समां बांध दिया। सामाजिक सरोक. ारों से जुड़ी नाटिकाओं ने दर्शकों को भावुक भी किया और सोचने पर मजबूर भी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. अर्पण जैन (मानसिक रोग विशेषज्ञ, मुजफ्फरनगर), समारोह गौरव अमित चौधरी (ब्लॉक प्रमुख, सदर), अति. विशिष्ट अतिथि राजू अहलावत (जिलाध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा) तथा प्रबंध समिति अध्यक्ष योगेश चंद जैन ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अतिथियों का स्वागत बुके, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत जैन मंगलाचरण पर आधारित मनमोहक नृत्य से हुई। इसके बाद 'वृद्धाश्रम' विषय पर प्रस्तुत नाटिका ने आधुनिक दौर में माता-पिता की उपेक्षा जैसे संवेदनशील विषय को प्रभावी ढंग से मंचित कर दर्शकों की आंखें नम कर दीं। वहीं 'द्रौपदी चीरहरण' पर आधारित प्रस्तुति ने पौराणिक प्रसंग को जीवंत कर दिया। आर्मी नाटक में 14 फरवरी 2019 को हुए पुलवामा व पहलगाम हमलों में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। भावनात्मक प्रस्तुति के चलते इसे सर्वश्रेष्ठ नाटक घोषित किया गया। पंजाबी और फिल्मी गीतों पर विद्यार्थियों ने शानदार नृत्य प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं। गोविंदा के गीतों पर अरीबा और सुनिष्ठा की प्रस्तुति तथा पूनम, निधि और मदीहा के पंजाबी डांस को खूब सराहना मिली। रैम्पवॉक प्रतियोगिता में यश को 'मिस्टर कॉमर्स' और बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा हिमानी को 'मिस कॉमर्स' चुना गया। मोहित और निधि रनरअप रहे। विभाग के पुरातन छात्रों को भी उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। मंच संचालन




डॉ. संजीव कुमार, गौरी और प्राची ने संयुक्त रूप से किया। निर्णायक मंडल में डॉ. आशा जैन और बबीता जैन शामिल रहीं। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ एवं विभागाध्यक्ष डॉ. शिवानी चौधरी ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## युवा पुत्र के असामयिक निधन पर उमड़ा जनसैलाब
# पूर्व विधायक रामपाल सैनी के आवास पर नेताओं ने जताई संवेदना

**■ अल्पायु में पुत्र के निधन से क्षेत्र में दुख की लहर**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** पूर्व विधायक स्वर्गीय रामपाल सैनी के आवास पर शनिवार को शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए जनप्रतिनिधियों और भाजपा नेताओं का तांता लगा रहा। उनके युवा पुत्र रमाकांत सैनी के अल्पायु में हुए आकस्मिक निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर है। उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री सुधीर बालियान, पूर्व जिला अध्यक्ष यशपाल पंवार, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला तथा वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज गुप्ता ने आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। सभी नेताओं ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा संगठन परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है।

पूर्व मंत्री सुधीर बालियान ने कहा कि रमाकांत सैनी मिलनसार एवं व्यवहार कुशल युवक थे। उनका असमय निधन समाज और परिवार दोनों के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। अन्य नेताओं ने भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा। शोकसभा का माहौल अत्यंत गमगीन रहा। उपस्थित लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर पूर्व जिला मंत्री मदन छाबड़ा, पूर्व नगर अध्यक्ष सत्येंद्र जैन, प्रताप वाल्मीकि, पूर्व सभासद उमेश कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। पूरे क्षेत्र में युवा अवस्था में हुए इस असामयिक निधन को लेकर गहरा शोक व्याप्त है।

## रेजोनेन्स मुजफ्फरनगर के आरव जैन ने प्राप्त की 99.20 प्रतिशत के साथ जिले में सर्वश्रेष्ठ रैंक

**मुजफ्फरनगर।** रेजोनेन्स मुजफ्फरनगर में 2021 से चल रहे जेईई-नीट की तैयारी के लिए रेजोनेन्स कोटा के सेंटर के अध्यक्ष डॉ. सुनील पंवार के तत्वाधान में बच्चों को शिक्षित किया जा रहा है जहां के सेंटर हेड दीपक कुमार जी ने बताया कि इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन जनवरी-2026) का परिणाम घोषित हो गया है। इस परीक्षा में रेजोनेन्स मुजफ्फरनगर के छात्र-छात्राओं का जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें आरव जैन ने 99.20 प्रतिशत के साथ मुजफ्फरनगर में सर्वश्रेष्ठ रैंक प्राप्त की। साथ ही अविका कौशिक 96.83 प्रतिशत, चिरांश 96.39 प्रतिशत, दिव्यांशु गौतम 95.06 प्रतिशत, एकांश राठी 94.64 प्रतिशत, अभिनव कश्यप 94.54 प्रतिशत, वेदांश राणा 93.61 प्रतिशत, अमन रियासत 92.56 प्रतिशत, आजर्व जैन 91.60 प्रतिशत हासिल करके सेंटर और जिले का नाम रोशन किया है। साथ ही उन्होंने बताया कि रेजोनेन्स मुजफ्फरनगर सेंटर से बच्चों का प्रतियोगिता परीक्षा में चयन अनुपात 40 प्रतिशत से हमेशा की तरह जिले में सर्वाधिक रहा।

## पुरकाजी में महिला शक्ति का दिखा ऐतिहासिक संगमः
# हिंदू-मुस्लिम सहित हजारों महिलाओं ने एक साथ गाया राष्ट्रगान

शाह टाइम्स संवाददाता

पुरकाजी। कस्बे में महिला शक्ति, देशभक्ति और सामा जिक एकता की ऐतिहासिक तस्वीर देखने को मिली, जब हिंदू-मुस्लिम सहित सभी जाति और समाज की हजारों महिलाएं एक साथ एक मंच पर पहुंचीं और सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया। मिशन महिला शक्ति के तहत आयोजित पुरकाजी महिला दिवस-3 कार्यक्रम ने कस्बे ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र में एक नई पहचान बनाई।

यह भव्य कार्यक्रम पुरका. जी-खाईखेड़ी रोड स्थित सैनी फार्म हाउस में चेयरमैन और भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासर्. चव जहीर फारुकी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की भीड़ इतनी ज्यादा रही कि हजारों कुर्सियां भी कम पड़ गईं, लेकिन महिलाओं का उत्साह अंत तक बना रहा।चेयरमैन जहीर फारुकी ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं समाज की सबसे बड़ी ताकत हैं और मां ही बच्चे की पहली शिक्षक होती है। उन्होंने कहा कि उनका सपना है कि पुरकाजी के बच्चे आगे चलकर आईएएस, आईपीएस और जज बनें, इसके लिए वे हर संभव सहयोग करेंगे।

### हिंदू-मुस्लिम एकता का दिया बड़ा संदेश

इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी खास बात यह रही कि इसमें हिंदू, मुस्लिम सहित सभी जातियों और समाज की महिलाएं शामिल हुईं। सभी महिलाएं एक साथ बैठीं, कार्यक्रम सुना और अंत में एक साथ खड़े होकर राष्ट्रगान गाया। इस दौरान भारत माता की जय और देशभक्ति के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

यह नजारा इस बात का प्रतीक बना कि पुरकाजी में सभी समाज की महिलाएं एकजुट हैं और देश के लिए एक साथ खड़ी हैं महिलाओं ने लिया बच्चों को शिक्षित और देशभक्त बनाने का संकल्प कार्यक्रम के अंत में हजारों महिलाओं ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा, अच्छे संस्कार और देशभक्ति की भावना देंगी। महिलाओं ने देश के शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी।

### शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर भी किया जागरूक

कार्यक्रम में रीना पवार ने महिलाओं से बच्चों की सुरक्षा और उनके सही पालन-पोषण पर ध्यान देने की अपील की।

वहीं प्रीति चौधरी ने कहा कि बेटियों को बेटों के बराबर शिक्षा देना जरूरी है, क्योंकि आज बेटियां हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रही हैं।

दिव्या वर्मा ने महिलाओं को सरकारी अस्पतालों की सुविधाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया।

### ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ हुआ भव्य समापन

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि और हजारों महिलाओं ने ध्वजारोहण किया और सामूहिक राष्ट्रगान गाया। पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने इस आयोजन की जमकर सराहना की।

मुख्य अतिथि यशिका चौहान ने कहा पुरकाजी की महिलाओं पर गर्व कार्यक्रम के आखिर में मुख्य अतिथि बिजनौर सांसद चंदन सिंह चौहान की धर्मपत्नी और समाजसेविका यशिका चौहान ने अपने संबोधन में कहा

मैं इतनी बड़ी तादात में महिलाओं का यह पहला कार्यक्रम देख रही हूं। मुझे अपने देश की महिलाओं पर और बिजनौर लोकसभा के पुरकाजी कस्बे पर गर्व है कि जब देशभक्ति के लिए उन्हें आवाज दी गई तो वो पुरुषों से अधिक तादात में घरों से निकलकर यहां आई हैं। मैं पुरकाजी की महिलाओं के अधिकारों के लिए सदैव साथ खड़ी हूं। चेयरमैन जहीर फारुकी ने पुरका. जी को एक मॉडल के रूप में स्थापित कर दिया है।

यह कार्यक्रम पुरकाजी के इतिहास में महिला एकता, महिला सशक्तिकरण और हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की एक बड़ी और यादगार मिसाल बन गया है।

## एसएसएस सीनियर सेकेंड्री स्कूल के छात्र देव राजपूत ने आईआईटी-जेईई (मेन) में बढ़ाया मान

**■ गणमान्य लोगों ने देव को दिया आशीर्वाद**

**मीरापुर।** शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के लिए यह वर्ष गौरवपूर्ण सिद्ध हुआ है। विद्यालय के मेधावी छात्र देव राजपूत ने हाल ही में आयोजित आईआईटी-जेईई (मेन) परीक्षा में 90.51 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय का नाम एक बार फिर रोशन किया है। देव की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार के साथ-साथ क्षेत्र में भी हर्ष का माहौल है।

उल्लेखनीय है कि देव राजपूत ने गत वर्ष कक्षा 12 की परीक्षा उत्तीर्ण की थी और विज्ञान वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। वे विद्यालय के प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत के पुत्र हैं और बचपन से ही अध्ययनशील तथा अनुशासित छात्र रहे हैं। शिक्षकों के मार्गदर्शन और निरंतर परिश्रम के बल पर देव ने यह मुकाम हासिल किया है। छात्र की सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन सुशील कुमार शर्मा, डायरेक्टर राजेश कुमार शर्मा तथा समस्त शिक्षकों ने देव को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि देव की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और विद्यालय की शैक्षिक परंपरा को और सुदृढ़ करेगी। विद्यालय परिवार ने देव के आगे भी इसी लगन और मेहनत के साथ प्रगति करने की शुभकामनाएं दीं।

## चरथावल क्षेत्र बन गया अवैध मिट्टी खनन का सुरक्षित ठिकाना

**■ सवेरे से ही धरती का सीना चीरने लगती हैं जेसीबी मशीने**

**चरथावल।** क्षेत्र में इन दिनों अवैध मिटी खनन का खेल खुलेआम जारी होने की चर्चा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सुबह सवेरे ही जेसीबी मशीनें धरती का सीना चीरती नजर आती हैं और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां ओवरलोड मिट्टी भरकर सड़कों पर दौड़ती हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासनिक रोक और छिटपुट कार्रवाई के बावजूद खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा। आरोप है कि जिन स्थानों पर सीमित समय और मात्रा की अनुमति दी जाती है, वहां परमिशन की तारीख और समय सीमा समाप्त होने के बाद भी खनन जारी रहता है। यही नहीं, कुछ मामलों में बिना अनुमति के भी मिटी उठान किए जाने की बातें सामने आ रही हैं।

**सुबह-सुबह सक्रिय हो जाते हैं वाहन**

बताया जा रहा है कि खनन का काम अधिकतर तड़के शुरू हो जाता है, ताकि निगरानी से बचा जा सके। ग्रामीणों के अनुसार, खेतों और खाली पड़ी जमीनों से बड़े पैमाने पर मिट्टी निकाली जा रही है, जिससे भूमि की उपजाऊ क्षमता और आसपास के रास्तों को नुकसान पहुंच रहा है।

**चांदी की चमक के आगे फीकी कार्रवाई?**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि खनन माफियाओं की चांदी कट रही है और पैसों के प्रभाव के चलते सख्ती असरदार नहीं हो पा रही। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं है, लेकिन क्षेत्र में यह चर्चा आम है कि परमिशन की आड़ में बड़ा खेल खेला जा रहा है। सड़क और सुरक्षा पर खतरा ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के कारण सड़कों की हालत बिगड़ रही है और हादसों की आशंका भी बढ़ रही है। कई स्थानों पर गड्ढे बन जाने से आवागमन प्रभावित हो रहा है।

**प्रशासन से कार्रवाई की मांग**

क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि जिन स्थानों पर खनन की अनुमति दी गई है, वहां समय-सीमा और मात्रा की सख्ती से निगरानी की जाए। साथ ही अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर उदाहरण पेश किया जाए, ताकि यह खेल पूरी तरह बंद हो सके।

अब बड़ा सवाल यही है कि आखिरकार रोक के बावजूद चरथावल में अवैध मिट्टी खनन क्यों नहीं रुक पा रहा है? क्या जिम्मेदार विभाग सख्त कदम उठाएंगे या यूं ही धरती का सीना चीरा जाता रहेगा?

## नोटिसों की समीक्षा हो ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जनता का विश्वास बना रहे

**मुजफ्फरनगर।** सपा ने एसआईआर अभियान के तहत जारी किए गए नोटिसों को लेकर निर्वाचन

आयोग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाए हैं। मांग की गई कि एसआईआर अभियान के नाम पर जारी हो रहे भारी संख्या में नोटिसों की समीक्षा की जाए और मतदाताओं का उत्पीड़न तत्काल रोका जाए, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जनता का विश्वास बना रहे। सपा के मीडिया प्रभारी साजिद हसन ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में वर्ष 2003 की मैपिंग के अपूर्ण विवरण के नाम पर प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में 15 हजार से 29 हजार तक नोटिस जारी किए जा चुके हैं, जिससे मतदाताओं में असमंजस और परेशानी का माहौल है। साजिद हसन का कहना है कि अब स्थिति यह है कि प्रत्येक बूथ पर 700 से 800 मतदाताओं में से 150 से 300 लोगों को नोटिस थमाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई मामलों में यह नोटिस निर्वाचन आयोग की स्वयं22 की टाइप त्रुटियों या एक ही परिवार में छह या अधिक मतदाताओं के नाम दर्ज होने के आधार पर भेजे जा रहे हैं, जिससे आम मतदाताओं को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम और आयु संबंधी भारी त्रुटियां वर्षों से देखने को मिलती रही हैं, लेकिन इन कमियों को सुधारने के बजाय आयोग आम नागरिकों को नोटिस भेजकर उत्पीड़न कर रहा है। सपा नेता ने यह भी आरोप लगाया कि बूथों पर बीएलओ के मोबाइल ऐप में कनेक्टिविटी की समस्या के कारण मतदाताओं का विवरण समय पर दर्ज नहीं हो पा रहा है। कई लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है और कभी-कभी पूरा दिन भटकना पड़ता है।

# अनेकता में एकता बनाए रखना ही हिंदू धर्म है : आनंद कुमार

**मीरापुर।** कस्बे के सरस्वती शिशु मंदिर पडाव चौक में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर विराट हिंदु सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मलेन में ब्रहमविद्या पीठाधीश्वर दंडी स्वामी महादेव आश्रम शुक्रतीर्थी तथा मेरठ प्रांत के सहप्रात प्रचाकर आनंद कुमार, मु.नगर के जिला शारीरिक प्रमुख हितेश कुमार तथा रामराज से धनेश बंसल ने विभिन्न विषयो पर अपना सम्बोधन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी तेजपाल वर्मा द्वारा की गई।

मीरापुर के सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर एक विराट हिंदु सम्मलेन में बोलते हुए सह प्रांत प्रचाकर आनंद कुमार ने कहा कि पिछले सौ वर्षो में आरएसएस ने हिंदुओं को जगाने का कार्य किया है। भारत की जनता 800 वर्षो तक विभिन्न सत्ताओं के दम्भ को झेल चुकी है फिर भी हम लोग जाति पाती बटे हुए हैं। हम सभी को एक झंडे के नीचे आकर समाज का काल्याण करना होगा। इन्होने आरएसएस द्वारा किये गये सामा. जिक कार्यो की जानकारी जनता को दी। बंगलादेश में अल्संख्यको पर हो रहे अत्याचार का इन्होने घोर विरोध किया। अपने परिवारो में सनातन की संस्कृति और संस्कार को बनाकर रखना होगा। हिंदु धर्म में आनेकता में एकता बनाये रखना ही हिंदु धर्म है। दंडी स्वामी महेशाश्रम ने उपस्थित जन समूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि हिंदुओं का युवा वर्ग अपने धर्म से विमुख हो गया और पश्चिमी सभ्यता को अपना रहा है जिससे इनके सभी संस्कार व संस्कृति समाप्त होने की कगार पर पहुंच गई है तथा खानपान में भी अशुद्धि होने के कारण चारो ओर बीमारियां फैली हुई हैं। बच्चो में संस्कार की कमी के चलते माता पिता का आदर, बडो का सम्मान न होने से व्यवस्था बिगड गई है। पर्यावरण की हालत बिगडने पर इन्होने इसका संरक्षण करने का संद. ेश भी दिया। इन्होने कहा कि विदेशी उत्पाद को छोडकर स्वदेशी उत्पाद को अपनाना चाहिए। हितेश कुमार ने आरएसएस के सताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर पंच परिवर्तन की विशेष व्याख्या की। जिसमें सामाजिक समरसता को विशेष बल दिया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक सुरेश चंद तितोरिया, पूर्व चेयरमेन नवीन सैनी, अखिलेश गोयल, मूलचंद शर्मा, पंकज गोयल, वैद्य प्रदुमन शर्मा, राजेन्द्र रस्तौगी, नरेश माह्श्व. री, विकास कौशिक, असीम शर्मा, प्रबंधक सोनू शर्मा व शुभम सैनी, सुरेश झिंगाला, प्रवीण अग्रवाल, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश कुमार गंगपुरी द्वारा किया गया।

# डॉ सम्राट ने किया बुराक अम्बर ट्रेवल्स का उद्घाटन

### पहले 10 लोगो को नि: शुल्क भेजा जाएगा विदेश: इरफान

**मुजफ्फरनगर।** शहर के अंसारी रोड़ पर बुराक अम्बर ट्रेवल्स का उद्घाटन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ सम्राट रहे, जिन्होंने फीता काटकर बुराक अम्बर ट्रेवल्स का उद्घाटन किया।

इसके स्वामी सरवट निवासी इरफान नेता ने इस मौके पर घोषणा करते हुए कहा कि हमारे द्वारा सबसे पहले 10 मुस्तहिक लोगो को फी विदेश भेजेंगे जो गरीबी रेखा से नीचे होंगे। डॉ सम्राट ने इरफान नेता की



इस जनहित की घोषणा पर सराहना करते हुए कहा कि इरफान नेता जी पहले से सामाजिक कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते आए है। उन्हें मुबारकबाद देते हुए दुआ करता हूं कि वो दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की करे। इस अवसर पर मास्टर इस्लाम, इकबाल नंगला पिथौडा, हाजी आसिफ, असगर मेंबर आदि लोग मौजूद रहे।

# मदनलाल हॉस्पिटल ने भसाना में लगाया फ्री नेत्र जांच शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढाना क्षेॉ के ग्राम भसाना में स्थित मीरा पब्लिक स्कूल में मंगलवार के दिन मदनलाल अस्पताल बुढाना की ओर से नेत्र परीक्षक डॉक्टर विशाल कुमार पाल के नेतृत्व मे एक नि:शुल्क नेॉ जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिसमें 140 छाॉ छाॉाओं की बारीकी से आंखों की जांच की गई। सेंटडोर फार्मेसीटिकल्स की तरफ से मैनेजर अरुण कुमार और संदीप पंवार ने संयुक्त रूप से पूरी टीम का सहयोग किया।

नेत्र परीक्षक डाक्टर विशाल कुमार पाल ने आंखों की सुरक्षा और कम उम्र के बच्चों में होने वाले नेॉ संक्रमण को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां दी और कहा कि आजकल बच्चों के लिए मोबाइल एक बड़ी समस्या बन गई है।

जहां एक ओर पढ़ाई मोबाइल के माध्यम से हो रही है वहीं दूसरी ओर बच्चे लगातार मोबाइल का उपयोग करते रहते हैं जिससे आंखों में परेशानी हो सकती है। उन्होंने सलाह दी कि हर 20 मिनट तक मोबाइल देखने के बाद कुछ सेकंड के लिए दूर की वस्तु को देखें। इससे आंखों की रोशनी भी बनी रहती है और उन्हें परेशानी से भी बचाया जा सकता है।

इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से मीरा पब्लिक स्कूल भसाना के प्रधानाचार्य आमोद कुमार शर्मा, अंजू शर्मा, मीरा शर्मा और वाशु शर्मा आदि शिक्षक और शिक्षिकाओं की उपस्थिति भी देखने को मिली।

# जिले में पर्यटकों के लिए शुरू हुई होम-स्टे योजना

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति 2025 के अंतर्गत आज जनपद में प्रस्तुतीकरण एवं गोष्ठी का आयोजन आईटीआई में किया गया।

उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति 2025 के अंतर्गत संगोष्ठी कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। उक्त के अतिरिक्त जिला पंचायत अध्यक्ष ने जिले के अन्य ग्रामों को भी ग्रामीण पर्यटन सम्बन्धी लाभों से जोड़े जाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किये। विदित मलिक, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा रालोद ने उम्मीद जताई कि इस नीति के माध्यम से न केवल गांवों तक रोजगारों के नये रास्ते खुलेंगे बल्कि यह ग्रामीण एवं क्षेत्रीय संस्कृति को संजोने में भी लाभदायक होगी।आदित्य त्यागी, सीएम फेलो, द्वारा विस्तार से उपर्युक्त पर्यटन नीति का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें पंजीकरण प्रक्रिया से लेकर लाभों एवं मुख्य प्राविधानों पर चर्चा की गई। इस नीति के तहत आवासीय इकाईयों को ग्रामीण, शहरी एवं बेड व ब्रेकफास्ट के रूप में पंजीकृत किया जा सकेगा, जिसमें आवासीय घर के 1 से 6 कक्ष किराये के लिये उपलब्ध होंगे। संदीप उपाध्याय एवं मोद चेतल, प्रतिनिधि लक्ष्य एनजीओ द्वारा मुफरनगर जनपद में ग्रामीण पर्यटन एवं होमस्टे पर चर्चा की तथा लक्ष्य एनजीओ द्वारा ग्रामीण पर्यटन हेतु विकसित किये जा रहे देवल एवं शुकताल गावों में किये गये कार्यो एवं आगामी रूपरेखा के बारे में अवगत कराया गया।कार्यक्रम के अंत में कमलकिशोर कंडारकर देशभूषण, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा माद्र जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया गया तथा उक्त नीति से ग्राम एवं कस्बे भी राज्य के विकास में अहम भूमिका निभायेंगे। इस अवसर पर होमस्टे नीति के तहत पर्यटन विभाग द्वारा मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबंधन संस्थान, लखनऊ में प्रशिक्षित 04 लोकल टूरिस्ट गाईड को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस दौरान लगभग 25 लोगों ने होमस्टे नीति के तहत पंजीकरण कराने की इच्छा व्यक्त की तथा ऑफलाइन पंजीकरण कराया। रविशंकर, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, सहारनपुर ने बताया कि होमस्टे नीति के तहत जनपद में कुल 09 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिनके पंजीकरण की कार्यवाही की जा रही है।




# भाकियू की महा पंचायतस्थल का किया निरीक्षण

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन की एक विशाल पंचायत आगामी 22 फरवरी कोध बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव नगवा के पास सरौरा चौकी के बीच मेरठ वाया करनाल हाईवे के किनारे पर होगी। बकायदा जिस जगह पर यह विशाल पंचायत होनी है।

उस जगह का चारों जिलों के अध्यक्षों ने भाकियू मुजफ्फरनगर के जिला महासचिव अनुज बालियान, बुढ़ाना तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार, बुढ़ाना ब्लाक अध्यक्ष सुधीर सहरावत और बुढ़ाना भाकियू नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में निरीक्षण किया।



इस विशाल पंचायत में आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग कहां पर बनेगा और भव्य स्टेज कहां पर लगेगा आदि व्यवस्था के लिए गंभीर विचार विमर्श हुआ। इस दौरान रोड पर जाम ना लगे और आने जाने वालों को किसी भी असु. विधा का सामना ना करना पड़े इस बात पर भी खूब विचार किया गया। यहां पर निरीक्षण के दौरान मुख्य रुप से ओमपाल मलिक, बिजेंद्र राठी इटावा और लविश जांगिड आदि भाकियू कार्यकर्ता मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि आगामी 22 फरवरी को भारतीय किसान यूनियन जनपद मुजफ्फरनगर, जनपद मेरठ, जनपद बागपत और जनपद शामली के सभी किसानों की एक विशाल पंचायत का आयोजन करने जा रही है। जिसमें किसानों के मुद्दों को प्रमुखता से रखा जाएगा। इस विशाल पंचायत में एक लाख तक किसान शामिल हो जाएं तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। उधर स्थानीय प्रशासन भी अलर्ट हो गया है।

# रमज़ान रहमतों व बरकतों का माह है: कासमी

**■ 19 फरवरी से शुरू हो रहा रमजान माह**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** रमज़ान मुबारक महीने की फ़ज़ीलत बयान करते हुए क़ुबा मस्जिद के पेश इमाम मुफ़्ती आस मोहम्मद क़ासमी ने लोगों से अपील की कि रमज़ान अल्लाह की तरफ़ से बंदों के लिए रहमतों और बरकतों का महीना है।

इस महीने की हर पल को क़ीमती समझते हुए पूरी अहमियत के साथ इसकी एक एक घड़ी नेकियों में मशगूल होकर गुज़ारें। नबी का फ़रमान है कि अल्लाह इस महीने में नफ़्ल का सवाब फ़र्ज़ के बराबर और फ़र्ज़ का सवाब सत्तर फ़र्ज़ के बराबर कर देता है।



इस महीने को क़ुरआन से ख़ास निस्बत है इसलिए ज़्यादा से ज्यादा क़ुरआन पाक की तिलावत का एहतमाम करें।

तस्बीहात, तिलावत, नवाफ़िल और दूसरे अज़्कार का भी अधिक से अधिक एहतमाम करें। उन्होंने आगे कहा कि इस महीने में गुनाहों से बचने का भी ख़ास ध्यान रखें क्योंकि गुनाहों की नहूसत नेकियों पर ग़ालिब आकर इंसान को नेकियों के नूर से महरूम कर देती है। रोज़ा अल्लाह की तरफ़ से फ़र्ज़ है। जो लोग रोज़े को जान-बूझकर छोटे छोटे बहानों से छोड़ते हैं या बेवजह दुनियावी लज़्ज़तों की वजह से छोड़ते हैं वे गोया अमलन अल्लाह रब्बुल इज़्ज़त के मुक़ाबले में खड़े होते हैं कि अल्लाह किसी चीज़ को फ़र्ज़ क़रार दे और हम उसके ख़िलाफ़ अमल करें।

# मानसिक तनाव से कोई भी हो सकता है पीड़ित : डाक्टर सोनू कश्यप

**बुढ़ाना।** कोई भी व्यक्ति मान. सिक तनाव से ग्रस्त हो सकता है। निराशा, नशा, भ्रम, चिंता, हताशा, बुरे विचार और आत्महत्या का विचार ये सब इंसान को असमायिक मृत्यु की और ही लेकर जाते हैं। इन सभी से बचना चाहिए। यह विचार जनपद मुजफ्फरनगर सीएमओ कार्यालय से आए मानसिक स्वास्थ्य समाजिक कार्यकर्ता मनोज कुमार पांडेय के हैं जो मंगलवार के दिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में पॉकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि अगर किसी व्यक्ति के मन में आत्महत्या के विचार उमड़ रहे हैं तो वह तुरंत इस बारे में अपने परिजनों, मित्रों और मनोचिकित्सक को बताएं। अपने मन में बढ़ रहे तनाव को दूसरों से साझा करें। यदि कोई भी हेल्पलाइन नंबर है तो फोन पर बात करें। उन्होंने




कहा कि हम भी अपने प्रयास से किसी अवसाद से ग्रस्त व्यक्ति का जीवन बचा सकते हैं।

समस्याग्रस्त व्यक्ति के प्रति समझ और चिंता जताएं। उन्हें पछतावे की भावना से बाहर निकालने का प्रयास करें। इस बात पर भी जोर दें कि पीड़ित व्यक्ति का जीवन आपके और अन्य लोगों के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है। इसलिए अवसाद से ग्रस्त व्यक्ति को सहारा दें।

नगरीय पीएचसी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सोनू कश्यप ने बताया कि मानसिक तनाव से ग्रस्त व्यक्ति टोल फी नंबर 14416 या 1800 891 4416 पर तुरंत सूचित करें या फिर उसके दोस्त परिजन सूचना दें। हमारी इस छोटी सी सजगता से इंसान का जीवन बचाया जा सकता है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# रमजान को लेकर शहर में रौनक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुकद्दस माहे रमजान के आगमन से पहले मंगलवार को शहर के बाजारों में खासा उत्साह देखने को मिला। रमजान की तैयारियों को लेकर बाजार गुलजार रहे और देर शाम तक खरीदारी का सिलसिला जारी रहा। विशेष रूप से जामा मस्जिद के आसपास स्थित दुकानों पर महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की भीड़ उमड़ी रही।

आगामी 19 फरवरी से माहे रमजान की शुरुआत होने जा रही है। इस बार रमजान के दौरान चार जुमे पड़ेंगे। बुधवार देर शाम से ही मस्जिदों में तरावीह की नमाज शुरू हो जाएगी। इसे लेकर मस्जिदों में साफ-सफाई, रंगाई-पुताई और अन्य तैयारियां मंगलवार को दिनभर चलती रहीं। कई मस्जिदों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया, जिससे धार्मिक माहौल हो गया। रमजान की तैयारियों के चलते बाजारों में सबसे अधिक खरीदारी धार्मिक उपयोग की वस्तुओं की रही। जामा मस्जिद के पास स्थित दुकानों पर जानमाज, तस्बीह, चटाई और अन्य आवश्यक सामान की जमकर बिक्री हुई। वहीं पंसारी की दुकानों पर भी खरीदारों की अच्छी खासी भीड़ रही, जहां लोगों ने सेहरी और इफ्तार के लिए मेवे, सवइयां और अन्य खाद्य सामग्री की खरीदारी की। व्यापारियों के अनुसार रमजान के नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ गई है और आने वाले दिनों में खरीदारी और बढ़ने की उम्मीद है। वहीं लोगों में भी पवित्र महीने को लेकर उत्साह देखा जा रहा है और सभी लोग इबादत व रोजों की तैयारियों में जुट गए हैं।

# अतिक्रमण के कारण गंगेरू मार्ग पर, ई-रिक्शा पलटा, बाल-बाल बचे राहगीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के गंगेरू मार्ग पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के चलते आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। संकरा रास्ता होने के कारण यहां से गुजरने वाले वाहनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी के चलते मंगलवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।मंगलवार को कस्बा निवासी सरफराज ने गंगेरू मार्ग स्थित एक प्रतिष्ठान के बाहर अपना ई-रिक्शा खड़ा किया था और किराए के पैसे लेने दुकान के अंदर गया हुआ था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही गन्ने से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ई-रिक्शा से टकरा गई। टक्कर के बाद ई-रिक्शा विद्युत पोल से जा टकराया और पलट गया।हादसे के समय आसपास खड़े लोग बाल-बाल बच गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और ई-रिक्शा को सीधा कराया। इसके बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली को वहां से हटवाया गया।स्थानीय लोगों का कहना है कि गंगेरू मार्ग पर दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर अतिक्रमण कर रखा गया है, जिससे सड़क संकरी हो गई है। इसी कारण रोजाना जाम लगता है और छोटे-बड़े हादसे होते रहते हैं। लोगों ने प्रशासन से अतिक्रमण हटवाने और यातायात व्यवस्था सुचारू कराने की मांग की है।





## विश्वकर्मा धाम में प्रथम भंडारे का आयोजन

**शामली।** मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर विश्वकर्मा धाम सेवा परिवार की ओर से धीमानपुरा स्थित विश्वकर्मा धाम में वर्ष के प्रथम भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में अशोक धीमान द्वारा खीर का प्रसाद वितरित किया गया, वहीं खिचड़ी का प्रसाद भी श्रद्धालुओं में बांटा गया। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ उठाते हुए आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर डा। राजेन्द्र स्वामी, सुभाष धीमान, विकास धीमान, वासु धीमान, नीरज धीमान, श्यामसुंदर धीमान, अनिल धीमान, प्रदीप विश्वकर्मा, नरेन्द्र धीमान तथा रमेशचंद धीमान मौजूद रहे।

## दो बच्चों की मां युवक के साथ लापता, पति ने दर्ज कराई गुमशुदगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गांव के ही एक युवक पर महिला को अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया गया है। बताया जा रहा है कि महिला दो बच्चों की मां है और देर रात घर से निकल गई। सुबह परिजनों को घटना की जानकारी होने पर उन्होंने आसपास के क्षेत्रों में तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका।

महिला के पति सतीश ने थाने में पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और संबंधित युवक की तलाश की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। साथ ही गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बरती जा रही है। महिला की सकुशल बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

# सर्विस रोड का निर्माण शीघ्रता से पूर्ण होः डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने आज मेरठ करनाल हाईवे बधैव बाईपास पर सर्विस रोड के निर्माण कार्य को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर मौका मुआयना करते हुए निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने हेतु एनएचएआई के अधिका. रियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के समय अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग राजकुमार, सहित एनएचएआई के साइट इंजीनियर मौजूद रहे।





# डीएम ने किया नगर पंचायत एलम का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर पालिका परिषद कांधला में निरीक्षण के दौरान जिला. धिकारी ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्रों के निर्गमन की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की गुणवत्ता और उनके निस्तारण की स्थिति को विस्तार से परखा। उन्होंने एक शिकायतकर्ता से सीधे फोन पर वार्ता कर निस्तारण की वास्तविक स्थिति जानी। शिकायतकर्ता द्वारा समाधान पर संतोष व्यक्त किए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को पारदर्शिता और समयबद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए।निरीक्षण के समय कांधला पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम, अधिशासी अधिकारी पूर्णिमा, सभासदगण एवं पालिका परिषद के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। जिला. धिकारी ने कार्यालय की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा नागरिक सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने नगर पंचायत एलम कार्यालय का भी निरीक्षण किया। यहां भी उन्होंने विभिन्न विकास योजनाओं के अंतर्गत संचालित कार्यों की पत्रावलियों का अवलोकन किया तथा बीते माह आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और समयसीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष रीना पंवार, अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप, सभासदगण व कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## प्राथमिक विद्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय लिलौन नंबर-1 का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कक्षा-4 एवं कक्षा-5 में पहुंचकर बच्चों से संवाद किया और उनकी पढ़ाई से संबंधित जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जो कमियां सामने आईं, उन्हें सुधारने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय विद्यालय में कुल 122 छात्रों के सापेक्ष 82 छात्र उपस्थित पाए गए, जबकि समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित मिला। विद्यालय परिसर में साफ-सफाई एवं शिक्षण कार्य संतोषजनक पाया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त किया। डीएम ने शिक्षकों को बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने और नियमित रूप से शैक्षणिक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बीएसए लता राठौर सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# पालिका कार्यालय में हंगामा, सरकारी फाइल फाड़ने का आरोप

### अध्यक्ष व कर्मचारियों ने दी तहरीर, आरोपी पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर पालिका परिषद कार्यालय में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब एक व्यक्ति पर कार्यालय में घुसकर हंगामा करने और सरकारी फाइल फाड़ने का आरोप लगा। घटना के बाद पालिका अध्यक्ष व कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने कर्मचारियों के साथ थाने में दी गई तहरीर में बताया कि कस्बे के मोहल्ला मि.गान निवासी तनवीर पुत्र सहीद बीते कुछ समय से लगातार सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहा है। आरोप है कि वह पालिका की कार्यप्रणाली पर अनर्गल आरोप लगाकर जनमानस में भ्रम की स्थिति पैदा करने का प्रयास कर रहा है। इतना ही नहीं, कई बार वह बिना किसी पूर्व सूचना के पालिका कार्यालय पहुंचकर कर्मचारियों से तीखी बहस करता है और कार्य में अनावश्यक हस्तक्षेप करता है। मंगलवार को भी आरोपी अचानक पालिका कार्यालय पहुंच गया और किसी प्रशासनिक विषय को लेकर बहस करने लगा। कर्मचारियों द्वारा समझाने का प्रयास किए जाने पर वह उग्र हो गया और जोर-जोर से चिल्लाते हुए कार्यालय में हंगामा करने लगा। आरोप है कि इसी दौरान उसने एक मेज पर रखी सरकारी फाइल को उठाकर फाड़ दिया, जिसमें महत्वपूर्ण पत्राचार एवं अभिलेख संलग्न थे। फाइल फटने से दस्तावेज क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे कार्यालय के कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। घटना के समय कार्यालय में मौजूद अन्य कर्मचारी और नागरिक भी हंगामे से घबरा गए। स्थिति को बिगड़ता देख कर्मचारियों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुं. चने से पहले ही आरोपी मौके से चला गया। कर्मचारियों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं से कार्यालय का अनुशासन और कार्य वातावरण प्रभावित हो रहा है।पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने कहा कि सरकारी अभिलेखों को नुकसान पहुंचाना गंभीर अपराध है और इससे प्रशास. निक कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होता है। उन्होंने पुलिस से आरोपी के विरुद्ध सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति सरकारी कार्य में बाधा डालने का साहस न कर सके। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पालिका अध्यक्ष एवं कर्मचारियों की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। प्रकरण की गंभीरता से जांच की जा रही है। यदि जांच में आरोप सत्य पाए जाते हैं तो संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग गंभीर घायल, पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के बस स्टैंड पर एक बुजुर्ग व्यक्ति अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना भवन पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए घायल को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। घायल की पहचान जनपद मुजफ्फरनगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव आदमपुर निवासी इकराम पुत्र घीशु के रूप में हुई है। बताया गया है कि इकराम इन दिनों थाना भवन के बंदागढ़ स्थित मोहल्ला रेती में अपने भाई के यहां रह रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मारी और चालक मौके से फरार हो गया। थाना भवन पुलिस निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि घटना के बाद वाहन चालक फरार हो गया है। आरोपी की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। उन्होंने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही फरार वाहन चालक को चिन्हित कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### विवाहित युवक पर युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में बागपत जनपद निवासी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। क्षेत्र के एक ग्राम निवासी पिता ने कोतवाली कैराना में दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री विगत 7 फरवरी को शाम करीब 4रू30 बजे घर से अचानक लापता हो गई थी। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। इस संबंध में 8 फरवरी को गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। अब पीड़ित ने आरोप लगाया है कि ग्राम सबगा, तहसील बड़ौत, जनपद बागपत निवासी सोनू उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। आरोप है कि युवक की नीयत ठीक नहीं है और वह उसकी पुत्री के साथ गलत कार्य कर सकता है। पीड़ित का यह भी कहना है कि आरोपी पहले से शादीशुदा है और उसकी एक पुत्री भी है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, दो विवाह समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने तथा पुत्री को सकुशल बरामद कराने की मांग की है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवती की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं और शीघ्र ही आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कार की टक्कर से बाइक सवार मजदूर घायल, जिला अस्पताल रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे बाईपास पर रामड़ा चौराहे पर मंगलवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार मजदूर को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल शामली रेफर कर दिया।

ग्राम रामड़ा निवासी इरशाद मंगलवार को मजदूरी का कार्य कर अपनी बाइक से अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह रामड़ा चौराहे पर पहुंचा, तभी सामने से आ रही तेज गति की कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चालक लापरवाही से वाहन चला रहा था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि इरशाद उछलकर सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस चालक मोहनलाल मौके पर पहुंचे और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैराना पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार दिया, लेकिन हालत चिंताजनक होने पर उसे जिला अस्पताल शामली रेफर कर दिया गया। परिजन सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंच गए। उधर, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और वाहन की तलाश शुरू कर दी है। हादसे के बाद क्षेत्र में कुछ देर तक यातायात भी प्रभावित रहा।

# साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के आरके पीजी कॉलेज की एनएसएस द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शि. विर के द्वितीय दिवस का कार्यक्रम प्राकृतिक चिकित्सालय परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामदत्त शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो। एमके जैली द्वारा मां सरस्वती एवं महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम का मुख्य विषय विक. सित भारत 2047 एवं साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा रहा। वक्ताओं ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और इनसे बचाव के लिए जागरूकता एवं सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्वयंसेवकों को साइबर ठगी, डेटा चोरी और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ। रोहित राणा एवं कु। गायत्री त्रिपाठी ने साइबर अपराध से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि इंटरनेट या नेटवर्क के माध्यम से की जाने वाली अवैध गतिविधियां साइबर अपराध की श्रेणी में आती हैं। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध का शिकार होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

इस दौरान विकसित भारत 2047 मिशन के अंतर्गत डिजिटल सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं तकनीकी विकास से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई।अंत में गोद लिए गए ग्राम मुंडेट एवं टिटोली में स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान ग्रामीणों को ऑनलाइन ठगी से बचाव, ओटीपी साझा न करने, मजबूत पासवर्ड रखने तथा संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया।





## 40 हजार हरी मिर्च की पौध चोरी, कार्रवाई की लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** थाना क्षेत्र के गांव मंडावर में अज्ञात चोरों द्वारा एक किसान के खेत से करीब 40 हजार हरी मिर्च की पौध चोरी कर ली है। पीड़ित किसान ने कैराना थाना में शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम ईस्सापुर खुरगान निवासी अकरम पुत्र राशिद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी कृषि भूमि ग्राम मंडावर, परगना व तहसील कैराना में स्थित है।

खेत में उसने हरी मिर्च की लगभग 40 हजार पौध तैयार कर रखी थी। आरोप है कि सोमवार की रात अज्ञात व्यक्ति खेत से पौध उखाड़कर चोरी कर ले गए। पीड़ित के अनुसार मंगलवार की सुबह जब वह खेत पर पहुंचा तो पूरी पौध गायब मिली। आसपास के खेत मालिकों और ग्रामीणों से पूछताछ की गई, लेकिन चोरों के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। घटना से किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। किसान अकरम ने बताया कि वह एक मजदूर किसान है और खेती ही उसकी आय का मुख्य साधन है। पौध चोरी होने से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से शीघ्र रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी और नुकसान की भरपाई कराने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।





# बाल विवाह की रोकथाम को ऊन के जमालपुर में लोगों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा संचालित ह्बाल विवाह मुक्त भारत विशेष राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत जनपद शामली में निरंतर जागरूकता गति. विधियां आयोजित की जा रही हैं।

इसी क्रम में जिलाधिकारी शामली अरविंद कुमार चौहान के निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 01फरवरी 2026 से 08 मार्च 2026 तक ग्राम पंचायतध्नगर निकायध वार्ड तथा समुदाय स्तर से जुड़े सेवा प्रदाताओं को जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का नेतृत्व जिला प्रोबेशन अधिकारी मौहम्मद मुशफेकीन द्वारा किया गया।इस अवसर पर ग्राम पंचायत जमालपुर, के पंचायत सचिवालय में उक्त अभियान का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान बबलू द्वारा की गई एवं बाल विवाह के विरुद्ध सभी समुदाय के लोगों को शपथ दिलाई।कार्यक्रम में बताया गया कि जनपद शामली में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 27 नवंबर 2025 से 8 मार्च 2026 तक संचालित किया जा रहा है।जिसका मुख्य उद्देश्य बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति का उन्मूलन है।महिला कल्याण विभाग से उपस्थित सुपरवाइजर लोकेश कुमार व वन स्टॉप सेंटर से किरन देवी केस वर्कर ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह पूर्णतः गैर-कानूनी है।

बाल विवाह से बच्चों के शारी. रिक, मानसिक, शैक्षिक एवं सामा. जिक विकास पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि बाल विवाह करने, कराने अथवा सहयोग करने पर 02 वर्ष तक का कठोर कारावास या घ1,00,000 तक का जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है।

साथ ही बराती, मौलवी पंडित, फोटोग्राफर, टैंट, कैटरिंग, बैंड पार्टी संचालक आदि के विरुद्ध भी FIR दर्ज की जा सकती है।

यह भी जानकारी दी गई कि जनपद में जिला प्रोबेशन अधिकारी को जिला बाल विवाह निषेध अधिकारी नामित किया गया है। वन स्टॉप सेंटर से किरन देवी केस वर्कर द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना की जानकारी दी गई।अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि बाल विवाह की सूचना या आशंका होने पर तुरंत 1098, 112, 181 या नजदीकी पुलिस थाना को सूचित करें।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित ग्राम विकास अधिकारी नवीन कुमार,ग्राम प्रधान बबलू, ग्राम पंचायत सहायक कमल कुमार, आंगनवाड़ी कार्यकत्री रविता तोमर, सरला देवी, आदि समुदाय के लोगों को बाल विवाह न करने एवं समाज में इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई।

# सात वार्डों में 5 हजार से ज्यादा कुत्तों का वैक्सीनेशन

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। नगर निगम के पशु कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत महानगर में चलाये जा रहे एंटी रेबीज वैक्सीनेशन अभियान को प्रथम चरण में जबरदस्त सफलता मिली है। अभियान के अंतर्गत शुरुआती 30 दिनों में शहर के 7 प्रमुख वार्डों को कवर करते हुए 5 हजार 347 कुत्तों को एंटी-रेबीज वैक्सीन लगाई जा चुकी है। अभियान की शुरुआत गत 9 जनवरी को महापौर डॉ. अजय कुमार और नगरायुक्त शिपू गिरि द्वारा वार्ड 40 से की गयी थी।



निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय रेबीज नियत्रंण कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य 2030 तक भारत को रेबीज मुक्त बनाना और रेबीज के कारण कुत्तों से होने वाली मौतों को शून्य पर लाना है। उन्होंने बताया कि सहारनपुर प्रदेश का पहला महानगर है जहां राष्ट्रीय रेबीज नियत्रंण कार्यक्रम के अंतर्गत एंटी रेबीज वैक्सीनेशन की शुरुआत पांच टीमों के साथ युद्ध स्तर पर की गयी है।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि के दिशा निर्देशन में 9 जनवरी से महानगर में शुरु किये गए एंटी रेबीज वैक्सीनेशन अभियान के अंतर्गत शुरुआती 30 दिन के भीतर वार्ड संख्या 40, 23, 24, 28, 32, 07 और 12 में टीकाकरण का कार्य पूर्ण करते हुए 5 हजार 347 कुत्तों को एंटी-रेबीज वैक्सीन लगाई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि पहचान के लिए वैक्सीनेशन के बाद कुत्तों को विष रहित कलर मार्क लगाकर छोडा जा रहा है।

उन्होंने बताया कि अभियान की अपार सफलता को देखते हुए उम्मीद है कि तय समय सीमा के अंतर्गत नगर निगम अपना लक्ष्य पूरा कर लेगा। सहारनपुर के सभी 70 वार्डों को 300 दिनों के भीतर कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। नगर निगम द्वारा अब तक लगभग 25 हजार 134 कुत्तों की नसबंदी भी की गयी है। नसबंदी के दौरान कुत्तों में एंटी रेबीज वैक्सीनेशन भी किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिन कुत्तों में नसबंदी के दौरान वैक्सीनेशन किया गया था उन्हें भी बूस्टर डोज दिया जा रहा है।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि वैक्सीनेशन कार्य संबंधित वार्ड के पार्षद के सहयोग से वार्ड-वार चलाया जा रहा है। उन्होंने नगर निगम की ओर से सभी शहरवासियों से अपील की है कि वे पशु कल्याण टीमों का सहयोग करें ताकि सहारनपुर को सुरक्षित और प्रदेश का पहला रेबीज मुक्त शहर बनाया जा सकें।

## नौकरी के पैसे न देने का लगाया कथित आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव मड़की निवासी एक ग्रामीण ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए कथित आरोप लगाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई है।

प्रवीण कुमार नामक ग्रामीण ने कहा है कि उसने गांव कोटा स्थित एक अस्पताल के मेडिकल स्टोर पर सहायक की नौकरी की थी। नौकरी के समय उसकी दस हजार महीना मजदूरी तय हुई थी लेकिन अस्पताल मालिक ने उसे आज तक कोई पैसा नौकरी का नहीं दिया है। लगातार मांग करने पर वायदे पर वायदे करता आ रहा हैं। वर्तमान मे उसके लगभग 6 लाख रुपये अस्पताल मालिक पर नौकरी के बकाया है। जब वह पैसे मांगता है तो वह परिवार को जान से मारने की धमकी देता है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से मामले का संज्ञान लेकर कार्रवाई कराने की मांग की है।

# जनसुनवाई में आई आठ समस्याएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। जनसुनवाई में आज आयी आठ समस्याओं में से सफाई सम्बंधी दो समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराया गया। नगरायुक्त शिपू गिरि ने नगर स्वास्थय अधिकारी को महानगर की सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।

जनसुनवाई में वार्ड 04 लक्ष्मीपुरम निवासी अशोक कुमार ने कॉलोनी में साफ सफाई कराने तथा वार्ड 62 मौहल्ला शाह बहलोल निवासी अशरफ खां ने शीश महल वाली गली में साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए थे। जिस पर नगरायुक्त ने सम्बंधित क्षेत्रों के सफाई निरीक्षकों एवं सफाई मित्रों को भेजकर तत्काल सफाई कराते हुए समस्याओं का समाधान करा दिया। इसके अलावा वार्ड 33 रोहित विहार निवासी निशांत पंवार ने कॉलोनी में नाली की साफ-सफाई कराने, वार्ड 58 बाजार रामानंदी निवासी नवनीत ने जैन हस्पताल के पास साफ सफाई कराने,



वार्ड 09 कनिका विहार दिल्ली रोड निवासी अन्जु ने कॉलोनी में सफाई कराने तथा वार्ड 32 मौहल्ला खानआलमपुरा निवासी इनाम अंसारी ने रमजान से पहले सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। जिस पर नगरायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। वार्ड 09 निवासी अंजु धींगड़ा ने कनिका विहार कॉलोनी की नालियों से अतिक्रमण हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वार्ड 62 के मौहल्ला शाहबहलोल निवासी अशरफ ने शीश महल वाली गली से आवारा कुत्तों को पकड़वाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। नगरायुक्त ने निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी को निरीक्षण उपरांत नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा।

# खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में बहाया पसीना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बेहट।** धर्म सिंह जगदीश सिंह महाविद्यालय में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिस का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डाक्टर विनय चौहान ने फीता काटकर किया गया।

गांव फतेहपुर क्ला मे स्थित महाविद्याल में आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता के उद्घाटन प्राचार्य डा विनय चौहान ने फीता काटकर किया गया। उन्होंने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने विशेषकर युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे खेल प्रतियोगिताओं में भाग ले और खेलो को बढ़ावा दें साथ ही नशे की गिरफ्त में आ चुके युवाओं को भी समझा बुझाकर खेलो के प्रति जागरूक करे। गोला फेंक प्रतियोगिता में बी कॉम प्रथम वर्ष के असद खान ने प्रथम



स्थान, बी ए फाइनल के छात्र सुमित धीमन ने दूसरा स्थान, तथा अंकुर नौटियाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। चकला फेक में बी ए फाइनल के छात्र सुमित धीमान ने प्रथम स्थान, बी कॉम प्रथम वर्ष के छात्र विशाल कुमार ने द्वितीय स्थान तथा बी एससी के छात्र रवीश राजा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता मे विजयी खिलाड़ियों को महाविद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ ने पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान रवि कुमार सचिन कुमार परमिला सर्विष्ट, इशू सुरुचि आदि मौजूद रहे।

# आपसी एकता के लिए बताए महत्वपूर्ण सूत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री बागेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में सावरकर शिवाजी बस्ती बागेश्वर नगर संस्था द्वारा एक विराट हिंदू सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष मोहन महेश्वरी, कोषाध्यक्ष विनीत कर्णवाल, महामंत्री मनोज प्रजापति के प्रयासों से आयोजित इस कार्यक्रम में सिद्ध पीठ श्री नवदुर्गा मंदिर के पीठाधीश्वर पंडित आशुतोष वशिष्ठ महाराज की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि गुरु मां मिथिलेश गद्दीनशीन बापू ज्वाला सिंह जी मंदिर, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर महंत राघवेंद्र स्वामी तथा मुख्य वक्ता के रूप में मोहन सह बौद्धिक प्रमुख मंचासीन रहे। राघवेंद्र स्वामी ने श्री राम मंदिर निर्माण को हिंदुओं की सफलता का प्रतीक बताया। मुख्य वक्ता मोहन ने जीवन




के कुछ महत्वपूर्ण सूत्र बताते हुए संदेश दिया कि आसपास के लोगों से मित्रता बनाना, साथ में भोजन व भजन करना, परिवार को समय देना आदि जैसे कार्य अपने धर्म को बचाने के लिए आवश्यक है। उन्होंने छोटी-छोटी कहानियां के माध्यम से हिंदुओं में चेतना लाने का प्रयास किया।

पीठाधीश्वर पंडित आशुतोष वशिष्ठ ने अपनी ओजस्वी वाणी में हिंदू संगठन को समय की आवश्यकता बताया। शशांक शर्मा के संचालन में इस सफल कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ हवन के पश्चात स्कूली बच्चों के मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में महानगर प्रचारक कविंद्र, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री सत्येंद्र, केशव बाग के संचालक पुष्पराज, महानगर संपर्क प्रमुख अनंत, महानगर सेवा प्रमुख दिलीप शुक्ला, महानगर कारवां रमेश कश्यप, नगर संचालक बागेश्वर नगर भारत भूषण, सह नगर संचालक विवेक शर्मा, सह नगर कार्यवाहक आकाश सेवई, हिंदू महासभा अध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## महिला को न्याय दिलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र की श्रीमति गौरी स्वर्गीय मोहित ने विपक्षी अर्पित कम्बोज पुत्र राजेश काम्बोज निवासी ग्राम शेरपुर, थाना बिहारीगढ़ के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी अर्पित काम्बोज ने गौरी के स्वर्गीय पति से 15,000 रुपये उधार लिए थे लेकिन लौटाने से इनकार कर रहा था

महिला उपनिरीक्षक मिथिलेश राठौर और महिला हेड कांस्टेबल बबीता ने मामले की गहन जांच की विपक्षी को तीन बार काउंसलिंग की गई जिसमें उसे समझाया गया और अंतत वह पैसे लौटाने के लिए तैयार हो गया मंगलवार को काउंसलिंग के बाद अर्पित काम्बोज ने पूरा 15 हजार रुपये श्रीमति गौरी को वापस कर दिए पैसे मिलते ही गौरी का चेहरा खिल उठा उन्होंने महिला उपनिरीक्षक मिथिलेश राठौर और हेड कांस्टेबल बबीता का आभार व्यक्त किया।

## अतिक्रमण हटवाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम के अतिक्रमणरोधी दस्ते ने खत्ताखेड़ी से 35 स्थानों पर किये गए अतिक्रमण व सड़क पर अवैध रुप से रखे सामान को हटाते हुए दस हजार 500 रुपये जुर्माना वसूला और भविष्य में अतिक्रमण करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

नगर निगम का अतिक्रमणरोधी दस्ता प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग के नेतृत्व में निगम के वाहनों के साथ जैसे ही खत्ताखेड़ी पहुंचा तो सड़क पर बाहर सामान रखने वाले दुकानदारों में खलबली मच गयी। करीब तीन दर्जन दुकानों का अस्थायी अतिक्रमण हटाते हुए कुछ दुकानदारों का सामान जब्त कर निगम की ट्रैक्टर ट्रॉली में भर लिया गया। लेकिन दुकानदारों द्वारा भविष्य में अतिक्रमण न करने के आश्वासन और जुर्माना वसूलने के बाद सामान वापिस कर दिया गया।

# धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**बेहट।** सुल्तानपुर माली उर्फ मीरगढ़ स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय (मर्ज) का वार्षिकोत्सव बड़े हर्षोउल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया।

वार्षिकोत्सव उद्घाटन मुख्य अतिथि साढ़ौली कदीम के खंड शिक्षा अधिकारी सोमवीर सिंह व पूर्व प्रधान जसराज सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार के द्वारा सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए



उच्च शिक्षा ग्रहण करने के बाद एवं अन्य कठिन परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने के बाद चयनित होने वाले अभ्यर्थियों को विद्यालयों में अध्यापको की नियुक्ति कर रही है। कार्यक्रम में भाजपा नेता राजकुमार कांगड़ा, इंचार्ज अध्यापक मु.इमरान, फैसल सलीम, सहायक अध्यापिका रजिया सुल्तान,रीता रानी,सहायक अध्यापक अमित कुमार्ज,स्वराज कुमार, शिक्षामित्र नरेश देवी, ग्रामीण नीटू कुमार, प्रमोद कुमार, श्रवण कुमार, सोनम, मंजू रानी, कमलेश देवी, बलजीत सिंह, खलील अहमद, इमरान अली, फैजान गौड, अफजाल, रानी, मिथलेश, सोनिया, जूलिया, पूजा व विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# डम्पर की चपेट में आकर युवक गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पठेड।** पठेड नानोली मार्ग पर गांव पंचकुआ के पास डंपर की चपेट में आकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया तत्पश्चात स्वजन उसे जिला अस्पताल ले गए जहां पर युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया।

घायल व्यक्ति गांव पंचकुआ निवासी बिंटु पुत्र सुखपाल है जिसकी 24 फरवरी को शादी होनी है, मंगलवार को घर पर हल्दी की रस्म थी वह हल्दी की रश्म का समान लेने के लिए पठेड बाजार आया हुआ था सामान लेकर वह अपने गांव वापस आ रहा था तो जैसे ही वह गांव से पहले पचकुआ बुढ़ी यमुना नदी के पुल के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे एक खनिज से भरे डंपर के चालक ने खड्डे से बचने के चक्कर में



कट मारा तो पास से निकल रहे बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया और डंपर युवक के दोनों पैरों को कुचल दिया। तभी मौके पर इकट्ठा हुए राहगीरों ने युवक के परिजनों को सूचना दी घायल अवस्था में स्वजन युवक को जिला अस्पताल ले गए जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। घटना के बाद डंपर चालक मौके पर डंपर को छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों की भारी भीड़ ने डंपर के आगे खड़े होकर मौके पर जाम लगा दिया ग्रामीणों का कहना था दिन रात चल रहे ओवरलोडिंग व अवध एवं बिना नंबर प्लेट के खनिज के वाहनों के कारण उनका घर से निकलना ही मुश्किल हो गया है बच्चों को स्कूल भेजने पर भी डर लगता है। उन्होंने पुलिस से दिन में खनिज के वाहनों पर रोक लगाने की मांग की है। लगभग दो घंटे बाद पुलिस के समझाने पर ग्रामीणों ने डंपर को मौके से हटाने दिया। इस बारे में पुलिस चौकी पठेड प्रभारी चंद्रपाल सिंह ने बताया कि डंपर को कब्जे में ले लिया गया है अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलते ही डंपर चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# क्रेन का हिस्सा टूटा, मजदूर पर गिरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** निर्माणाधीन पुल पर चलते कार्य के दौरान क्रेन का एक हिस्सा टूट कर काम कर रहे एक मजदूर के ऊपर गिर गया।जिस कारण मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई।स्थानीय लोगों ने ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरते जाने की बात कही है।

मंगलवार को हाइवे पर शहरीपुल से तेलीपुरा के बीच बनाए जा रहे ओवर ब्रिज पर कार्य चल रहा था।इसी दौरान अचानक एक क्रेन एक भारी हरकम हिस्सा टूट कर कार्य कर रहे एक मजदूर के ऊपर गिर गया।अचानक हुई घटना से अफरा तफरी मच गई।स्थापित लोगों व राहगीरों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई।मौके पर पहुँची पुलिस ने घटना की जानकारी लेते हुए उक्त मजदूर



को हॉस्पिटल भिजवाया जहाँ मौजूद चिकित्सकों ने मजदूर को मृत घोषित कर दिया।मृतक मजदूर की पहचान फुरकान पुत्र फुल्लन निवासी मौहल्ला पल्लीपार लक्ष्मीनगर थाना महावन जिला मथुरा के रूप में हुई है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्वाही में जुट गई है।

जहाँ घटना से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है वहीं मजदूरों के लिए भी चिंता का विषय है।वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरब्रिज लगभग तीन वर्षों से निर्माणाधीन है और धीमी गति के कारण इसके निर्माण में अब भी समय लग रहा है जो क्षेत्र के लोगों के लिए एक समस्या की तरह बना हुआ है।साथ ही निर्माण कार्य के दौरान मजदूरों के लिए सुरक्षा उचित प्रबंध नहीं है।

## सीबीएसई परीक्षा, पहले पेपर में खिले दिखे बच्चों के चेहरे

**सहारनपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाएं जनपद में आज से शुरू हो गईं। प्रथम पाली में हाईस्कूल की गणित विषय की परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें भारी संख्या में परीक्षार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा समाप्त होने के बाद अधिकांश छात्रों के चेहरे खुशी से खिले हुए नजर आए।

परीक्षार्थियों का कहना था कि प्रश्नपत्र अपेक्षाकृत आसान था और उसे हल करने में किसी विशेष परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। परीक्षा को शांतिपूर्ण और नकल. विहीन संपन्न कराने के लिए सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रशासन की ओर से सतर्क निगरानी रखी गई।

# आबादी क्षेत्र में धीमी हो मालगाड़ी की गति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रेल मालवाहक गलियारे से घर की दीवारों में दरारें आई और छत भी कांपने लगती है। नगर के बीचो बीच स्थित गिल कॉलोनी के क्षेत्रवासियों ने आज जिला अधिकारी के माध्यम से केंद्रीय रेल मंत्री को भेजे पत्र में मांग करते हुए कहा कि आबादी वाले क्षेत्रों में मालगाड़ी की गति धीमी कराई जाए।

गिल कॉलोनी के क्षेत्रवासी आज जिला मुख्यालय पहुंचे और अपनी समस्या को लेकर जिला अधिकारी से मुलाकात की उन्होंने बताया कि वह लोग 1960 से यहां पर रह रहे हैं और उनके घरों के समीप से रेल माल वाहक गलियारा बनाया गया है जिस पर बहुत तेजी से माल गाड़ियों का आगमन होता है उन्होंने कहा कि माल गाड़ियों की गति अधिक होने के कारण घर की दीवारें हिलने लगती है



और कई में दरारें पड़ चुकी हैं यही नहीं मकान की छत भी कपटी है उन्होंने कहा कि डर के कारण उनके घर पर मेहमानों का आना-जाना भी बंद हो गया है और कई पशु भी रेलगाड़ी की चपेट में आ जाने के कारण मौत का शिकार हो चुके हैं।

उन्होंने जिला प्रशासन के माध्यम से केंद्रीय रेल मंत्री को भेजे पत्र में कहा कि वह लोग इस रेल मार्ग को बंद करने की मांग नहीं कर रहे हैं बल्कि शारदा नगर फाटक से धमोला नदी तक माल रेल गाड़ियों की गति धीमी की जाए ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा और जनहानि का सामना ने करना पड़े

इस दौरान तरसेन सिंह हरप्रीत कौर,गुरमीत सिंह,रतन सिंह ठाकुर,दर्शन सिंह शालू चोपड़ा गोपाल अर्णव जैन अंकुश शर्मा तुषार सैनी भूपेंद्र सिंह करनप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे

**सूचना**

मैंने अपना नाम Meena Dua से बदलकर Neena Dua रख लिया है। भविष्य में मुझे सभी उद्देश्यों के लिए Neena Dua नाम से जाना जाए।

**नीना दुआ पत्नी स्व. रविंद्र कुमार दुआ निवासी 60 केशवपुरम अहमद बाग सहारनपुर।**

# फिरोजाबाद में श्री गुरु रविदास दरबार का निर्माण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** फिरोजाबाद गांव में श्री गुरु रविदास दरबार का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। जल्द ही यह भव्य दरबार बनकर तैयार हो जाएगा।

बता दें कि जिला सहारनपुर के गांव फिरोजाबाद में इन दिनों भक्ति व उत्साह का अनोखा वातावरण देखने को मिल रहा है। गांव में गुरु रविदास जी को समर्पित एक भव्य दरबार के निर्माण कार्य की शुरुआत हो चुकी है। इस पवित्र पहल का श्रेय युवा समाजसेवी कमेटी वालो को जाता है जिनके निरंतर प्रयास और समर्पण ने पूरे गांव को एकजुट होकर इस निर्माण कार्य में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया।

लंबे समय से गांव में श्री गुरु रविदास जी के दरबार की आवश्यकता महसूस की जा रही थी ताकि श्रद्धालु एक स्थान पर एकत्र



होकर भजन, कीर्तन, सत्संग और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर सकें। इसी को देखते हुए अंकुर कुमार ने पहल करते हुए गांव के बुजुर्गों, युवाओं तथा महिलाओं से संवाद स्थापित किये। सभी को इस पुण्य कार्य में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। ग्रामवासी इस पुण्य कार्य में तन, मन और धन से सहयोग कर रहे हैं। कोई व्यक्ति आर्थिक सहायता दे रहा है तो कोई श्रमदान के माध्यम से योगदान कर रहा है। वहीं महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय है। ग्रामीणों का कहना है कि यह दरबार केवल एक भवन ही नहीं बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक बनेगा। निर्माण पूर्ण होने के बाद यहां नियमित धार्मिक कार्यक्रम, भंडारे तथा सामाजिक सभाएं आयोजित की जाएंगी।

अंकुर कुमार ने बताया कि यह परियोजना किसी एक व्यक्ति का प्रयास नहीं बल्कि पूरे गांव की सामूहिक आस्था और एकजुटता का परिणाम है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जल्द ही निर्माण कार्य पूरा कर इसे श्रद्धालुओं को समर्पित किया जाएगा। उन्होंने इस पुण्य कार्य मे सभी लोगों से बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी लेने की अपील की है।

# पारदर्शी हो मतदाता सूची: कमलाकांत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी (ईओ) कमलाकांत राजवंशी ने जोर देकर कहा कि मतदाता सूची पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए। किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से नहीं कटना चाहिए और अपात्र व्यक्तियों के नाम तुरंत हटाए जाएं। इसके लिए घर-घर जाकर सत्यापन सुनिश्चित किया जाए।

मंगलवार को ईओ कमलाकांत राजवंशी ने बूथ संख्या 423, 424, 425, 426, 427, 428, 438 तथा 442 का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी ब्लॉक लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही मतदाताओं से अपील की कि वे समय रहते अपना वोटर आईडी बनवाएं या सुधार करवाएं।नगर पंचायत सभागार में



डाटा फीडिंग का कार्य भी तेज गति से चल रहा है। ईओ ने बताया कि श्नो मेपिंगश के कुल 995 नोटिस जारी किए गए थे, जिनमें से 525 का निस्तारण हो चुका है। वहीं लॉजिकल एरर के 2698 नोटिस में से लगभग 1600 का समाधान किया जा चुका है। इस दौरान रजत सैनी, वीरेंद्र शर्मा, तुषार शर्मा, शबनम, सीमा, रीना देवी, शशि बाला, अंजलि सैनी, अनुराधा, राकेश, विनय भारद्वाज, उमा, सुरेखा, नुसरत बानो, सोनिया, कुसुम, मीनाक्षी कंबोज, नीलम मौर्य सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

ईओ ने कहा कि स्वच्छ और सटीक मतदाता सूची लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है।

# स्कूल जा रहे मासूम भाइयों पर कुत्ते ने किया हमला, एक घायल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नगर में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार की सवेरे स्कूल जा रहे दो भाईयों पर कुत्ते ने हमला कर दिया। इसमें पांच साल के जयान के सिर पर कुत्ते ने कई जगह काटा। जिसमें वह घायल हो गया। जबकि दूसरा भाई बाल बाल बच गया।

मोहल्ला पठानपुरा घास मंडी निवासी 5 वर्षीय जावेद के बेटे जयान नर्सरी और वर्षीय बड़ा भाई फवाज कक्षा एक का छात्र है। मंगलवार की सुबह 8.45 बजे दोनों भाई स्कूल जा रहे थे। जैसे वह घर से कुछ दूर पहुंचे पीछे से आए आवारा कुत्ते ने जयान को झपट कर नीचे गिरा दिया और उस पर हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गया। भाई को बचाने आए फवाज पर भी कुत्ते ने हमला किया। लेकिन इसमें वह बाल बाल बच गया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने उन्हें बचाया। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। मोहल्लावासियों का कहना है कि दस दिन के भीतर कुत्ते छह बच्चों पर हमले कर चुके हैं। उन्होंने प्रशासन से आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है

## युवती ने पशु चिकित्सक पर निकाह का झांसा देकर शोषण करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पशु चिकित्सक द्वारा शादी का झांसा देकर युवती का पांच सालों तक शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। इतना ही नहीं परिजनों द्वारा युवती का निकाह किसी और से कर दिए जाने पर आरोपी ने बारात से केवल दो दिन पहले ससुराल में फोन कर युवती को तलाक करा दिया। जिससे परिवार में हडकम्प मच गया। पीडित परिजनों ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

नगर के ही एक मोहल्ला निवासी युवती अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची और पुलिस को बताया कि गांव खंडजा निवासी पशु चिकित्सक के साथ पिछले पांच वर्षों से वह रिलेशन में थी।

इस दौरान शादी का झांसा देकर बार बार उसका शोषण किया गया। बताया कि पांच साल गुजरने के बावजूद जब आरोपी ने उससे विवाह नहीं किया तो परिजनों ने उसका विवाह दूसरी जगह तय करते हुए 12 दिन पूर्व निकाह करा दिया। दो दिन बाद उसकी बारात आनी थी, उसने अपने हाथों पर मेहंदी भी लगा ली थी और घर में शादी की तैयारियां चल रहीं थी लेकिन आरोपी चिकित्सक ने उसकी ससुराल में फोन कर बारात रुकवाते हुए उसे तलाक दिलवा दी। जिसके चलते वह और उसका पूरा परिवार सदमे में है, उसका भविष्य पूरी तरह अंधकारमय हो गया।

पीड़िता युवती ने आरोपी पशु चिकित्सक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उसे इंसाफ दिलाने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरपाल शर्मा ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। तहरीर मिलने पर जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बेसिक कोटा बढ़ाओ-दोगुना लाभ कमाओ योजना के तहत उर्वरकों का किया वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** त्रिवेणी शुगर मिल ने बेसिक कोटा बढ़ाओ-दोगुना लाभ कमाओ योजना के तहत चयनित किसानों को उर्वरकों का वितरण किया गया।

त्रिवेणी शुगर मिल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को उर्वरकों का वितरण करते हुए मिल उपाध्यक्ष पुष्कर मिश्र ने बताया कि मिल ने यह योजना किसानों को उनके बेसिक कोटे के बराबर या उससे अतिरिक्त गन्ना आपूर्ति करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरु की है। उन्होने बताया कि योजना के अतिरिक्त इनामी योजना श्रेणी में अपने बेसिक कोटा के बराबर गन्ना आपूर्ति करने वाले सभी किसानों को लक्की ड्रा पद्धति से चयनित कर विशेष उपहार प्रदान किए जाएंगे। इनाम प्राप्त करने वाले किसानों में शिवपुर, चंदेना कोली, साखन,



पनियाली कासिमपुर, रणमलपुर समेत अन्य गांवों के सैंकड़ों किसान शामिल रहे।

मिल अधिकारियों का कहना है कि यह योजना किसानों की आय में वृद्धि के साथ ही क्षेत्र में गन्ना उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। अधिकारियों ने किसानों को अधिक से अधिक गन्ना उत्पादन करने तथा अपना संपूर्ण गन्ना चीनी मिल को आपूर्ति करने के लिए प्रेरित किया।

# छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भायला पीजी कालेज में एनएसएस शिविर में दूसरे दिन छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। इस दौरान कन्या भ्रूण हत्या को महापाप बताते हुए बेटा बेटी को एक समान समझने की सीख दी गई।

भायला पीजी कालेज प्रांगण में कार्यक्रम अधिकारी डा. राजेश कुमार के निर्देशन में निकाली गई रैली के दौरान छात्रों ने प्रेरक नारों के माध्यम से ग्रामीणों को बेटियों को शिक्षित बनाने के प्रति जागरूक किया। वहीं, छात्रों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को बताया कि भ्रूणहत्या महापाप है। हमें इस जघन्य अपराध से बचते हुए बेटा व बेटी में भेदभाव नहीं करना चाहिए। बेटियों को भी




बेटों के बराबर हर क्षेत्र में समान अवसर प्रदान करने चाहिए। प्राचार्य डा. प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि आज की नारी अबला नहीं सबला है। इस मौके पर प्रिया, ईशा, मेघा ,रिया, संजना, सलोनी आदि रहे। उधर, सिद्धार्थ महाविद्यालय आखलौर खेड़ी के शिविर में एसबीआई रोहाना से आए ऋषिपाल ने डिजिटल बैंकिंग की जानकारी दी। उन्होंने फ्राड काल व लाटरी आदि के काल से बचने का आह्वान किया।

# सुप्रीम कोर्ट की प्रतिक्रिया से होगी न्यायालय की छवि प्रभावित : मदनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के समुदाय विशेष को लेकर घृणास्पद और भडकाऊ कृत्य के मामले में सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं को हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया गया है। जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य मौलाना महमूद मदनी ने इस पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे न्यायप्रिय लोगों के लिए निराशाजनक रवैया बताया है।

मंगलवार को जारी बयान में मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 32 को डॉ. बीआर अंबेडकर ने संविधान का दिल और आत्मा बताया था, क्योंकि यह नागरिकों को अपने मूलभूत अधिकारों की सुरक्षा के लिए



सीधे सुप्रीम कोर्ट से संपर्क करने का अधिकार देता है। ऐसे मामले जिनका संबंध हेट स्पीच, साम्प्रदायिकता और किसी वर्ग के जीवन के अधिकार से हो, उनमें सुप्रीम कोर्ट से कठोर और स्पष्ट कदम उठाने बल्कि स्वयं संज्ञान लेने (सुओ-मोटो) की कार्रवाई की भी उम्मीद की जाती है। मदनी ने कहा कि जब देश के एक मुख्यमंत्री द्वारा घृणात्मक कृत्य के मामले में सीधे सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई जाए और उसे चुनावी राजनीति से जोडकर कमजोर प्रकृति का मामला बताया जाए, तो जनता के मन में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या हमारी न्याय व्यवस्था सरकार के सामने घुटने टेक रही है या मुख्यमंत्री के हितों को न्याय पर प्राथमिकता दी जा रही है। ऐसी भावना न केवल निराशा को बढ़ावा देती है बल्कि न्यायालय के सार्वजनिक सम्मान और उसकी प्रतिष्ठा पर भी प्रभाव डालती है। कहा कि जमीअत उलमा-ए-हिंद न्यायपालिका के सम्मान में विश्वास रखती है, लेकिन साथ ही यह भी समझती है कि हेट स्पीच और

> जमीयत उलमा-ए-हिंद हाई कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाएगी ताकि शांति और न्याय में विश्वास रखने वाले लोग निराशा न हो सकें

साम्प्रदायिकता उकसावे के मामलों में गंभीरता, निष्पक्षता और त्वरित न्याय अत्यंत आवश्यक है। खासकर जब मामला किसी राज्य के मुख्यमंत्री से संबंधित हो, तो उसकी सुनवाई सीधे सुप्रीम कोर्ट में होनी चाहिए, ताकि देश की गरिमा और संवैधानिक सर्वोच्चता को चुनौती देने वालों को स्पष्ट संदेश जा सके। मदनी ने कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद हाई कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाएगी ताकि शांति और न्याय में विश्वास रखने वाले लोगों को निराशा न हो और देश में न्याय और समरसता की व्यवस्था मजबूत और स्थिर रहे।

## दरगाह पहुंचने पर मौलाना सैयद कल्बे जव्वाद का स्वागत

**नजीबाबाद।** विश्व प्रसिद्ध दरगाहे आलिया नजफ ए हिन्द जोगीपुरा में शिया धर्मगुरू मौलाना सैयद कल्बे जव्वाद नकवी का जिला बिजनौर सहित बाहर से आए मोमिनीन ने गर्मजोशी व अकीदत के साथ भव्य स्वागत किया। अकबर गेट से लेकर हजरत अली (अलैहिस्सलाम) के रोजे तक 'नाराए हैदरी' से पूरा इलाका गूंज उठा। मोमिनीन ने मौलाना कल्बे जव्वाद को ईरान में मिले इमाम खुमैनी अवॉर्ड की मुबारकबाद पेश की। वहीं मौलाना शबाब हैदर नकवी को दरगाह का प्रशासक नियुक्त किये जाने पर मुबारकबाद पेश की। वहीं मौलाना शबाब हैदर नकबी को दरगाह का प्रशासक नियुक्त किए जाने पर मुबारकबाद पेश की।

## एक नजर

### ब्लड सेंटर का शुभारंभ



**नगीना।** नगीना चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नगर व आसपास के लोगों की रक्त संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए गोयल आयुर्वेदिक औषधालय में नगीना चैरिटेबल ब्लड सेंटर की स्थापना की गई, जिसका शुभारंभ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुपम सिंह के कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाया गया, जिसमें 8 महिलाओं सहित कुल 75 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। नगीना भारत सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डा. श्वेत कमल, मनमीत विश्नोई, शम्मी पाल, सलाउद्दीन सिद्दीकी, अमन जोशी, सचिन मित्तल, दीपक अरोड़ा व जतिन राजपूत ने बताया कि इस ब्लड सेंटर के खोलने का उद्देश्य क्षेत्र के पीड़ितों की सहायता करना तथा कम दामों पर ब्लड उपलब्ध कराना रहेगा। उन्होंने बताया कि ब्लड डोनर को यदि ब्लड की आवश्यकता पड़ती है तो उसे मिनिमम खर्च मात्र 1600/ रुपए में एक यूनिट ब्लड उपलब्ध कराया जाएगा तथा जो ब्लड डोनर नहीं होंगे या बदले में ब्लड उपलब्ध नहीं कराएंगे उन्हें एक यूनिट ब्लड 3500/- रुपए में उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर विधायक मनोज पारस, चौधरी कुलवीर सिंह, रुद्राक्ष वशिष्ठ, विक्की जैन, मकसूद उस्मानी, डा. विमल चौहान, डा. आकाश अग्रवाल, अमित विश्नोई, पूर्व सांसद मुंशीराम, हर्षित निमिष, शेखर, प्रदीप गर्ग, पूनम अग्रवाल, अदिति गोयल, अनीता पोखरियाल, भगवती गोसाई, राहुल कुमार, हाजी फहीम अख्तर, सलमान खान, काशिफ खान, अजय सिंह, अजय जैन, आमोद शुक्ला सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं ब्लड लेने वाली टीम से डा. विजय यादव, डा. पंकज मेहरा, वरुण पोखरियाल, भास्कर सिंह, प्रदीप सिंह, विजय सिंह, लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद रहे।

### कृष्णा कालेज में क्विज प्रतियोगिता



**बिजनौर।** कृष्णा कालेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कालेज संस्थापक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, लॉ कालेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां, साइंस कालेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में देश-विदेश मे हो रही गतिविधियों पर आधारित प्रश्न पूछे गये। प्रतियोगिता में टीम डी की स्नेह शर्मा व निशा ने प्रथम स्थान तथा टीम ए की कीर्ति सिंह व सिमरन तोमर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में जन्तु विज्ञान विभागाध्यक्षा डा. शोमा सिंह व रसायन विज्ञान विभागाध्यक्षा डा. पायल राठी ने छात्र/छात्राओं को विभिन्न राउंड के अनुसार नंबर दिए। प्रतियोगिता माइक्रोबायोलॉजी की विभागाध्यक्षा डा.ज्योत्सना सिंह के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्रवक्ता रजविंदर कौर व इफरा परवीन ने अहम योगदान दिया।

### राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में आदित्य बिरला कैपिटल फाउंडेशन और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटी मार्केट्स (एनआईएसएम) द्वारा प्रायोजित 'युवाओं के लिए वित्तीय शिक्षा' विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला के समापन दिवस का शुभारंभ मुख्य वक्ता डा. नृपेंद्र कुमार शर्मा, सिक्योरिटी मार्केट ट्रेनर (सेबी), मुख्य अतिथि डा. मंजू चौधरी, प्रो. मंजू अरोड़ा एवं समन्वयक श्रीमती ज्योति कर्णवाल के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात सभी का स्वागत पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया गया। इसके पश्चात मुख्य वक्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि युवा नागरिकों के लिए वित्तीय शिक्षा एक महत्वपूर्ण विषय है।

### ग्राम प्रधानों व पंचायत सचिवों पर दबाव बनाने का मामला गरमाया

# ब्लॉक प्रमुख को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विकास खंड अल्हैपुर-धामपुर क्षेत्र में ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सचिवों पर बाहरी दबाव बनाए जाने के आरोपों को लेकर ग्राम प्रधान संघ ने प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। इस संबंध में ग्राम प्रधान संघ की ओर से ब्लॉक प्रमुख को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि आगामी चुनावों के मद्देनजर गांवों में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। कुछ व्यक्ति एवं संगठन ग्राम पंचायतों पर निजी हितों के लिए अनुचित दबाव बना रहे हैं। ग्राम प्रधानों का आरोप है कि कई बार



बिना किसी जांच के शिकायतें दर्ज कराने की धमकी दी जाती है, जिससे पंचायत स्तर पर कार्य प्रभावित हो रहा है। ग्राम प्रधानों ने कहा कि पंचायतों द्वारा विकास कार्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार किए जा रहे हैं और उनकी निगरानी संबंधित विभागों द्वारा होती है। इसके बावजूद अनावश्यक हस्तक्षेप से ग्राम प्रधानों की कार्यशैली प्रभावित हो रही है।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि किसी भी शिकायत पर कार्रवाई से पहले निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा ग्राम प्रधानों और सचिवों को बेवजह प्रताड़ित न किया जाए। साथ ही दबाव बनाने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। ग्राम प्रधान संघ ने चेतावनी दी कि यदि इस तरह की परिस्थितियां बनी रहीं, तो वे मजबूर होकर सामूहिक आंदोलन का रास्ता अपनाने पर विचार करेंगे।

प्रशासन से ग्रामीण विकास कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु पंचायत प्रतिनिधियों को सुरक्षित एवं स्वतंत्र वातावरण उपलब्ध कराने की अपील की गई है।

## आभा फाउंडेशन 500 छात्राओं को देगी साइकिलें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** आभा फाउंडेशन द्वारा छात्राओं के लिए आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम की तारीख में बदलाव किया गया है। यह कार्यक्रम, जो पहले 10 दिसंबर 2025 को प्रस्तावित था, अब 16 मार्च 2026 को आयोजित किया जाएगा। इस योजना के तहत वितरित की जाने वाली साइकिलों की संख्या भी 250 से बढ़ाकर 500 कर दी गई है।

इच्छुक छात्राएं फादरसन पब्लिक स्कूल में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आवेदन पत्र भर सकती हैं। आवेदन केवल वही छात्राएं कर सकेंगी जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं या 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

आवेदन के समय छात्राओं को कुछ आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे। इनमें आधार कार्ड, कक्षा 10वीं या 12वीं की मार्कशीट और विद्यालय द्वारा जारी प्रमाण पत्र शामिल हैं। प्रमाण पत्र में यह प्रमाणित होना चाहिए कि छात्रा ने सत्र 2024-25 में



**अब 16 मार्च को होगा आयोजन**

निर्धारित अनुक्रमांक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है।

यह योजना केवल उत्तर प्रदेश बोर्ड से उत्तीर्ण छात्राओं के लिए लागू होगी। साइकिलों का वितरण छात्राओं की रैंक के आधार पर किया जाएगा। आभा फाउंडेशन का लक्ष्य योग्य और मेधावी छात्राओं को आगे की पढ़ाई में सुविधा प्रदान करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

## बकाया विद्युत बिल समय से जमा करें उपभोक्ता : एसडीओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी एसडीओ जीडी प्रजापति ने क्षेत्र के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि जिन उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का बकाया है, वे शीघ्र ही अपना बिल जमा कर दें। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि बकाया राशि समय पर जमा न करने की स्थिति में नियमानुसार कनेक्शन विच्छेदन एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।

एसडीओ जीडी प्रजापति ने बताया कि सरकार द्वारा समय-समय पर उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए विभिन्न राहत योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य बकाया उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत प्रदान करना है। इन योजनाओं के तहत सरचार्ज में छूट एवं किस्तों में भुगतान जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं ताकि उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ न पड़े और वे आसानी से अपना बकाया निपटा सकें। उन्होंने क्षेत्रवासियों से



**योजनाओं का लाभ उठाने की अपील**

अनुरोध किया कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और अधिकृत विद्युत कार्यालय अथवा विभागीय हेल्पलाइन से ही सही जानकारी प्राप्त करें। साथ ही यह भी कहा कि समय से बिल जमा करने से न केवल अनावश्यक परेशानी से बचा जा सकता है, बल्कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा सकती है।

# स्योहारा में सूखे कूड़े से बन रही बिजली

**स्योहारा।** नगर पालिका द्वारा शहर में स्वच्छता व व्यवस्था को मजबूत करते हुए संसाधनों के बेहतर उपयोग की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है।

नगर से डोर-टू-डोर उठाए जा रहे गीले और सूखे कूड़े का पृथक्करण (सेग्रिगेशन) किया जा रहा है। इसी प्रक्रिया के अंतर्गत सूखे कचरे को वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण कर उससे बिजली तैयार की जा रही है। यह प्लांट नगर पालिका द्वारा स्थापित कराया गया है। व्यवस्था लागू होने के बाद पालिका के बिजली खर्च में उल्लेखनीय कमी आई है। पहले जहां नगर पालिका का मासिक बिजली बिल करीब डेढ़ लाख रुपये से अधिक पहुंच जाता था। वहीं अब यह घटकर लगभग 20 हजार रुपये के आसपास रह गया है। इससे पालिका को आर्थिक मजबूती मिली है और बची हुई धनराशि को अन्य विकास कार्यों में लगाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी के विशेष प्रयासों से नगर की जनता के पैसे जो पहले अधिक मात्रा में बिजली बिल के रूप में खर्च हो रहे थे, उनमें भारी कमी आई है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नगर हित सर्वोपरि है और जनता के टैक्स का हर एक रुपया विकास में लगे, यही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी बताया कि उनका लक्ष्य भविष्य में नगर पालिका का बिजली बिल शून्य करने की दिशा में काम करना है ताकि बची हुई धनराशि से सड़कों नालों प्रकाश व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाया जा सके। शेख फैसल वारसी लगातार स्वच्छता, पारदर्शिता और नवाचार को बढ़ावा देने पर जोर दे रहे हैं नगर में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने कूड़ा पृथक्करण को जनांदोलन बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देने की दिशा में वे स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उनका मानना है कि स्वच्छ और आत्मनिर्भर स्योहारा ही भविष्य का सशक्त स्योहारा होगा।

अधिशासी अधिकारी बिजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि शासन की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नीति के अनुरूप कूड़े का पृथक्करण और प्रसंस्करण किया जा रहा है। सूखे कचरे से ऊर्जा उत्पादन की यह व्यवस्था पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आर्थिक बचत का भी सशक्त माध्यम बनी है। नगरवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई है कि पालिका प्रशासन आगे भी ऐसे नवाचारों के माध्यम से स्योहारा को स्वच्छ सुंदर और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करता रहेगा।

## एक नजर

### युवाओं ने ली आसपा की सदस्यता



**किरतपुर।** किरतपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान आजाद समाज पार्टी के विस्तार को लेकर सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें सैकड़ों युवाओं, पुरुषों, बुजुर्गों व महिलाओं ने सदस्यता ली। इस अवसर पर पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता अशरफ जमील ने मकबूल चौधरी, अकरम चौधरी, अजहर शेख, हैदर शैख, अफजाल मंसूरी, फरीद कास्सर, सलीम अंसारी, सलीम खान, खिजर शेख, वसीक शेख, नईम शेख सहित सैकड़ों जिम्मेदार लोगों और उनके समर्थकों को आजाद समाज पार्टी की सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इनमें सरफराज मलिक, दानिश कुरैशी, नवीन भारती, फहाद खान, ओसामा मलिक, फैजान राईन, एडवोकेट मोनू, शेख मंसूर , बंटी, सुमित, मनीष, इजहार और सोनू प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस दौरान एडवोकेट अशरफ जमील ने आजाद समाज पार्टी की नीतियों और सामाजिक न्याय के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी नए सदस्यों का स्वागत किया गया और पार्टी के प्रति निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया गया।

### शिव मंदिर में भजन संध्या



**धामपुर।** मौहल्ला खातियान स्थित सुनारों वाले शिव मंदिर मैढ सभा मे भगवान आशुतोष जी का जल अभिषेक हर हर महादेव के जप से प्रारंभ हुआ। शिव भक्तों ने हरिद्वार से कांवड़ लाकर पूर्ण भक्ति भाव के साथ भगवान शिव पर गंगाजल, चंदन, पुष्प, फल, धूप, दीप, भांग, धतूरे आदि से विधिवत पूजा अर्चना की। उमा वर्मा ने शिवजी के महत्व को बताया। माना जाता है सृष्टि के प्रारंभ में इसी दिन मध्य रात्रि भगवान शंकर जी का ब्रह्मा जी से रुद्र के रूप में अवतरण हुआ था। प्रलय की बेला में इसी दिन प्रदोष काल के समय भगवान शिव तांडव करते हुए ब्रह्मांड के तीसरे नेत्र की ज्वाला से सब समाप्त कर देते हैं, इसीलिए इसे शिवरात्रि कहा जाता है। इस अवसर पर महिलाओं ने भजन संध्या का आयोजन करके मंदिर परिसर को शिव मय बना दिया। इस अवसर पर दीपमाला वर्मा, सुमन वर्मा, ज्योति वर्मा, रेनू वर्मा, शालिनी वर्मा, नमीता वर्मा, ममता वर्मा, निशा वर्मा, दीपा वर्मा, उमा वर्मा, नीलम वर्मा, चाहत वर्मा, रुक्मणी वर्मा, उर्मिला वर्मा, रेनू तोमर, सीमा सिंह, गजनी सिंह, रचना शर्मा, सोमवती, प्रेमवती तथा अन्य महिलाएं उपस्थित रही। अंत में आरती करके प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेश वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### धारावाहिक सीआईडी के डायरेक्टर ने दिए टिप्स

**कोतवाली देहात।** मशहूर धारावाहिक सीआईडी के डायरेक्टर ईश्वर सिंह ने कंपोजिट स्कूल सराय डडूंबर के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि क्राइम पर आधारित धारावाहिकों का उद्देश्य समाज को अच्छा संदेश देना है। हर व्यक्ति यह समझ ले कि यदि कोई अपराध करता है तो वह बचेगा नहीं।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को पढ़ाई का मंत्र देते हुए कहा कि स्कूल में जो भी पढ़ाया जाता है, उसे घर पर जाकर रिवाइज करें और लिखकर याद करें। वे सीरियल की स्क्रिप्ट याद करने के लिए ऐसा ही करते हैं। छात्र-छात्राओं ने उनसे सीआईडी के कलाकारों के संबंध में सवाल पूछे। डायरेक्टर ने उनकी जिज्ञासा का समाधान किया। उन्होंने यह भी बताया कि वह बिजनौर जिले में फिल्म बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। इस दौरान उनके साथी कफील अहमद, शिक्षक नीरज कुमार वर्मा, टोटर सिंह, मौहम्मद वाजिद आदि मौजूद रहे।

# गावस्कर, कपिल समेत 14 कप्तानों की इमरान से बेहतर बर्ताव की अपील



● 14 हस्ताक्षर करने वाले कप्तानों ने इमरान खान के साथ हुए कथित बर्ताव और जेल के हालात पर गहरी चिंता जताई

**नई दिल्ली, वार्ता।** सुनील गावस्कर और कपिल देव समेत 14 इंटरनेशनल कप्तानों ने पाकिस्तान सरकार से इमरान खान के साथ शारीरिक, मानसिक, पर्यावरण और यहां तक कि सामाजिक तौर पर भी बेहतर बर्ताव की जोरदार अपील की है। क्रिकबज समेत कुछ चुनिंदा मीडिया आउटलेट्स को जारी किया गया यह जॉइंट स्टेटमेंट, पूर्व वर्ल्ड कप विनिंग कप्तान की भलाई के लिए एक ऑफिशियल रिप्रेजेंटेशन है, जो जेल में बंद हैं और उनकी हेल्थ या सेफ्टी के बारे में कोई जानकारी मौजूद नहीं है। 14 साइन करने वालों में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और भारत के पूर्व हेड कोच ग्रेग चैपल भी शामिल हैं।

अपनी एक पेज की रिक्वेस्ट में, उन्होंने कहा है कि हम पाकिस्तान सरकार से आदर के साथ रिक्वेस्ट करते हैं कि इमरान खान को ए मिलें। उनकी बताई गई हेल्थ प्रॉब्लम को ठीक करने के लिए उनकी पसंद के क्वालिफाइड स्पेशलिस्ट से तुरंत, सही और लगातार मेडिकल मदद। इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के हिसाब से हिरासत में इंसानी और इज्जतदार हालात, जिसमें परिवार के करीबी सदस्य रेगुलर तौर पर उनसे मिलते रहें। बिना किसी बेवजह देरी या रुकावट के कानूनी प्रोसेस तक सही और ट्रांसपेरेंट पहुंच। गावस्कर, कपिल और चैपल के अलावा, दूसरे साइन करने वालों में माइकल आथर्टन, एलन बॉर्डर, माइकल ब्रेयरली , इयान चैपल, बेलिंडा क्लार्क, डेविड गॉवर, किम ह्यूजेस, नासिर हुसैन, सर क्लाइव लॉयड, स्टीव वॉ, और जॉन राइट शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि उनकी हेल्थ से जुड़ी हालिया रिपोर्ट खासकर हिरासत में रहने के दौरान उनकी नजर में खतरनाक गिरावट और पिछले दो सालों में उनके जेल में रहने के हालात। पिछले डेढ़ साल ने हमें बहुत चिता में डाल दिया है।

उन्होंने लिखा कि साथी क्रिकेटरों के तौर पर, जो फेयर प्ले, सम्मान और इज्जत की वैल्यू को समझते हैं, जो हद से ज्यादा हैं, हमारा मानना है कि इमरान खान जैसे कद के इंसान के साथ वैसी ही इज्जत और बुनियादी इंसानी सोच होनी चाहिए जैसी एक पूर्व नेशनल लीडर और एक ग्लोबल स्पोर्टिंग आइकॉन के साथ होनी चाहिए। उन्होंने इमरान खान के साथ हुए कथित बर्ताव और जेल के हालात पर गहरी चिता जताई। उन्होंने बताया है कि कैसे इमरान को उनकी इंस्पायरिंग लीडरशिप और क्रिकेट में योगदान के लिए पूरी दुनिया में पसंद किया जाता है। इमरान खान के खेल में योगदान की पूरी दुनिया में तारीफ होती है।

# पाक के लिए करो या मरो मुकाबला

## आज कोलंबो में भारत के दबाव के साथ उतरेगी पाक टीम, सुपर-8 की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए नामीबिया को हराना होगा



**कोलंबो/नई दिल्ली, वार्ता।** पाकिस्तान का करो या मरो वाला मुकाबला और दक्षिण अफ्रीका का शानदार दबदबा बुधवार को टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में एक दिलचस्प मुक. ाबला पेश करेगा। जहां दक्षिण अफ्रीका क्वालिफिकेशन पक्की करके और मोमेंटम के साथ यूनाइटेड अरब अमीरात के खिलाफ अपने आखिरी ग्रुप डी मुकाबले में उतरेगा, वहीं पाकिस्तान कोलंबो में भारी दबाव में उतरेगा, उसे सुपर आठ की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए नाम. ीबिया के खिलाफ जीत की जरूरत है। नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में, दक्षिण अफ्रीका हर तरह से खिताब का दावेदार लग रहा है। तीन मैचों में तीन जीत ने उन्हें आराम से अगले स्टेज में पहुंचा दिया है। कप्तान एडेन मार्करम ने आगे बढ़कर लीड किया है, उन्होंने तीन पारियों में 150 रन बनाए हैं, जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ 44 गेंदों पर नाबाद 86 रन की तूफानी पारी भी शामिल है। बॉलिंग अटैक ने बैटिंग की ताकत का मुकाबला किया है। लुंगी एनगिडी ने तीन मैचों में आठ विकेट लेकर खतरनाक प्रदर्शन किया है, जबकि मार्को यानसन और केशव महाराज ने अहम सफलताएं दिलाई हैं। यूएई के खिलाफ जीत की 97 प्रतिशत संभावना के साथ, प्रोटियाज अपनी टीम को रोटेट भी कर सकते हैं क्योंकि उनका लक्ष्य ग्रुप स्टेज में बिना किसी गलती के जीत हासिल करना है। यूएई, जो पहले ही बाहर हो चुका है, ने अपने पिछले मैच में दम दिखाया। सोहैब खान ने अफगानिस्तान के खिलाफ 68 रन बनाकर टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार हाफ-सेंचुरी बनाई, लेकिन उनका 160/9 का स्कोर काफी नहीं था। हालांकि वे दक्षिण अफ्रीका को चुनौती देना चाहेंगे, लेकिन गहराई और कंसिस्टेंसी में अंतर साफ दिखता है। इसके बिल्कुल उलट, कोलंबो के एसएससी क्रिकेट ग्राउंड पर नामीबिया के खिलाफ पाकिस्तान का शाम का मुकाबला कहीं ज्यादा अहम है। भारत से 61 रन की करारी हार ने 2009 की चैंपियन टीम को मुश्किल में डाल दिया है। एक और चूक जल्दी बाहर होने का कारण बन सकती है। अनुभव से भरी टीम के बावजूद, पाकिस्तान की बैटिंग खराब रही है। साहिबजादा फरहान 120 रन के साथ उनके रन चार्ट में सबसे आगे हैं, लेकिन टॉप पर इन कंसिस्टेंटनेस ने उन्हें नुकसान पहुंचाया है। पूर्व कप्तान बाबर आजम तीन मैचों में सिर्फ 66 रन ही बना पाए हैं, जबकि कप्तान सलमान अली आगा मिडिल ऑर्डर को संभालने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बॉलिंग यूनिट काफी मजबूत रही है, जिसमें कई योगदान देने वालों ने विकेट शेयर किए हैं, हालांकि शाहीन अफरीदी महंगे रहे हैं। कागज पर पाकिस्तान 93 परसेंट जीत की संभावना के साथ भारी फेवरेट बना हुआ है, लेकिन हालिया फॉर्म दबाव में कमजोर होने का संकेत देता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### डुसान लाजोविच का रियो ओपन के अंतिम-16 में प्रवेश

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** सर्बियाई क्वालिफायर डुसान लाजोविच जर्मनी के सातवें सीड डेनियल अल्टमायर को 6-4, 7-6 (7) से हराकर रियो ओपन के आखिरी 16 में पहुंच गए। लाजोविक, जिन्होंने लकी लूजर के तौर पर मेन ड्रॉ में जगह बनाई थी, ने सोमवार को जॉकी क्लब ब्रासीलीरो के आउटडोर क्ले कोर्ट पर दो घंटे और दो मिनट में अपनी पहली सर्व पर 79 परसेंट पॉइंट जीते और नेट पर 14 में से 12 पॉइंट लेकर जीत हासिल की। वर्ल्ड नंबर 54 अल्टमायर ने आठ एस मारे लेकिन 38 अनफोर्स्ड गलतियां कीं और अपनी दूसरी सर्व पर सिर्फ 39 परसेंट पॉइंट जीते। 129वीं रैंक वाले लाजोविच एटीपी 500 इवेंट के अगले राउंड में चिली के टॉमस बैरियोस वेरा या इटली के माटेओ से भिड़ेंगे।

### पेगुला ने आखिरी 9 गेम जीते, राउंड ऑफ-16 में पहुंचीं

**दुबई, वार्ता।** वर्ल्ड नंबर 5 जेसिका पेगुला- जो ऑस्ट्रेलियन ओपन में शानदार सेमीफाइनल रन के बाद आईं - ने डब्ल्यूटीए टूर पर मिडिल ईस्ट स्विंग के पहले दो टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया, बल्कि ठीक होने के लिए यूनाइटेड स्टेट्स वापस चली गईं। नंबर 4 सीड होने के नाते, पेग. ुला को दूसरे राउंड के लिए बाई मिली थी , जहां वह मंगलवार को क्वालिफायर वरवारा ग्राचेवा पर 6-4, 6-0 की रूटीन जीत में निश्चित रूप से तरोताजा और हावी दिखीं। पेगुला को तीसरे राउंड में आगे बढ़ने के लिए सिर्फ 70 मिनट लगे और अब इवा जो. विक और डायना नैडर के विनर का इंतजार है। पेगुला ने जीत के बाद कहा कि अच्छा लग रहा है। किसी स्लैम का इतना अच्छा रिजल्ट आने के बाद, और पहले हफ्ते, वापस खेलना और पिछले हफ्ते स्किप करना यह हमेशा थोड़ा अजीब लगता है।

# आयरलैंड पर टिकी है ऑस्ट्रेलिया की सुपर-8 की किस्मत

● ताकतवर ऑस्ट्रेलिया की नेशनल टीम चौराहे पर खड़ी है उनकी सुपर-8 की किस्मत आयरलैंड व जिम्बाब्वे के सहारे



**नई दिल्ली, वार्ता।** क्रिकेट शानदार अनिश्चितताओं का खेल है, लेकिन आज स्क्रिप्ट हाई ड्रामा जैसी लग रही है - ताकतवर ऑस्ट्रेलिया की नेशनल क्रिकेट टीम चौराहे पर खड़ी है, उनकी सुपर 8 की किस्मत सिर्फ उनके अपने बल्ले से नहीं, बल्कि आयरलैंड और जिम्बाब्वे की किस्मत से जुड़ी है।

जब बड़ी टीमें आगे की बजाय बगल से देखने लगती हैं, तो आप समझ जाते हैं कि कहानी चूल्हे पर ज्यादा देर तक रखे चावल की तरह गाढ़ी हो गई है। ऑस्ट्रेलिया, चोटिल लेकिन सांस लेते हुए, एक मैथमेटिकल भूलभुलैया में फंस गया है। एक जीत, दो हार, और एक नेट रन रेट जो हल्का सा 0-414 पर मुस्कुरा रहा है - यह किसी चैंपियन का अकड़ नहीं है, यह एक ऐसी टीम का रस्सी पर चलना है जो खाई को देख रही है।

ओमान के खिलाफ उनका आखिरी लीग मुकाबला अब सिर्फ एक मैच नहीं है, यह एक बचाव मिशन है। लेकिन कहानी में ट्विस्ट यह है। ओमान पर जबरदस्त जीत भी शायद काफी न हो। कंगारू को नाचने से पहले बैगपाइप बजाना होगा। आयरलैंड को जिम्बाब्वे को हराना होगा। उस आयरिश बगावत के बिना, ऑस्ट्रेलिया का कैंपेन तूफान में मोमबत्ती की तरह बुझ जाएगा। इस बीच, श्रीलंका ने अब तक अपने तीनों मैच जीतकर छह पॉइंट्स के साथ सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर ली है। रविवार रात, मेजबान टीम ने ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराया, जिसमें पथुम निसंका की शानदार सेंचुरी ने ग्रुप स्टेज में उनके शानदार प्रदर्शन को दिखाया। जिम्बाब्वे चार पॉइंट्स के साथ टेबल में सबसे ऊपर है और उसका नेट रन रेट 1-984 है। यह नंबर सिर्फ हिसाब-किताब नहीं है - यह एक किला है। अगर वे आयरलैंड को हरा देते हैं, तो ऑस्ट्रेलिया के लिए दरवाजा बंद हो जाएगा। अगर वे हार जाते हैं, तो नेट रन रेट महाभारत शुरू हो जाएगी - एक तीन-तरफा मुकाबला जहां हर रन, हर बचा हुआ ओवर, हर बाउंड्री एक खंजर या ढाल बन जाती है। ऑस्ट्रेलिया के लिए, अब यह जीतने के बारे में नहीं है - यह बड़ी जीत के बारे में है। इंच से नहीं, बल्कि मीलों से। पहाड़ खड़ा करो या बिजली की तरह पीछा करो। ओमान को कोल्हू में गन्ने की तरह निचोड़ो। क्योंकि एनआरआर के कोर्टरूम में, दया की कोई अपील नहीं है। विडंबना यह है कि यह काव्यात्मक है।

# सुपर-8 का अभ्यास करने उतरेगा भारत

● आज नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीदरलैंड्स के खिलाफ भारत का आखिरी ग्रुप मैच

**अहमदाबाद, वार्ता।** जब आप आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप जैसा टूर्नामेंट खेलते हैं, तो दो तरह के मैच होते हैं। एक वो जिसमें जिंदा रहना दांव पर होता है। दूसरा वो जिसमें स्टैंडर्ड तय होते हैं। बुधवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीदरलैंड्स के खिलाफ भारत का आखिरी ग्रुप मैच साफ तौर पर दूसरी कैटेगरी में आता है।

भारत पहले ही सुपर 8 स्टेज के लिए क्वालीफाई कर चुका है। तीन मैच, तीन पक्की जीत। काम अच्छे से, लगभग क्लिनिकली किया गया है। लेकिन अगर दशकों से महान टीमों को देखने से आप एक बात सीखते हैं, तो वह यह है - वे कभी स्विच ऑफ नहीं होतीं। क्वालिफिकेशन फिनिश लाइन नहीं है( यह सिर्फ चेकपॉइंट है। इस भारतीय टीम ने कमाल का बैलेंस दिखाया है। टॉप ऑर्डर में इरादा है, मिडिल ऑर्डर में मैच्योरिटी है, और बॉलिंग में वैरायटी है। पिछले मैच में, ईशान किशन की 40 गेंदों पर 77 रन की शानदार पारी ने माहौल बना दिया। यह बिना सोचे-समझे हिटिंग नहीं थी, यह सोची- समझी आक्रामकता थी। यही एक अच्छी पारी को एक महान पारी से अलग करता है। सूर्या बीच के ओवरों में शांत रहते हैं, जबकि हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे जैसे खिलाड़ी भारत को टी-20 क्रिकेट में बहुत जरूरी फिनिशिंग देते हैं। टीम मैनेजमेंट के लिए अच्छी बात गहराई होगी। अगर एक या दो बैट्समैन फेल भी हो जाते हैं, तो भी भरपाई के लिए काफी फायरपावर है। बॉलिंग यूनिट शायद और भी शानदार रही है। अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने मिलकर अब तक टूर्नामेंट में 12 विकेट लिए हैं। जो बात सबसे अलग है, वह है उनका कंट्रोल। वे सिर्फ विकेट नहीं ढूंढते वे प्रेशर बनाते हैं। और प्रेशर, खासकर टी-20 क्रिकेट में, गलतियां करने पर मजबूर करता है।

ऐसी चर्चा है कि जसप्रीत बुम. राह को सुपर 8 स्टेज के लिए फ्रेश रखने के लिए आराम दिया जा सकता है। अगर ऐसा होता है, तो इससे भारत बहुत कमजोर नहीं होगा। यह सिर्फ बेंच स्ट्रेंथ को टेस्ट करेगा। जो टीमें टूर्नामेंट में गहराई तक जाती हैं, उन्हें अक्सर 14 या 15 प्लेयर्स की जरूरत होती है, न कि सिर्फ आम ग्यारह की। नीदरलैंड्स के लिए, सिचुएशन बिल्कुल अलग है। अमेरिका से भारी हार के बाद, वे खुद को मुश्किल स्थिति में पाते हैं।

# भारत 43 पदकों के साथ तालिका में टॉप पर

● दुबई 2026 ग्रां प्री 17वीं फाजा इंटरनेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने 16 स्वर्ण, 13 सिल्वर और 14 कांस्य पदक जीते

**दुबई, वार्ता।** भारत ने शुरुआती दुबई 2026 ग्रां प्री- 17वीं फाजा इंटरनेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप- में शानदार प्रदर्शन किया, और कुल 43 मेडल के साथ मेडल टेबल में टॉप पर रहा, जिसमें 16 गोल्ड मेडल, 13 सिल्वर और 14 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। कोलंबिया और केन्या ने अपने 20-20 मेडल में से 11 और 6 गोल्ड मेडल के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि मेजबान यूएई सीजन के पहले वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में 31 मेडल में से 6 गोल्ड के साथ चौथे स्थान पर रहा। भारत के लिए, जो नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अगला डब्ल्यूपीए ग्रां प्री होस्ट करेगा, उसके एथलीटों के लिए सीजन की शुरुआत कॉन्फिडेंस के साथ करना जरूरी था, और उन्होंने दुबई क्लब फॉर पीपल ऑफ डिटरमिनेशन ग्राउंड पर ठीक वैसा ही किया। दो बार के पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल पुरुषों की जेवलिन थ्रो64 में गोल्ड के साथ अपने पसंदीदा मैदानों में से एक पर लौटे, जबकि उनके साथी थ्रोअर और पेरिस 2024 के गोल्ड मेडलिस्ट नवदीप (पुरुषों की जेवलिन थ्रो41) और धर्मबीर नैन (पुरुषों की क्लब थ्रो 51) ने भी दुबई में जीत के साथ सीजन की शुरुआत की। उनके साथ पेरिस 2024 की डबल ब्रॉन्ज मेडलिस्ट प्रीति पाल भी थीं, जिन्होंने महिलाओं की 100मी और 200मी टी35 इवेंट्स में क्रमशः गोल्ड और ब्रॉन्ज मेडल जीते। दुबई में उनके मेडल ने पेरिस 2024 पैरालंपिक्स के बाद उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन को और पक्का कर दिया।

# होबार्ट लेग को भारतीय टीम घोषित



**एफआईएच प्रो लीग**

● भारतीय हॉकी टीम 20 से 25 फरवरी तक ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट में तस्मानिया हॉकी सेंटर में खेलेगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने मंगलवार को एफआईएच प्रो लीग 2025-26 के होबार्ट लेग के लिए 24 सदस्यों वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम का ऐलान किया। यह टीम 20 से 25 फरवरी तक ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट में तस्मानिया हॉकी सेंटर में खेलेगी। आने वाले लेग में भारत स्पेन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबला करेगा, जो एक हाई-इंटेंसिटी मुकाबला होने की उम्मीद है। राउरकेला लेग पूरा करने के बाद, जहां भारत का सामना बेल्जियम और अर्जेंटीना से हुआ था, टीम अब होबार्ट में फिर से इकठा होकर बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी। टीम में अनुभव के साथ युवा टैलेंट का मेल है, क्योंकि टीम का मकसद मजबूती से वापसी करना है। टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 गेम्स में दो बार के ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट, अनुभवी मिडफील्डर हार्दिक सिंह को इस दौरे के लिए कप्तान बनाया गया है। हरमनप्रीत सिंह पर्सनल कारणों से टीम का हिस्सा नहीं होंगे। राउरकेला लेग के दौरान सीनियर टीम में डेब्यू करने वाले युवा खिलाड़ी अमनद. ीप लाकड़ा और मनमीत सिंह ने टीम में अपनी जगह बनाए रखी है। सूरज और मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार गोलकीपिग की जिम्मेदारी संभालेंगे। डिफेंस में अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय और सुमित जैसे अनुभवी नाम हैं, साथ ही होनहार युवा खिलाड़ी अमनदीप लाकड़ा, यशदीप सिवाच और पूवन्ना चंदुरा बॉबी भी हैं।

**मिडफील्ड की** कमान कप्तान हार्दिक सिंह के साथ संजय, विवेक सागर प्रसाद और राज कुमार पाल संभालेंगे। उन्हें राजिदर सिंह, मनमीत सिंह, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह और विष्णु कांत सिंह का साथ मिलेगा।

**फॉरवर्ड लाइन** में जाने-माने अटैकर मंदीप, अभिषेक और शिलानंद लाकड़ा शामिल हैं। मनिदर सिंह टीम में वापस आए हैं, जो हीरो एशिया कप 2022 और एफआईएच हॉकी प्रो लीग के पिछले एडिशन में खेल चुके हैं।

# सकारात्मक अंदाज में अपना अभियान समाप्त करना चाहता है इटली



**कोलकाता, वार्ता।** टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप सी में लगातार दूसरी हार के बावजूद इटली अपने अभियान को सकारात्मक अंदाज में खत्म करना चाहता है। हार के बावजूद, इटली की टीम ने दुनिया की टॉप टी 20 टीमों में से एक, इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने जुझारू प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया, जिससे पता चलता है कि वह अपने पहले वर्ल्ड कप में ग्लोबल स्टेज पर तेजी से आगे बढ़ रही है, ऐसा इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की वेबसाइट के अनुसार है। स्टैंड-इन कप्तान हैरी मैनेंटी ने टूर्नामेंट को टीम के लिए एक अनोखा अनुभव बताया। हार के बाद मैनेंटी ने कहा कि हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने हमारी तैयारी से पहले लाइट्स में नहीं खेला है। वे बस जोफ्रा आर्चर और दूसरों का सामना लाइट्स में शायद 15,000 लोगों के सामने कर रहे थे। जब आप आराम से बैठकर इसकी तारीफ करते हैं, तो यह काफी प्रभावशाली बात होती है। उन्होंने कम समय में इटली की शानदार बढ़त पर जोर दिया। हम रोम से आए थे, जहां हम यूरोप के छोटे देशों के खिलाफ सिथेटिक क्रिकेट खेलते थे। लेकिन हम वहां से 18 महीने के अंदर ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड के खिलाफ खेलने तक पहुंच गए हैं। यह एक बहुत बड़ी चढ़ाई है।

# भारतीय 'ए' महिला टीम सेमीफाइनल में



**महिला एशिया कप**

● भारत 'ए' टीम ने बैंकॉक में टेर्डथाई क्रिकेट ग्राउंड में नेपाल को सात विकेट से हराया

**बैंकॉक, वार्ता।** भारत ए ने मंगलवार को थाईलैंड के बैंकॉक के टेर्डथाई क्रिकेट ग्राउंड में अपने आखिरी ग्रुप ए मैच में नेपाल को सात विकेट से हराकर महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। पहले बॉलिंग करते हुए, इंडिया ए ने तनुजा कंवर की शानदार गेंदबाजी की बदौलत नेपाल को 18 ओवर में सिर्फ 78 रन पर ढेर कर दिया, जिन्होंने चार विकेट लिए।

इंडिया ए ने सिर्फ 7-5 ओवर में टारगेट हासिल कर आराम से जीत हासिल कर ली। इस जीत से डिफेंडिंग चैंपियन तीन मैचों में चार पॉइंट्स और प्लस 3-042 के नेट रन रेट के साथ ग्रुप ए में टॉप पर पहुंच गई। अपने पहले मैच में यूएई से हैरान करने वाली हार के बाद, कप्तान राधा यादव की टीम ने पाकिस्तान ए और नेपाल पर लगातार जीत के साथ जोरदार वापसी करते हुए नॉकआउट में अपनी जगह पक्की कर ली। फील्डिग चुनने के बाद इंडिया ने जल्दी ही स्ट्राइक कर ली, मिन्नू मणि ने पांचवें ओवर में बिदु रावल को आउट किया। इसके बाद इंडियन स्पिनर्स ने मैच पर कब्जा कर लिया, नेपाल के दस में से नौ विकेट लिए, जिसमें मिन्नू मणि ने 3/8 और राधा यादव ने दो विकेट लिए। नेपाल के लिए समझाना खड़का ने सबसे ज्यादा 22 रन बनाए, लेकिन बाकी बैटिंग लाइन-अप टिक नहीं पाई। जवाब में, इंडिया ए ने जल्दी ही एक विकेट खो दिया, लेकिन वृंदा दिनेश सिर्फ 18 गेंदों पर 39 रन बनाकर नाबाद रहीं और दूसरे छोर पर कुछ विकेट गंवाने के बावजूद टीम को आसानी से जीत दिलाई।

## सिनर ने दोहा में जबरदस्त डेब्यू के साथ फॉर्म में की वापसी

**दोहा, वार्ता।** जैनिक सिनर इस हफ्ते दोहा में कतर एक्सॉनमोबिल ओपन में अपना डेब्यू कर रहे हैं। जैनिक सिनर ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियन ओपन में हारने के दर्द को सोमवार को दोहा में नए मकसद में बदलना शुरू किया, जहां उन्होंने कतर एक्सॉनमोबिल ओपन में शानदार डेब्यू परफॉर्मेंस से भीड़ को रोमांचित कर दिया। ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच से पांच सेट में हारने के दो हफ्ते बाद, सिनर दोहा में हार्ड-कोर्ट एटीपी 500 इवेंट में टॉमस माचाक पर 6-1, 6-4 से शानदार जीत के साथ जीत की राह पर लौटे। अपनी 70 मिनट की जीत के साथ, दूसरे सीड खिलाड़ी ने इस लेवल पर अपनी जीत का सिलसिला 11 मैचों तक बढ़ा दिया, इससे पहले उन्होंने पिछले अक्टूबर में बीजिंग और वियना में खिताब जीते थे। अपने पहले राउंड के शानदार परफॉर्मेंस के दौरान, सिनर ने सर्व पर सिर्फ छह पॉइंट गंवाए।

# बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमैन ऑफ द ईयर-2025 बनी मंधाना



● इस सम्मान के लिए भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर, शतरंज चैंपियन दिव्या देशमुख, शूटर सुरुचि सिंह और हर्डलर ज्योति याराजी को भी नॉमिनेट किया गया था

**नई दिल्ली, वार्ता।** वर्ल्ड कप जीतने वाली क्रिकेटर स्मृति मंधाना को भारत के लिए उनके शानदार प्रदर्शन के बाद 2025 के लिए बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमैन ऑफ द ईयर चुना गया। 29 साल की मंधाना ने आईसीसी महिला वर्ल्ड कप जीतने में भारत की वाइस-कैप्टन के तौर पर अहम भूमिका निभाई थी, उन्होंने टूर्नामेंट के दौरान 434 रन बनाए थे। इस सम्मान के लिए भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर, शतरंज चैंपियन दिव्या देशमुख, शूटर सुरुचि सिंह और हर्डलर ज्योति याराजी को भी नॉमिनेट किया गया था। अवार्ड लेते हुए, मंधाना ने इसे महिला क्रिकेट के लिए एक यादगार दौर बताया। उन्होंने कहा कि यह एक खास साल रहा है। बीबीसी, मुझे बेस्ट स्पोर्ट्सवुमैन ऑफ द ईयर का अवॉर्ड देने के लिए धन्यवाद। मुझे खुशी है कि मैं योगदान दे सकी और भारत को मैच जीतने में मदद कर सकी। मंधाना को एक जूरी ने चुना था जिसमें पूर्व टेनिस स्टार लिएंडर पेस, पैरालंपिक मेडलिस्ट दीपा मलिक और लॉन्ग जम्पर अंजू बॉबी जॉर्ज शामिल थीं। उन्होंने 16 साल की उम्र में इंडिया के लिए डेब्यू किया था और सभी फॉर्मेट में 17 इंटरनेशनल सेंचुरी बनाई हैं, जिससे उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की मेग लैनिंग के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। मंधाना ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ दो विमेंस प्रीमियर लीग टाइटल भी जीते हैं। दूसरे अवॉर्ड विनर्स में, दिव्या देशमुख को 20 साल की उम्र में विमेंस वर्ल्ड कप जीतने के बाद एमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया। पैरा-एथलीट प्रीति पाल को 2025 वर्ल्ड चैंपियनशिप में दो मेडल जीतने के बाद बीबीसी पैरा स्पोर्ट्सवुमैन ऑफ द ईयर अवॉर्ड मिला, जबकि पूर्व शूटर अंजलि भागवत को इंडियन शूटिग में उनके योगदान के लिए बीबीसी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सिडनी 2000 में, अंजलि ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला इंडियन शूटर बनीं। उन्होंने चार कॉमनवेल्थ गेम्स गोल्ड मेडल भी जीते।

**रमजान मुबारक**



**पहला रोजा**

**सहरी** सुन्नी 5.38

शिया 5.48

और अगर खुदा तुम को किसी किस्म की तकलीफ पहुँचाए तो उसके सिवा कोई उसका दफा करने वाला नहीं है और अगर तुम्हें कुछ फायदा पहुंचाए तो भी (कोई रोक नहीं सकता क्योंकि) वह हर चीज पर कादिर है।

कुरआन करीम

# जनता के स्वास्थ्य से समझौता नहीं: आशु मलिक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा के देहात विधायक आशु मलिक ने विधानसभा मेंजल जीवन मिशन के तहत पानी की गुणवत्ता का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जनता के स्वास्थ्य से समझौता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है।

विधानसभा के प्रश्नकाल के दौरान विधायक आशु मलिक ने जल जीवन मिशन के तहत जनता को उपलब्ध कराए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता पर सरकार से तीखे सवाल पूछे। सरकार ने अपने जवाब में आई. एस. 10500:2012 मानक, प्रयोगशालाओं की जांच व्यवस्था तथा पोर्टल आधारित मॉनिटरिंग का हवाला दिया, लेकिन विधायक ने इसे अपर्याप्त बताया।



उन्होंने सरकार से स्पष्ट जानक.ारी मांगी कि पूरे प्रदेश में अब तक कितने पानी के नमूने लिए गए, उनमें से कितने नमूने असंतोषजनक या पीने योग्य नहीं पाए गए तथा ऐसे मामलों में क्या कार्रवाई की गई। इसके साथ ही उन्होंने विशेष रूप से सहारनपुर में जलजनित बीमारियों के मामलों का उल्लेख करते हुए पूछा कि क्या हर जलापूर्ति वास्तव में सुरक्षित है।

विधायक ने कहा कि अधूरी पानी की टंकियां, अनियमित जलापूर्ति और पुराने जल स्रोतों के कारण जनता को शुद्ध पेयजल मिलने पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि केवल प्रगति के दावे पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि जनता को वास्तविक रूप से सुरक्षित और स्वच्छ पानी मिलना सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

सदन में इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए सहारनपुर की स्थिति पर अलग से संज्ञान लेने तथा विस्तृत जांच के साथ ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया। विधायक आशु मलिक ने कहा कि यह केवल आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि हर घर की सेहत, हर बच्चे के भविष्य और जनता के अधिकार से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है।

# चौ.नीरपाल सिंह ने राष्ट्रीय महासचिव दुबे से की अहम मुद्दों पर चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रालोद खेल प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.नीरपाल सिंह ने राष्ट्रीय महासचिव अनिल दूबे से पार्टी के संगठनात्मक मुद्दे पर चर्चा की।




लखनऊ पार्टी कार्यालय पर राष्ट्रीय महासचिव अनिल दूबे ने कहा कि कार्यकर्ताओं को संगठन के बारे में पूर्ण जानकारी होनी चाहिए इसके लिए प्रत्येक जिले में जिला स्तर पर,मंडल स्तर पर प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से कार्यकर्ताओं को अनुशासन, एकजुटता के बारे मे बताना चाहिए। राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि संगठन पार्टी की रीढ़ होती है। इसलिए संगठन को मजबूत करना अति आवश्यक है। पूर्व विधायक वीरपाल राठी व युवा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र पटेल ने भी विचार रखे।

इस दौरान प्रदेश कोषाध्यक्ष बी एल प्रेमी, वरिष्ठ नेता मुकेश चौधरी, मनोज कुमार, वीरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# यूपीटीजीटी कला में प्राविधिक कला सम्मिलित हो: उमर



**सहारनपुर।** सपा के बेहट विधायक उमर अली खान ने विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर यूपीटीजीटी कला में प्राविधिक कला को सम्मिलित किये जाने की मांग की।

विधानसभा अध्यक्ष को सौंपे पत्र में उमर अली खान ने कहा कि सभी टीजीटी प्राविधिक कला पीडित छात्र-छात्राओं को बिना पूर्व सूचना के आगामी परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित कर दिया गया है जो न्योचित नहीं है। नई नियमावली के अनुसार योग्यता पूर्ण करने में कम से कम पांच वर्ष का समय लगेगा। जिससे बहुत से प्रतियोगी अभ्यर्थी उम्र सीमा से बाहर हो जा रहे है। जिससे सभी प्रतियोगी छात्र छात्राओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। इसलिये आगामी परीक्षा में कम से कम एक अवसर दिलाया जाये।

# मुठभेड़ों में दो हिस्ट्रीशीटर गोकश घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने मंगलवार रात दो अलग-अलग मुठभेड़ों में दो कुख्यात हिस्ट्रीशीटर गौकश बदमाशों को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। दोनों के कब्जे से अवैध तमंचा, जिंदा-खोखा कारतूस और बिना नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल बरामद हुई उनके साथी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है



जानकारी के मुताबिक थानाध्यक्ष विनय शर्मा और उपनिरीक्षक अमित सोनी की टीम कमेशपुर पुलिया के पास चेकिंग कर रही थी मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्धों को रुकने का इशारा किया गया लेकिन वे भाग निकले पीछा करने पर चकरोड़ मार्ग पर बाइक फिसल गई और बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी घायल की पहचान कलीम पुत्र हमीद उर्फ मिद्धू (निवासी गांदेवड़ा थाना फतेहपुर के रूप में हुई उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा दो जिंदा और एक खोखा कारतूस तथा बिना नंबर वाली मोटरसाइकिल बरामद हुई उसे सीएचसी फतेहपुर में भर्ती कराया गया कलीम पर जनपद के विभिन्न थानों में गौकशी गैंगस्टर आर्म्स एक्ट और आबकारी अधिनियम के डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। उसका साथी फरार है इसके आलवा दूसरी मुठभेड़ मंगलवार की रात वरिष्ठ उपनिरीक्षक भूपेंद्र शर्मा और उपनिरीक्षक बबलू कुमार की टीम कलसिया से जीवाला मार्ग पर चेकिंग कर रही थी मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्धों ने रुकने के बजाय पुलिस पर फायरिंग की और आम के बाग की ओर भागने की कोशिश की पीछा करने पर कच्चे रास्ते में बाइक फिसल कर गिर गई जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी घायल की पहचान रहमान पुत्र सलीम (निवासी गांदेवड़ा थाना फतेहपुर के रूप में हुई उसके कब्जे से भी 315 बोर का एक तमंचा दो जिंदा और एक खोखा कारतूस तथा बिना नंबर वाली मोटरसाइकिल बरामद हुई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया।

रहमान बी श्रेणी का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ सहारनपुर जनपद एवं अन्य राज्यों में गौकशी, पशु चोरी, गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट और आबकारी अधिनियम के लगभग दो दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

# नवागंतुक एसएसपी से मिला भाकियू तोमर का डेलिगेशन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन तोमर के डेलीगेशन ने नवांगतुक एसएसपी से शिष्टाचार मुलाकात कर बुके भेट किये।

जिला अध्यक्ष रूबी त्यागी ने बताया कि यह भेंट किसानों की समस्याओं के शांतिपूर्ण समाधान और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का धन्यवाद व्यक्त करने का माध्यम बनी। डेलीगेशन में प्रदेश अध्यक्ष धमेंद्र तोमर, जिलाध्यक्ष चौ. योगेंद्र तोमर, पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष पारित उपाध्याय, मंडल उपाध्यक्ष जसवीर राणा, मंडल प्रवक्ता देवन्द्र शर्मा, प्रवीण काम्बोज शामिल रहे।

# बुवाई से पहले बीज करें उपचारित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उप गन्ना आयुक्त ओ. पी. सिंह ने कहा कि बसन्त कालीन गन्ना बुवाई सीजन की शुरुआत हो रही है इसमें पूरे वर्ष का सबसे अधिक गन्ना बोया जाता है तो इस समय पर किसानो को सबसे ज्यादा जानकारी ओर जागरूकता देने का प्रयास गन्ना विभाग ओर चीनी मिलों द्वारा किया जा रहा है।




उप गन्ना आयुक्त उत्तम ग्रुप की खइखेड़ी चीनी मिल द्वारा आयोजित गन्ना किसान जागरूकता कार्यक्रम रैली का झंडी दिखाकर शुभारम्भ करते हुए कहा कि गांव गांव में किसानों से संपर्क करते हुए किसानों को गन्ना उत्पादन बढ़ाने और गन्ने में लगने वाली बीमारियों और नई गन्ना प्रजातियों की बुवाई करने की जानक.ारी प्रदान की जाये।

उप गन्ना आयुक्त ने कहा कि को-0238 गन्ना प्रजाति लाल सड़न रोग से बहुत ज्यादा ग्रसित हो रही है। उसकी बुवाई बिलकुल न की जाए। उसके स्थान पर उन्नतिशील प्रजाति को-0118, 15023, 16202 आदि की बुवाई करें। साथ ही गन्ना बीज को बुवाई से पहले जरूर उपचारित करें और खेत में ट्रेईकोड्रामा का उपयोग जरूर किया जाए। गन्ने में पोटाश का प्रयोग भी किया जाए। इससे गन्ना सख्त होगा और पैदावार बहुत अच्छी होगी।इस अवसर पर चीनी मिल के अन्य अधिकारी और फिल्ड स्टॉफ भी उपस्थित रहे।

# सांसद खेल प्रतियोगिता में बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सांसद खेल प्रतियोगिता में खिलाडियों ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया।



डा.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का राज्य सभा सदस्य लक्ष्मीकांत वाजपेयी द्वारा किया गया। मेयर डा. अजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुमित महाजन, क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी राहुल चोपडा, बीएसए सुश्री कोमल, पूर्व विधायक महीपाल माजरा, खेल अधिकारी संदीप गुप्ता, अश्वनी कुमार त्यागी, सहायक प्रशिक्षक प्रवीन कुमार, ईश्वर पाल सिंह मुखिया, भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई व विपिन कुमार ने मौजूद रहकर खिलाडियों की हौंसला अफजाई की। प्रतियोगिता के शुभारम्भ के अवसर पर सांस्कृतिक गीत/वंदना कार्यक्रम यूपीएस मनो. हरपुर बलियाखेडी द्वारा किया गया। आपरेशन सिंदूर कार्यक्रम उच्च प्राथमिक विद्यालय सहारनपुर द्वारा किया गया। जय हो विंग डांस कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालय नगलाखारी बलियाखेडी द्वारा एवं योगा कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालय कोलंकी राघड पुवांरका द्वारा किया गया।

सब जूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता के 45 किग्रा में अब्दुल रहीम ने प्रथम, वंश यादव ने द्वितीय तथा गौरव तोमर व अभिजीत ने तृतीय, जूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिता के 53 किग्रा भार वर्ग में लक्की ने प्रथम, रितिका ने द्वितीय, मन्नत व यशशवी नागर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला स्तरीय सब जूनियर फुटबाल प्रतियोगिता में सहारनपुर नगर विजेता, सहारनपुर देहात उपविजेता, जिला स्तरीय जूनियर फुटबाल प्रतियोगिता में सहारनपुर नगर की टीम विजेता एवं बेहट की टीम उप विजेता रही। सीनियर फुटबाल पुरूष प्रतियोगिता में सहारनपुर नगर की टीम विजेता एवं सहारनपुर देहात की टीम उप विजेता, सब जूनियर वालीवाल बालक प्रतियोगिता में सहारनपुर देहात की टीम विजेता एवं बेहट की टीम उप विजेता, जूनियर वालीवाल बालक प्रतियोगिता में सहारनपुर नगर की टीम विजेता एवं देवबन्द की टीम उप विजेता, सीनियर वालीवाल पुरूष प्रतियोगिता में रामपुर मनिहारन की टीम विजेता एवं देवबन्द की टीम उप विजेता रही।

## नशा तस्कर पकड़ा

**बेहट।** कोतवाली बेहट पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध चरस भी बरामद की है।

बेहट कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल भाटी ने बताया कि वे पुलिस बल के साथ चौकिंग कर रहे थे तो मुखबिर ने बताया कि एक युवक शहकंभरी धाम कालोनी श्मशान घाट के पास नशीले पदार्थ के साथ खड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वहां खड़ा एक युवक शहबाज पुत्र बुरहान निवासी मौ0 कसाबान कस्बा व थाना बेहट जिला सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया तलाशी लेने पर उस के कब्जे से 150 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई । बरामदगी के आधार पर आरोपी के विरूद्ध धारा- 8/20 एनडीपीएस पंजीकृत कर लिए गया है। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

# भाजपा उपाध्यक्ष वाजपेयी का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत बाजपेई का सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर के पावन दर्शनों को जाते समय बेहट पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया।



राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत बाजपेई ने कहा कि सिद्धपीठ शाकंभरी देवी धाम की यात्रा आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक है और ऐसे अवसर संगठन को भी ऊर्जा प्रदान करते हैं। उन्होंने क्षेत्र में भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने क्षेत्र में भाजपा संगठन की मजबूती, आगामी चुनावी तैयारियों तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरे कार्यक्रम में अनुशासन व संगठनात्मक एकजुटता का संदेश दिखाई दिया।

इस अवसर पर भाजपा नेता मोि.हत जैन, भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष एवं भावी जिला पंचायत प्रत्याशी देवेंद्र सिंह राणा, ब्लॉक प्रमुख सढौली कदीम विश्वास चौधरी, अजय गुप्ता, वैभव सिंघल, विशाल सिंघल, कवीन्द्र पोसवाल, अवनीश अग्रवाल, रजत राणा, युधिष्ठिर राणा, पारश गुप्ता, सचिन गर्ग, आनंद राणा, संयम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# विज्ञान क्लब ने कराया बच्चों को शैक्षिक भ्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला विज्ञान क्लब की ओर से आज विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और व्यावहारिक ज्ञान को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक विशेष शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों को एक विशिष्ट आयुर्वेदिक नर्सरी तथा राजकीय पॉलिटेक्निक का दौरा कराया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः नर्सरी भ्रमण से हुई, जहाँ विद्यार्थियों ने विविध प्रकार के दुर्लभ एवं औषधीय पौधों को नजदीक से देखा और उनके गुणों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस आयुर्वेदिक नर्सरी में ऐसे अनेक विशिष्ट एवं दुर्लभ पौधे उपलब्ध हैं, जो सामान्यतः अन्य स्थानों पर आसानी से देखने को नहीं मिलते।

नर्सरी में विद्यार्थियों ने कुछ अत्यंत विशिष्ट आयुर्वेदिक पौधों को भी देखा, जिनमें प्रमुख रूप से अश्वगंधा, गिलोय तथा शतावरी शामिल थे। विशेषज्ञों ने बताया कि अश्वगंधा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक है, गिलोय को आयुर्वेद में 'अमृत' के रूप में जाना जाता है, जबकि शतावरी महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी मानी जाती है। विद्यार्थियों को राजकीय पॉलिटेक्निक ले जाया गया, जहाँ उन्हें तकनीकी शिक्षा की विभिन्न प्रयोगशालाओं का अवलोकन कराया गया। पॉलिटेक्निक संस्थान में बच्चों ने कंप्यूटर लैब, कैमिस्ट्री लैब और फिजिक्स लैब का भ्रमण किया। कंप्यूटर लैब में विद्यार्थियों को आधुनिक सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और डिजिटल तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि किस प्रकार कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, डेटा प्रोसेसिंग और डिजिटल डिजाइनिंग आज के युग में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक अम्बरीश कुमार ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। कक्षा में पढ़ाई जाने वाली सैद्धांतिक जानकारी जब वास्तविक वातावरण में देखी और समझी जाती है, तो उसका प्रभाव कहीं अधिक गहरा होता है।

# निगम की भूमि से संचालित होंगी गंगोह रोड की बसें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गंगोह रोड़ के लिए संचालित होने वाली बसों को फिलहाल गंगोह रोड पर ठिकाना मिल गया है। गंगोह रोड पर मानकमऊ चौक से पहले बायी ओर निगम की खाली भूमि पर इन बसों को अस्थायी रुप से वहां से संचालित होने की अनुमति नगर निगम द्वारा दी गयी है।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि गंगोह रोड की ओर जाने वाली बसे शहर के रेलवे रोड, गांधी पार्क व अनेक स्थानों पर यहां-वहां खड़ी की जा रही थी, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था होने तक गंगोह रोड की बसों को मानकमऊ के निकट निगम की खाली भूमि पर खड़ा करने और वहां से बसों को संचालित करने की अस्थायी अनुमति दी गयी है। इसके लिए भूमि की तारबाड़ कराते हुए बाहर भूमि को समतल कराया गया है और सड़क किनारे टाइल्स आदि लगायी गयी है। महापौर ने कहा कि इससे जहां यात्रियों को सुविधा मिलेगी वहीं दूसरी ओर शहर की यातायात व्यवस्था सुचारु करने में भी मदद मिलेगी।

उधर निगम के प्रवर्तन दल ने आज जेसीबी आदि की मदद से उक्त भूमि के बाहर सड़क किनारे अवैध रुप से रखे गये खोखो सहित दस से ज्यादा स्थानों से अतिक्रमण हटाया और उन्हें दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गयी। जेसीबी से मिट्टी भी समतल की गयी।

### सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का परिचय समारोह संपन्न

# अधिवक्ता मेरे परिवार के समान: न्यायमूर्ति बबीता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का परिचय समारोह दीवानी कचहरी स्थित बार प्रांगण में में संपन्न हुआ।



समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इलाहबाद हाईकोर्ट की की न्यायमूर्ति बबीता रानी उपस्थित रहीं। उनके साथ जिला जज सतेंद्र कुमार व अन्य न्यायिक अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। अधिवक्ताओं ने न्यायमूर्ति बबीता रानी को बुके भेंटकर स्वागत किया। न्यायमूर्ति बबीता रानी ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां के अधिवक्ता उनके लिए परिवार समान हैं और उनकी वास्तविक पूंजी हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जिला जज की ओर से यदि अधिवक्ताओं से संबंधित कोई विषय या पक्ष रखने की आवश्यकता होगी, तो वह उसे अवश्य रखेंगी। मुख्य चुनाव अधिकारी सत्यपाल सैनी एडवोकेट ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस दौरान अधिवक्ता सिद्धार्थ शंकर त्यागी, चौधरी जाँनिसार, चौधरी रणधीर सिंह, प्रदीप मित्तल, अशोक पुण्डीर, आदित्य अंगीरस, आदित्य सिंह, अभय सैनी, शीश पाल सिंह पुण्डीर, अजय कौशिक, अम्बेश कपिल, मुनव्वर खान, जमाल साबरी, विक्रम सैनी, कमल दयाल, राजेन्द्र चौहान, अरविन्द रोड, जयवीर सिंह पुण्डीर, राकेश त्यागी उर्फ नीटू त्यागी, सतीश चौधरी, संजय वर्मा, बलविन्द्र सिंह, अरूण साढौली, कंवरपाल, अजय शर्मा, बाबू राम, अनवार अहमद, राधेश्याम गुप्ता, सूरज प्राकश गुप्ता, राशिद जमील, धमेन्द्र, सुचेत राणा, रविश माहेश्वरी, इन्द्र पाल, अखिलेश अग्रवाल, विनोद सिद्धार्थ, अब्दुल रहमान, शाहजमाँ, अनिता शर्मा, माया शर्मा, रूमन लाम्बा, फैसल चौहान, ईशान अहमद, पूजा आदि सैकडों अधिवक्तागण व न्यायिक अधिकारीगण कार्यक्रम में मौजूद रहे।अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल त्यागी और संचालन महासचिव अधिवक्ता पालम राणा ने किया।

## एनएसएस स्वयंसेवकों का सर्वेक्षण

**गंगोह।** लाला किशनचंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वच्छ भारत अभियान के तहत ग्राम वजी.रपुर में सर्वेक्षण कार्य किया।

कार्यक्रम अधिकारी पूजा ने स्वच्छ भारत सर्वेक्षण के लिये प्रश्नावली तैयार कर स्वयंसेवको को समझायी और उन्हें ग्रामीणों से प्रश्न पूछने के उचित तरीके भी बतायें। सभी स्वयंसेवको को पाँच समूहों में विभाजित कर प्रत्येक समूह को गाँव के 15-15 परिवारों का सर्वेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई। ग्रामीणों को स्वच्छता, कचरा प्रबन्धन, शौचालय के नियमित प्रयोग के लाभो की जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल सिंह, डॉ. अभिलाष कुमार, डॉ. अर्चना ने सर्वेक्षण में सहयोग किया। कीर्ति चौधरी, किट्टू सैनी, रिया, सिया, कोमल, नवाजिश फलक कहकशा मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 18 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# कैसे लगे लगाम

मंगलवार को हेट स्पीच पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी अहम टिप्पणी की। जिसमें उसने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारे बढ़ाने का काम करना चाहिए। कोर्ट शिक्षाविद रूपरेखा वर्मा समेत 12 याचिकाकर्ताओं पर सुनवाई कर रहा था। हालांकि कोर्ट ने अलग से एक याचिका दायर करने के लिए कहा है और मौजूदा याचिकाओं पर सुनवाई से इन्कार किया है। याचिका में नेताओं व मीडिया के लिए गाइडलाइन बनाने की मांग की गई थी। याचिकाओं में कहा गया था कि कुछ नेताओं के भाषण भाईचारे और संवैधानिक मूल्यों को प्रभावित करते हैं। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने याचिकाकर्ताओं की तरफ से चीफ जस्टि सूर्यकांत, जस्टि बीवी नागरत्ना और जस्टिस जायमाल्या बागची के समक्ष दलीलें रखी। सिब्बल का कहना था कि देश में माहौल जहरीला होता जा रहा है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा का विशेष रूप से नाम लिया, लेकिन साथ ही कहा कि किसी एक नेता के खिलाफ राहत नहीं मांगी जा रही है, बल्कि भाजपा में जवाब तय करने के लिए गाइडलाइन बनाने का अनुरोध किया जा रहा है, लेकिन बेंच उनकी दलीलों से असंतुष्ट दिखाई दी और चीफ जस्टिस ने साफ कहा कि यह याचिका एक खास राजनीतिक दल के कुछ व्यक्तियों के खिलाफ दिखती है। इसलिए एक दूसरी याचिका दायर करें और इनको वापस लें। उस नई याचिका में यह बताया जाए कि राजनीतिक कैसे नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इस पर कोर्ट सुनवाई करेगा। सुनवाई के दौरान जस्टि नागरत्ना ने बेहद महत्वपूर्ण टिप्पणी की। उस पर सभी को ध्यान देना चाहिए। नागरत्ना का कहना था कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाना चाहिए। साथ ही उन्होंने सवाल भी उठाए, जिसमें उनकी पीड़ा भी दिखाई देती है कि अगर वह गाइडलाइन बना भी दें तो उनका पालन कौन करेगा। भाषण की उत्पत्ति विचारों से होती है। आप विचारों को कैसे नियंत्रित कर सकते हैं। हमें संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप विचारों को बढ़ावा देना होगा। इस बीच अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने चुनाव प्रचार संहिता का भी जिक्र किया और पीठ को बताया कि चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होती है, लेकिन इससे पहले दिए गए भाषण सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। उन्होंने जानना चाहा कि ऐसे मामलों में मीडिया की क्या जिम्मेदारी है। इस पर बड़ी बात जस्टिस बागची ने यह कहकर कही कि कोर्ट केवल आदेश पारित कर सकता है, लेकिन उन्हें लागू करना एक चुनौती है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट पहले भी हेट स्पीच को कई सिद्धांत तय चुका है। उनका यह कहना बिल्कुल सही था कि ऐसे में राजनीतिक दलों की बड़ी जिम्मेदारी बनती है, क्योंकि कोई भी नेता पार्टी का एक सदस्य होता है। जाहिर है हेट स्पीच एक बड़ी समस्या है, नि:संदेह वह केवल कोर्ट के सहारे नहीं रोकी जा सकती। राजनीतिक दल ही आगे आएं।

## पीएम मोदी की प्रचार पाने की भूख



एआई पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन दुनिया में भारत की क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक बेहतर अवसर था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रचार पाने की भूख के कारण इस शिखर सम्मेलन का पूरा माहौल अराजक हो गया है, एआई शिखर सम्मेलन में अव्यवस्थाओं को लेकर खबरें आ रही हैं, प्रचार की भूखी मोदी सरकार के घोर कुप्रबंधन के कारण यह सम्मेलन अराजकता में तब्दील हो गया है, इसमें शामिल संस्थाएं, अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने वाले लोगों तथा आगंतुकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले ही दिन फोटो खिंचवाने के लिए सम्मेलन स्थल पर अचानक पहुंचने के कारण लोगों को सुरक्षा कारणों से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, प्रदर्शकों को भोजन और पानी नहीं मिला, उनके उत्पाद चोरी हो गए, डिजी यात्रा बुरी तरह विफल रही, लैपटॉप, व्यक्तिगत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और यहां तक कि बैग भी प्रतिबंधित कर दिए गए, डिजिटल यूपीआई के बजाय केवल नकद भुगतान स्वीकार किया गया।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

# रमजान मुबारक: इबादत, सब्र और इंसानियत का पाक महीना

रमजान मुबारक इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र और बरकतों से भरा महीना माना जाता है। यह महीना केवल रोजा रखने का नाम नहीं है, बल्कि आत्मशुद्धि, आत्मसंयम, त्याग, सब्र और अल्लाह की इबादत में डूब जाने का महीना है। दुनिया भर के मुसलमान इस महीने का बेसब्री से इंतजार करते हैं, क्योंकि यह महीना उन्हें आध्यात्मिक रूप से मजबूत बनाता है और जीवन को एक नई दिशा देता है। रमजान का चांद दिखाई देते ही मस्जिदों में रौनक बढ़ जाती है, घरों में इबादत का माहौल बन जाता है और हर दिल में एक खास सुकून उतर आता है।

रमजान इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना है और इसी महीने में पवित्र कुरआन शरीफ का अवतरण हुआ था। यह महीना हमें याद दिलाता है कि इंसान को अपने अंदर की बुराइयों को दूर करके अच्छाइयों को अपनाना चाहिए। रोजा केवल भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं है, बल्कि अपनी नजर, अपनी जुबान, अपने विचार और अपने व्यवहार को भी नियंत्रित रखने का नाम है। जब कोई व्यक्ति सुबह से शाम तक कुछ खाता-पीता नहीं है, तब उसे गरीब और जरूरतमंद लोगों की तकलीफ का एहसास होता है। यही एहसास उसे दया और इंसानियत की राह पर चलने के लिए प्रेरित करता है।

रमजान में सहरी और इफ्तार का विशेष महत्व होता है। सहरी वह भोजन है जो सूर्योदय से पहले किया जाता है, और इफ्तार सूर्यास्त के बाद रोजा खोलने का समय होता है। इफ्तार के समय परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठते हैं, दुआ करते हैं और खजूर तथा पानी से रोजा खोलते हैं। यह .श्य अपने आप में एकता और प्रेम का प्रतीक होता है। मस्जिदों में सामूहिक इफ्तार का आयोजन भी किया जाता है, जहां अमीर-गरीब सभी एक साथ बैठकर रोजा खोलते हैं। इससे सामाजिक समानता और भाईचारे की भावना मजबूत होती है।

रमजान का महीना तरावीह की नमाज के लिए भी जाना जाता है। इस दौरान मुसलमान रात में विशेष नमाज अदा करते हैं जिसमें कुरआन शरीफ का पाठ किया जाता है। यह इबादत दिल को सुकून देती है और इंसान को अल्लाह के करीब ले जाती है। रातों की इबादत और दिन के रोजे मिलकर इंसान के जीवन में अनुशासन और संयम लाते हैं। यह महीना सिखाता है कि अगर इंसान चाहे तो अपने मन और इच्छाओं पर नियंत्रण पा सकता है।

रमजान में जकात और सदका देने की परंपरा भी है। जकात इस्लाम का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जिसके तहत संपन्न लोग अपनी आय का एक हिस्सा गरीबों और जरूरतमंदों को देते हैं। इससे समाज में आर्थिक संतुलन बना रहता है और जरूरतमंद लोगों की मदद होती है। रमजान के दौरान लोग खुलकर दान करते हैं, क्योंकि माना जाता है कि इस महीने में किए गए नेक कामों का सवाब कई गुना बढ़ जाता है।

रमजान केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह आत्मविश्लेषण का अवसर भी है। यह महीना हमें अपने कर्मों पर विचार करने, अपनी गलतियों को सुधारने और एक बेहतर इंसान बनने का संदेश देता है। जब इंसान रोजा रखता है, तो वह झूठ, चुगली, गाली-गलौज और बुरे कामों से दूर रहने की कोशिश करता है। यह आत्मसंयम धीरे-धीरे उसके स्वभाव का हिस्सा बन जाता है।

इस महीने में आखिरी दस दिन विशेष रूप से महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इन्हीं दिनों में शबे-कद्र आती है, जिसे हजार महीनों से बेहतर रात कहा गया है। इस रात की इबादत का सवाब अत्यधिक होता है। लोग पूरी रात जागकर नमाज अदा करते हैं, कुरआन पढ़ते हैं और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। यह रात इंसान को उम्मीद और नई शुरुआत का संदेश देती है।

रमजान का सामाजिक और पारिवारिक महत्व भी बहुत बड़ा है। यह महीना परिवार के सदस्यों को एक साथ लाता है। सहरी और इफ्तार के दौरान पूरा परिवार एक साथ बैठता है, जिससे रिश्तों में मधुरता आती है। बच्चे भी इस महीने में रोजे रखने की कोशिश करते हैं और धार्मिक शिक्षा प्राप्त करते हैं। इससे उनमें बचपन से ही अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। रमजान हमें यह भी सिखाता है कि असली खुशी केवल भौतिक सुख-सुविधाओं में नहीं है, बल्कि आत्मिक शांति में है। जब इंसान भूखा-प्यासा रहकर भी सब्र करता है, तो उसे अपने अंदर की शक्ति का एहसास होता है। यह एहसास उसे जीवन की कठिनाइयों का सामना करने के लिए तैयार करता है। अंत में, रमजान मुबारक केवल एक शुभकामना नहीं है, बल्कि एक दुआ है कि यह महीना हमारे जीवन में खुशियां, शांति और बरकत लेकर आए। यह हमें सच्चाई, ईमानदारी और इंसा. नियत की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। रमजान हमें यह याद दिलाता है कि हम सभी इंसान हैं और हमें एक-दूसरे के साथ प्रेम और सम्मान से रहना चाहिए। रमजान मुबारक का यह पवित्र महीना हर साल हमें खुद को सुधारने और अपने जीवन को बेहतर बनाने का अवसर देता है। अगर हम इस महीने की शिक्षाओं को पूरे साल अपने जीवन में उतार लें, तो हमारा समाज अधिक शांतिपूर्ण और समृद्ध बन सकता है। यही रमजान का असली संदेश है सब्र, इबादत, दया और इंसानियत।



**रमजान का सामाजिक और पारिवारिक महत्व भी बहुत बड़ा है। यह महीना परिवार के सदस्यों को एक साथ लाता है। सहरी और इफ़्तार के दौरान पूरा परिवार एक साथ बैठता है, जिससे रिश्तों में मधुरता आती है। बच्चे भी इस महीने में रोजे रखने की कोशिश करते हैं और धार्मिक शिक्षा प्राप्त करते हैं। इससे उनमें बचपन से ही अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। रमजान हमें यह भी सिखाता है कि असली खुशी केवल भौतिक सुख-सुविधाओं में नहीं है, बल्कि आत्मिक शांति में है। जब इंसान भूखा-प्यासा रहकर भी सब्र करता है, तो उसे अपने अंदर की शक्ति का एहसास होता है।**

नसीम राना

# सूरजमुखी के पराबैंगनी की दोहरी भूमिका

**सूरजमुखी की दो प्रजातियों एच. एन्नस और एच. पेटियोला. रिस के जीनोम का अध्ययन किया गया। अकेले एच. एन्नस में एक जीन में बहुरूपता मिली जो फूलों के पैटर्न में 62 प्रतिशत विविधता के लिए जिम्मेदार थी। एच. पेटियोलारिस में स्पष्ट परिणाम नहीं दिखे। अन्य शोधकर्ताओं का कहना है कि ये निष्कर्ष अन्य फूलों पर भी लागू हो सकते हैं और इस तरह के अध्ययन यह समझने में मदद कर सकते हैं कि पौधे जलवायु परिवर्तन के प्रति किस तरह की प्रतिक्रिया दे सकते हैं।**

गर्मियों के अंत में खेतों में सूरजमुखी खिले दिखते हैं। लंबे तने के शीर्ष पर लगे सूरजमुखी के फूल लगभग एक जैसे ही दिखाई देते हैं। चटख पीले रंग की पंखुड़ियां और बीच में कत्थई रंग का गोला, लेकिन पराबैंगनी प्रकाश को देखने में सक्षम मधुमक्खियों व अन्य परागणकर्ताओं को सूरजमुखी का फूल बीच में गहरे रंग का और किनारों पर हल्के रंग का दिखता है जैसे चांदमारी का निशाना (बुल्स आई) हो।

हाल ही में ई-लाइफ में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक इस बुल्स आई में पाए जाने वाले यौगिक न सिर्फ परागणकर्ताओं को आकर्षित करते हैं, बल्कि पानी के ह्रास को भी नियंत्रित करते हैं और सूरजमुखी को अपने वातावरण में अनुकूलित होने में मदद करते हैं। शोधकर्ताओं को बुल्स आई के आकार के लिए जिम्मेदार एक एकल परिवर्तित जीन क्षेत्र भी मिला है। ये निष्कर्ष शोधकर्ताओं को यह समझने में मदद कर सकते हैं कि सूरजमुखी और कुछ अन्य फूल बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन के कारण अक्सर पड़ने वाले सूखे से कैसे निपटते हैं। सूरजमुखी (हेलिएंथस प्रजातियां) कठिन आवास स्थानों के प्रति अनुकूलित होने में माहिर हैं। इस वंश के पौधे अत्यधिक दुर्गम परिस्थितियों, जैसे गर्म, शुष्क रेगिस्तान और खारे दलदल में रह सकते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया के पादप आनुवंशिकीविद मार्को टोडेस्को जैव विकास और जेनेटिक्स की दृष्टि से समझना चाहते थे कि ये ऐसा कैसे करते हैं। शोधकर्ताओं ने उत्तरी अमेरिका के दूरस्थ स्थानों से लाकर यूनिवर्सिटी में उगाए गए 1900 से अधिक सूरजमुखी पौधों का अध्ययन किया। अध्ययन का उद्देश्य फूलों के रंग जैसे विभिन्न लक्षणों को देखना था ताकि उनका



आनुवंशिक आधार खोजा जा सके। शोधकर्ताओं द्वारा सूरजमुखी की पराबैंगनी तस्वीरें लेने पर पता चला कि हरेक सूरजमुखी के फूल के लिए बुल्स आई का आकार बहुत अलग था। फूल के बीच में छोटे से घेरे से लेकर पूरी पंखुड़ियों पर बड़े घेरे तक बने थे। ये भिन्नता न केवल अलग-अलग प्रजातियों में थी बल्कि एक ही प्रजाति के फूलों के बीच भी थी, जिससे लगता है कि इसका कोई वैकासिक महत्व होगा। अन्य प्रजातियों के फूल परागणकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए इसी तरह के पैटर्न का उपयोग करते हैं, इसलिए शोधकर्ता देखना चाहते थे कि क्या सूरजमुखी के मामले में भी ऐसा ही है। जैसी कि उम्मीद थी, परागणकर्ता छोटे या बड़े बुल्स आई वाले फूलों की तुलना में मध्यम आकार की बुल्स आई वाले फूलों पर 20-30 प्रतिशत बार अधिक आए। सवाल उठा कि यदि मध्यम आकार परागणकर्ताओं के लिए सबसे आकर्षक है तो फिर इन फूलों में बुल्स आई के इतने भिन्न आकार क्यों दिखते हैं? शोधकर्ताओं का अनुमान था कि बुल्स आई का कोई अन्य कार्य भी होगा जिसके चलते आकार में इतनी विविधता है। इस संभावना की जांच के लिए शोधकर्ताओं ने उत्तरी अमेरिका वाले सूरजमुखी (हेलिएन्थस एन्नस) के विभिन्न आकार की बुल्स आई का भौगोलिक क्षेत्र के हिसाब से मानचित्र बनाया, जैसी कि उम्मीद थी उन्हें विविधता में एक स्पष्ट भौगोलिक पैटर्न दिखाई दिया। पहले तो शोधकर्ताओं को लगा था कि बुल्स आई, जिसमें पराबैंगनी सोखने वाले रंजक होते हैं, सूरजमुखी को अतिरिक्त सौर विकिरण से बचाती होगी, लेकिन सूरजमुखी के मूल भौगोलिक क्षेत्र में पराबैंगनी किरणों की तीव्रता और बुल्स आई के औसत आकार के बीच कोई सम्बंध नहीं दिखा। फिर शोधकर्ताओं को लगा कि शायद तापमान का इससे सम्बंध होगा। पूर्व अध्ययनों ने बताया गया था कि सूरजमुखी के फूल ऊष्मा को अवशोषित करने के लिए सूरज की तरफ रुख करते हैं, जो उन्हें तेजी से बढ़ने और परागणकर्ताओं को आकर्षित करने में मदद करता है। इसलिए शोधकर्ताओं का विचार था कि बड़ी बुल्स आई फूलों को ऊष्मा देने में मदद करती होगी ताकि परागणकर्ता भी आकर्षित हों और वृद्धि भी तेजी से हो, लेकिन जब शोधकर्ताओं ने विभिन्न आकार के बुल्स आई वाले फूलों से आने वाली गर्मी की मात्र की तुलना की तो उन्हें इसमें दिन में किसी भी समय कोई अंतर नहीं दिखा। अंत में, उन्होंने देखा कि बड़े बुल्स आई वाले सूरजमुखी शुष्क इलाकों से लाए गए थे, जबकि छोटी बुल्स आई वाले सूरजमुखी नम इलाकों से लाए गए थे। इस आधार पर शोधकर्ताओं का विचार था कि बुल्सआई के आकार का सम्बंध नमी रोधन से होगा।

...स्रोत फीचर्स

# एचबीए 1 सी टेस्ट पर नया अध्ययन: डायबिटीज की चुनौतियां



विनीत नारायण

डायबिटीज, जिसे आधुनिक युग की महामारी कहा जा रहा है, भारत में करोड़ों लोगों को अपनी चपेट में ले चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत दुनिया का डायबिटीज कैपिटल है, जहां 10 करोड़ से अधिक लोग इस बीमारी से जूझ रहे हैं। डायबिटीज के निदान और नियंत्रण के लिए एचबीए1 सी (ग्लाइकोसिलेटेड हीमोग्लोबिन) टेस्ट को 'सोने का मानक' माना जाता रहा है। यह टेस्ट पिछले दो-तीन महीनों की औसत ब्लड शुगर लेवल को मापता है, जो आसान, गैर-आक्रामक और विश्वसनीय लगता है। लेकिन फरवरी 2026 में 'द लैंसेट रीजनल हेल्थ - साउथईस्ट एशिया' जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन ने इस धारणा को चुनौती दे दी है। यह अध्ययन, जो विशेष रूप से भारतीय और दक्षिण एशियाई आबादी पर केंद्रित है, चेतावनी देता है कि एनीमिया, हीमोग्लोबिन विकृतियों और अन्य कारकों के कारण एचबीए1सी टेस्ट गलत निदान कर सकता है, जिससे डायबिटीज का पता चार साल तक देरी से चल सकता है।

यह अध्ययन, प्रोफेसर अनूप मिश्रा और उनके सहयोगियों द्वारा लिखित, एचबीए1सी की सीमाओं पर गहन समीक्षा करता है। भारत में एनीमिया एक महामारी है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के अनुसार, 50 प्रतिशत से अधिक वयस्क महिलाएं और 25 प्रतिशत पुरुष एनीमिया से प्रभावित हैं। एनीमिया आयरन की कमी से लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या घटाता है, जिससे एचबीए1सी का स्तर कृत्रिम रूप से ऊंचा हो जाता है। परिणामस्वरूप, जो व्यक्ति डायबिटीज से ग्रस्त नहीं है, उसे गलत तरीके से डायबिटीज का मरीज घोषित कर दिया जा सकता है। इसके विपरीत, हीमोग्लोबिनोपैथी (जैसे थैलेसीमिया, जो भारत में 4: आबादी को प्रभावित करता है) या जी6पीडी की कमी एचबीए1सी को कम दिखा सकती है, जिससे वास्तविक डायबिटीज वाले मरीजों का निदान देरी से होता है।

अध्ययन के अनुसार, दक्षिण एशियाई लोगों में एचबीए1सी और वास्तविक ब्लड ग्लूकोज के बीच सहसंबंध कमजोर है। उदाहरण के लिए, एनीमिया वाले क्षेत्रों में एचबीए1सी पर निर्भरता से डायबिटीज का निदान 20-30 प्रतिशत मामलों में गलत हो सकता है। यह न केवल निदान को प्रभावित करता है, बल्कि उपचार को भी, अनावश्यक दवाएं या देरी से उपचार से जटिलताएं जैसे हृदय रोग, किडनी फेलियर बढ़ सकती हैं। अध्ययन की एक महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत जैसे विकासशील देशों में जहां एनीमिया और आनुवंशिक विकार आम हैं, एचबीए1सी को अकेले इस्तेमाल करना जोखिमपूर्ण है। यह पश्चिमी आबादी पर आधारित मानकों को सीधे लागू करने की भूल को उजागर करता है।

भारत में डायबिटीज का बोझ पहले से ही भारी है। आईसीएमआर के अनुसार, 2030 तक यह 13।5 करोड़ तक पहुंच सकता है, लेकिन यह अध्ययन बताता है कि लाखों लोग अनदेखे डायबिटीज से पीड़ित हो सकते हैं, क्योंकि एचबीए1सी पर अंधविश्वास ने अन्य टेस्ट जैसे ओरल ग्लूकोज टॉलरेंस टेस्ट (ओजीटीटी) या फास्टिंग प्लाज्मा ग्लूकोज (एफपीजी) को पीछे धकेल दिया है। विशेष रूप से ग्रामीण भारत और महिलाओं के लिए यह खतरा अधिक है, जहां एनीमिया दर 60 प्रतिशत से ऊपर है। देरी से निदान से न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य बिगड़ता है, बल्कि स्वास्थ्य प्रणाली पर बोझ भी बढ़ता है। चिंता का मतलब घबराहट नहीं होना चाहिए। यह अध्ययन एक जागृति का संकेत है। भारतीयों की आनुवंशिक संरचना जैसे 'थ्रिफ्टी जीन' हाइपोथेसिस, जो दक्षिण एशियाई लोगों में इंसुलिन रेजिस्टेंस को बढ़ावा देती है, पहले से ही डायबिटीज को जन्मभूमि बनाती है। लेकिन एचबीए1सी की सीमाएं जानकर हम बेहतर रणनीति बना सकते हैं। अगर हम इसे नजरअंदाज करेंगे, तो 'साइलेंट किलर' जाने जाने वाली डायबिटीज और घातक हो जाएगी।

गौरतलब है कि फार्मा उद्योग, जो डायबिटीज मार्केट से सालाना अरबों-खरबों कमाता है, इस अध्ययन से हलचल में आ सकता है। भारत में एचबीए1सी टेस्ट किट्स का बाजार 500 करोड़ रुपये से अधिक का है। इस अध्ययन से बड़ी कमानियों की बिक्री प्रभावित हो सकती है, क्योंकि डॉक्टर अब कॉम्बिनेशन टेस्ट की सिफारिश करेंगे। संभावना है कि फार्मा कंपनियां वैकल्पिक डायग्नोस्टिक टूल्स पर निवेश बढ़ाएंगी। दवाओं के मामले में भी सदियों से चली आ रही दवाओं पर सीधा असर कम होगा, क्योंकि निदान गलत होने से उपचार की शुरुआत प्रभावित होगी, लेकिन एक बार निदान हो जाए तो दवाओं को उसी मुताबिक दिया जाएगा। हालांकि, फार्मा इंडस्ट्री की लॉबी इस अध्ययन को चुनौती दे सकती है, यह दावा करते हुए कि एचबीए1सी अभी भी उपयोगी है। वहीं वैश्विक स्तर पर, कुछ कंपनियां, जो अलग तरह के जांच उपकरण व दवाएं बेचती हैं, इस नए अध्ययन को मार्केटिंग के लिए इस्तेमाल कर सकती हैं। कुल मिलाकर, यह उद्योग के लिए एक अवसर भी साबित हो सकता है, जो बाजार को नया आयाम देगा, लेकिन अगर प्रतिक्रिया नकारात्मक हुई, तो नियामक दबाव बढ़ सकता है। भारतीय डॉक्टर इस अध्ययन से सहमत हैं, लेकिन घबराहट की बजाय सतर्कता की वकालत करते हैं। प्रोफेसर अनूप मिश्रा, अध्ययन के मुख्य लेखक और फोर्टिस सीकेडी हॉस्पिटल के चेयरमैन, कहते हैं, एचबीए1सी पर पूर्ण निर्भरता से डायबिटीज की स्थिति का गलत वर्गीकरण हो सकता है। कुछ लोग अनुचित रूप से देरी से निदान हो सकते हैं। एंडोक्राइन सोसाइटी ऑफ इंडिया के एक सर्वे में 70 प्रतिशत डॉक्टरों ने कहा कि एनीमिया वाले मरीजों में ओजीटीटी को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस अध्ययन के बाद, डॉक्टरों का मत है कि एचबीए1सी उपयोगी है, लेकिन अकेला नहीं। वो मानते हैं कि मिलीजुली प्रकिया के तहत डायबटीज जैसी बीमारी का निदान किया जा सकता है।

यह अध्ययन हमें निष्क्रियता से हटाकर सक्रियता की ओर ले जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार अगर आप एचबीए1सी टेस्ट करवा रहे हैं, तो सीबीसी (कम्प्लीट ब्लड काउंट) से एनीमिया भी चेक जरूर करवाएं। अगर एनीमिया है, तो ओजीटीटी या एफपीजी पर स्विच करें। इसके साथ ही 30 वर्ष से ऊपर वाले व्यक्तियों को हर साल कम से कम दो टेस्ट. एफपीजी और एचबीए1सी करवाने चाहिए। डायबिटीज का 80: जोखिम रोकथाम योग्य है। दैनिक 30 मिनट व्यायाम, फाइबर-युक्त आहार (दालें, सब्जियां) और वजन नियंत्रण अपनाएं। अध्ययन दिखाता है कि भारतीयों में वजन बढ़ने से इंसुलिन रेजिस्टेंस तेजी से बढ़ता है। एनीमिया रोकने के लिए आहार में पालक, गुड़ और पौष्टिक आहार शामिल करें, लेकिन अपने डॉक्टर की सलाह से। अस्पतालों और सामाजिक संस्थाओं को सामुदायिक स्तर पर कैंप लगाने चाहिए, जिससे कि जागरूकता बढ़े। सस्ते व आसानी से उपलब्ध ग्लूकोमीटर या ऐप्स से घर पर मॉनिटरिंग करें। ए कदम न केवल डायबिटीज को नियंत्रित करेंगे, बल्कि समग्र स्वास्थ्य भी सुधारेंगे। यह अध्ययन एचबीए1सी को खारिज नहीं करता, बल्कि इसकी सीमाओं को उजागर करता है। भारतीयों के लिए यह एक जागृति का क्षण है, चिंता करें, लेकिन उचित कार्रवाई भी करें। डायबिटीज से लड़ाई में सटीक निदान पहला कदम है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



मुंबई। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन का स्वागत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## लालू यादव की जमानत खारिज करने संबंधी याचिका पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने देवघर चारा घोटाला मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को मिली जमानत के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की अपील पर सुनवाई को अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिह की पीठ मंगलवार को झारखंड उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें यादव की सजा निलंबित कर उन्हें जमानत दी गई थी। सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने तर्क दिया कि उच्च न्यायालय ने सजा निलंबित करते समय कानून को गलत अर्थ में देखा है।

## भारत-नेपाल व्यापार महोत्सव 20 फरवरी से दिखेगी नेपाली संस्कृति की झलक

**नई दिल्ली।** एवरेस्ट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (ईसीसीआई) दिल्ली के हौज खास में 20 फरवरी से तीन दिवसीय भारत-नेपाल व्यापार सम्मेलन का आयोजन करेगा जिसमें लोगों को पर्वतीय देश की संस्कृति को करीब से जानने का मौका मिलेगा। भारत में नेपाली कारोबारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यहां पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भवन में 20 से 22 मार्च तक आयोजित होने वाले इस व्यापार मेले में नेपाल के खास उत्पाद, वहां के खान-पान और वहां की संस्कृति को दर्शाया जाएगा।


# नर्सरी में धतूरे का पौधा उगाता था जेफ्री एपस्टीन

## जेफ्री एपस्टीन की जहरीले पौधों में दिलचस्पी को लेकर चौंकाने वाली जानकारी सामने आई

**वाशिंगटन।** हाल ही में जारी हुए एपस्टीन फाइल्स के ईमेल्स में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन की जहरीले पौधों में दिलचस्पी को लेकर चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। इन ईमेल्स में खास तौर पर 'ट्रम्पेट प्लांट्स' (धतुरा का पौधा) का जिक्र है। ईमेल्स में ऐसे लेख फारवर्ड किए गए थे, जिनमें कोलंबिया में इसके इस्तेमाल का जिक्र था।

बताया गया कि इसके असर में व्यक्ति को कहीं भी 'ले जाया' जा सकता है, क्योंकि वह पूरी तरह आज्ञाकारी और भ्रमित हो जाता है। हिंदू परंपरा में धतूरा भगवान शिव से जुड़ा हुआ है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक, समुद्र मंथन के दौरान जब विष निकला, तो शिव ने संसार की रक्षा के लिए उसे पी लिया। शिव मंदिरों में धतूरा के फूल और फल चढ़ाए जाते हैं। ईमेल के स्क्रीनशाट से पता चलता है कि उसके फाइनेंसर ने ऐसे पौधों में रुचि दिखाई थी। धतुरा के पौधों से स्कोपोलामीन नाम का एक रसायन निकलता है, जो दिमाग पर गहरा असर डालता है। स्कोपोलामीन याददाश्त कमजोर

**■ ईमेल्स में ऐसे लेख फारवर्ड किए गए थे, जिनमें कोलंबिया में इसके इस्तेमाल का जिक्र था**



कर सकता है, व्यक्ति को भ्रम की स्थिति में डाल सकता है। इसी वजह से कुछ विशेषज्ञ इसे 'जाम्बी ब्रीथ' भी कहते हैं। इसमें बताया गया था कि यह दवा लोगों को बहुत ज्यादा असर डालती है और उन्हें आसानी से कंट्रोल किया जा सकता है। ईमेल्स से पता चलता है कि एपस्टीन धतुरा के पौधे के बारे में पूछताछ कर रहा था। हालांकि यह साफ नहीं है कि उसने इनका इस्तेमाल किया या नहीं। वहीं, 2022 के एक अन्य ईमेल में एक पीड़ित के बयान का जिक्र है, जिसमें स्कोपोलामीन के संपर्क में आने की बात कही गई। इन दस्तावेजों से यह साफ होता है कि एपस्टीन ऐसे पौधों से जुड़ा था, जिनमें दिमाग को प्रभावित करने की ताकत होती है। ईमेल्स में 3 बार इस पौधे का जिक्र-पहला ईमेल (3 मार्च 2014- यह ईमेल सीधे एपस्टीन ने 'एन रोड्रिगेज' नाम के एक व्यक्ति को भेजा था। ईमेल में उन्होंने लिखा था कि नर्सरी में लगे उनके ट्रम्पेट पौधों के बारे में क्रिस से पूछो। इससे साफ संकेत मिलता है कि एपस्टीन की नर्सरी में ट्रम्पेट प्लांट यानी धतूरा के पौधे लगे हुए थे। दूसरा ईमेल (27 जनवरी 2015-बताया जाता है कि यह ईमेल फ्रांसीसी फैशन फोटोग्राफर एंटोनी वेरग्लास की ओर से आगे भेजा गया था। ईमेल्स में जिस 'जाम्बी फ्लावर' का जिक्र है, वह दरअसल ट्रम्पेट आकार वाले पौधे हैं। फारवर्ड किए गए एक मैसेज का शीर्षक था- स्कोपोलामीन: कोलंबिया के जंगलों में उगने वाली एक शक्तिशाली दवा, जो इंसान की चेतना को खत्म कर देती है। यह मैसेज डेली मेल और वाइस की एक रिपोर्ट से जुड़ा था।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी नागरिक अधिकार नेता जेसी जैक्सन का निधन

वॉशिंगटन। अमेरिका के नागरिक अधिकार नेता, मार्टिन लूथर किंग के सहयोगी और डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जेसी जैक्सन का मंगलवार को 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जैक्सन परिवार के बयान में कहा गया कि जैक्सन मंगलवार सुबह अपने परिवार के बीच शांति से गुज़र गये। न्याय, समानता और मानवाधिकारों के लिए उनके पक्के इरादे ने आज़ादी और सम्मान के लिए दुनिया भर में चल रहे आंदोलन को हिला दिया। जैक्सन एक जाने-माने मानवाधिकार कार्यकर्ता थे। उन्होंने 1984 और 1988 में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के लिए दो बार चुनाव लड़ा था।

### स्पेन में आग लगने से पांच लोगों की मौत

**मैड्रिड।** उत्तर-पूर्वी स्पेन में सोमवार को आग लगने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और चार अन्य मामूली रूप से घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। कैटलन क्षेत्रीय अग्निशमन सेवा ने एक बयान में कहा कि आग बार्सिलोना प्रांत के मान्लेउ शहर में एक पांच मंजिला रिहायशी इमारत में लगी। दमकलकर्मियों ने लगभग आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया, लेकिन वहां पांच लोग मृत पाए गए। चार अन्य को मामूली चोटें आईं। पुलिस ने आग लगने के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

### म्यांमार में जेड खदान ढहने से कई लोगों के लापता होने की आशंका

**यांगून।** उत्तरी म्यांमार के काचिन में सोमवार रात एक जेड खदान ढहने से कई लोगों के लापता होने की आशंका है। यह घटना हपाकांत टाउनशिप में स्थानीय समयानुसार कल रात करीब 9:30 बजे हुई। खदान ढहने के बाद बड़ी संख्या में लोग बचाव कार्य के लिए घटनास्थल पर जमा हो गए, लेकिन खदान के बहुत बड़े पैमाने पर ढहने के कारण काम में रुकावट आई। काचिन राज्य पुलिस के अनुसार जब यह हादसा हुआ तब खदान में करीब 50 लोग काम कर रहे थे।

# तारिक रहमान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री बने

## संसद भवन में शपथ हुई, 1 हिंदू समेत 49 मंत्री बनाए गए, इनमें 25 कैबिनेट, 24 राज्य मंत्री

**ढाका।** बांग्लादेश में बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संसद भवन में तारिक को पीएम पद की शपथ दिलाई। इसके साथ ही 18 महीने से चल रही अंतरिम सरकार का कार्यकाल खत्म हो गया। तारिक रहमान पहली बार प्रधानमंत्री बने हैं। इससे पहले आज दोपहर में बीएनपी के सांसदों ने उन्हें संसदीय दल का नेता चुना था। वह पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बेटे हैं।

17 साल तक लंदन में रहने के बाद वह दो महीने पहले ही बांग्लादेश लौटे थे। रहमान के अलावा 25 कैबिनेट मंत्रियों और 24 राज्य मंत्रियों को भी पद की शपथ दिलाई है। इनमें एक हिंदू मंत्री निताई राय चौधरी भी शामिल है। वह कैबिनेट मंत्री बने। 25 कैबिनेट मंत्रियों में से 17 नए चेहरे हैं। सभी 24 राज्य मंत्री नए हैं। पिछले गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 299 में से 209 सीटें जीतकर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया था। इसके अलावा 3 सीटों पर उसकी सहयोगी पार्टियों ने जीत हासिल की। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने तारिक रहमान को प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ दिलाई। बाद में दोनों ने हाथ मिलाया। इस बीच संविधान में बदलाव को लेकर सियासी टकराव तेज हो गया है। दरअसल, 12 फरवरी को संसद चुनाव के साथ 'जुलाई चार्टर' पर जनमत संग्रह भी हुआ था। इसमें 62 प्रतिशत लोगों ने 'हां' में वोट दिया। जुलाई चार्टर के मुताबिक नई संसद 180 दिनों के लिए संविधान सभा की तरह काम करेगी। इस अवधि के दौरान संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं में बदलाव किए जाते। जुलाई चार्टर का मकसद देश में ताकत का एकाधिकार खत्म करना और संतुलन बनाना है। इससे प्रधानमंत्री की ताकत घट जाती और राष्ट्रपति को अधिकार दिए जाते। बीएनपी ने जुलाई चार्टर पर हस्ताक्षर तो किए थे, लेकिन उसके नेता कई प्रावधानों पर आपत्ति जता रहे हैं। पार्टी का कहना है कि चार्टर तैयार करते समय उनसे सलाह नहीं ली गई थी। बीएनपी के स्टैंडिंग कमिटी सदस्य और सांसद सलाहुद्दीन अहमद ने बताया कि पार्टी के कोई भी सांसद इस परिषद के सदस्य के रूप में शपथ नहीं लेंगे। वर्तमान संविधान में ऐसी किसी परिषद का कोई प्रावधान नहीं है और न ही कोई अलग शपथ का फार्मेट मौजूद है। उनका कहना है कि संसद सदस्य केवल संसद के लिए चुने गए हैं, संवैधानिक सुधार परिषद के लिए नहीं। इस परिषद को वैध बनाने के लिए पहले संविधान में संशोधन करके इसे शामिल करना होगा, फिर संसद में इसे अपनाना होगा और उसके बाद ही शपथ का कोई कानूनी आधार बनेगा। यह परिषद जुलाई चार्टर के तहत संवैधानिक सुधारों को लागू करने के लिए बनाई गई है। योजना थी कि नए संसद सदस्य के साथ-साथ इस परिषद के सदस्य भी बनें और दोनों के लिए शपथ लें, लेकिन बीएनपी ने इसे असंवैधानिक बताते हुए केवल संसद सदस्य की शपथ ली है। जुलाई चार्टर के तहत पीएम के लिए जीवनभर कुल 10 साल (या अधिकतम दो टर्म) की सख्त टर्म लिमिट लगाई गई है, ताकि कोई लंबे समय तक सत्ता में न रह सके। पीएम पार्टी चीफ के पद के साथ नहीं रह सकता, इमरजेंसी घोषणा के लिए कैबिनेट और विपक्षी लीडर की लिखित सहमति जरूरी होगी। प्रेसिडेंट की भूमिका मजबूत होगी, जैसे कई स्वतंत्र संस्थाओं के प्रमुखों की नियुक्ति में प्रेसिडेंट को ज्यादा स्वतंत्र अधिकार मिलेंगे, जो पहले पीएम के प्रभाव में थे। बाइकैमरल संसद (ऊपरी सदन) बनने से पीएम-केंद्रित निचले सदन के फैसलों पर कंट्रोल लगेगा और कई संस्थाओं के लिए अलग सेलेक्शन कमिटी बनेंगी, जिससे पीएम का एकतरफा नियंत्रण कम होगा।



**■ पिछले गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 299 में से 209 सीटें जीतकर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया था**

### यूनुस ने किया पूर्वोत्तर भारत के 'सेवन सिस्टर्स' राज्यों का उल्लेख

**ढाका।** बंगलादेश सरकार के अंतरिम सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने राष्ट्र के नाम अपने विदाई संबोधन में भारत का उल्लेख तो नहीं किया, लेकिन 'सात बहनों' का संबोधन करते हुए कहा कि बंगलादेश, नेपाल, भूटान और भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के सात राज्यों (सेवेन सिस्टर्स) को आर्थिक समृद्धि के लिए विशाल अवसर दे सकता है। यूनुस ने सोमवार रात अपने संबोधन में कहा कि खुला समुद्र केवल (बंगलादेश की) भौगोलिक सीमा नहीं है। यह बंगलादेश के लिए वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ काम करने का अवसर है। बंगलादेश सात बहनों, नेपाल और भूटान के लिए आर्थिक खुशहाली की बहुत बड़ी संभावना दे सकता है। 'सात बहन राज्यों' का अर्थ भारत के पूर्वोत्तर में मौजूद सात राज्यों से हैं। इनमें अरुणाचल प्रदेश, मिज़ोरम, मेघालय, असम, त्रिपुरा, नागालैंड और मणिपुर शामिल हैं। यूनुस ने अपने बयान में नेपाल और भूटान का भी जिक्र किया, लेकिन उनके शब्दों में पड़ोसी भारत का कोई उल्लेख नहीं था।

## ओम बिरला ने बांग्लादेश के नए पीएम तारिक रहमान से की मुलाकात

**ढाका।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को ढाका में नई बांग्लादेश सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के बाद नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान से मुलाकात की। इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके दी।

बिरला ने एक्स पर लिखा कि नई बांग्लादेश सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर खुशी हुई। भारत हमेशा बांग्लादेश के लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी राष्ट्र बनाने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है। मुलाकात के दौरान, बिरला ने रहमान को पद ग्रहण की बधाई दी और उन्हें भारत आने का निमंत्रण भी दिया। इसके साथ ही उन्होंने

**■ पीएम मोदी का पत्र सौंपा, भारत आने का दिया निमंत्रण**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से भेजे गया पत्र भी तारिक रहमान को सौंपा। दोनों नेताओं ने भारत और बांग्लादेश के लोगों के भले के लिए मिलकर काम करने की आशा व्यक्त की। बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हामिदुल्लाह ने बताया कि प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपनी शुभकामनाएं भेजी। उन्होंने कहा कि दोनों नेता जनकेंद्रित सहयोग के तहत भारत और बांग्लादेश के लोगों के कल्याण के लिए मिलकर काम करने के लिए आशावादी हैं।

## ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा का पांच दिवसीय भारत दौरा 18 से

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा बुधवार को भारत की पांच यात्रा पर यहां पहुंच रहे हैं और इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय रणनीतिक समझौते करेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार दा सिल्वा भारत की सरकारी यात्रा पर आएंगे और वह भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए वार्ता करेंगे। इस वार्ता में रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, कृषि और स्वास्थ्य क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। राष्ट्रपति दा सिल्वा के इस दौरे के दौरान ऊर्जा, नागरिक उड्यन, महत्वपूर्ण खनिज और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। राष्ट्रपति दा सिल्वा अपनी भारत यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलेंगे। बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति ने इस दौरान उनके सम्मान में भोज का आयोजन भी करेंगी।

## भारतीय लड़की भी यौन अपराधी एपस्टीन का शिकार हुई

**वाशिंगटन।** यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी नई फाइलों में खुलासा हुआ है कि एक भारतीय लड़की भी उसका शिकार हुई थी। दस्तावेजों के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों ने उसे पीड़ित मुआवजा फंड से भुगतान दिलाने के लिए भारत में तलाश शुरू की थी।

13 जनवरी 2020 की एक ईमेल में अमेरिकी अधिकारियों के बीच हुई बातचीत सामने आई है। इसमें भारत में मौजूद पीड़िता का पता और जानकारी जुटाने को कहा गया है, ताकी भारत स्थित अमेरिकी दूतावास के जरिए उससे संपर्क किया जा सके। यह ईमेल एपस्टीन की अगस्त 2019 में जेल में हुई मौत के बाद की है। रिलीज दस्तावेजों में इस मेल का

**■ नई फाइल्स में खुलासा अमेरिकी अधिकारी पीड़ित मुआवजा फंड से मदद देने के लिए तलाश रहे थे**

**■ नई फाइल्स में 5 जून 2014 को बिल गेट्स और एपस्टीन के बीच बातचीत की एक ईमेल शामिल**

टाइटल 'एपस्टीन विक्टिम्स' है, हालांकि अधिकारियों के नाम और कुछ जानकारियां छुपाई गई हैं। दस्तावेज में अमेरिकी अधिकारियों से भारतीय लड़की और उसकी कान्टैक्ट डीटेल्स निकालने के लिए कहा गया है। नई फाइल्स में 5 जून 2014 को बिल गेट्स और एपस्टीन के बीच बातचीत की एक ईमेल शामिल है।

## उपभोक्ता हेल्पलाइन से 31 क्षेत्रों में 79521 शिकायतों का समाधान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने गत 31 जनवरी तक नौ महीनों की अवधि के दौरान धनवापसी के दावों से संबंधित 79521 उपभोक्ता शिकायतों का समाधान किया है। आधिकारिक सूचना के अनुसार यह समाधान 31 क्षेत्रों में किया गया है। सूचना में यह भी कहा गया है कि राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने 31 क्षेत्रों में 52 करोड़ रुपये की राशि की वापसी हो सकी है। मुकदमे से पहले के चरण में 79,521 शिकायतों का समाधान किया गया है और इसमें ई-कॉमर्स का हिस्सा सबसे ज्यादा है। विभाग की यह प्रमुख पहल उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अंतर्गत प्रभावी, सुलभ और समयबद्ध शिकायत निवारण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# अमेरिका-ईरान के बीच अप्रत्यक्ष बातचीत का दूसरा दौर शुरू

## अमेरिका इस बातचीत में ईरान के मिसाइल कार्यक्रम पर भी चर्चा करना चाहता है

**■ बातचीत का पहला दौर पश्चिमी एशिया के कई देशों की मध्यस्थता के बाद ओमान की राजधानी मस्कट में हुआ था**

**जिनेवा।** अमेरिका और ईरान के बीच बहुप्रतीक्षित अप्रत्यक्ष वार्ता का दूसरा दौर मंगलवार को जिनेवा में शुरू हुआ। यह बैठक ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित है।

ईरान का प्रस्ताव है कि अगर अमेरिका ईरान पर लगे सभी प्रतिबंध हटाने और उसकी स्थिर संपत्तियों के इस्तेमाल को मंजूरी देता है, तो वह अपने संवर्धित यूरेनियम की गुणवत्ता कम करने के लिए तैयार है। अमेरिका इस बातचीत में ईरान के मिसाइल कार्यक्रम पर भी चर्चा करना चाहता है, लेकिन ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने स्पष्ट किया है कि वह इसके पक्ष में नहीं हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह इस बैठक में 'अप्रत्यक्ष' रूप से शामिल होंगे। बैठक में ईरान की ओर से विदेश मंत्री अराघची शामिल होंगे, जबकि अमेरिका का प्रतिनिधित्व ट्रंप के विशेष राजदूत स्टीव विटकॉफ और उनके दामाद जैरेड कुश्नर करेंगे। बातचीत का पहला दौर पश्चिमी एशिया के कई देशों की मध्यस्थता के बाद ओमान की राजधानी मस्कट में हुआ था। अमेरिका और ईरान दोनों ने इसे एक 'अच्छी शुरुआत' करार दिया था, लेकिन दोनों देशों के बीच किसी तरह की सहमति नहीं बन पाई थी।

## हंगरी, अमेरिका ने परमाणु सहयोग समझौते पर किए हस्ताक्षर

**बुडापेस्ट।** हंगरी और अमेरिका ने नागरिक परमाणु ऊर्जा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर कर लिये हैं। यह समझौता सोमवार को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो की बुडापेस्ट यात्रा के दौरान संपन्न हुआ। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ऑर्बान ने कहा कि यह समझौता तथा अमेरिकी प्रशासन द्वारा प्रतिबंधों से संबंधित दी गई छूट, दोनों मिलकर हंगरी की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेंगे और देश को घरेलू उपभोक्ताओं तथा उद्योग के लिए प्रतिस्पर्धी दरों पर ऊर्जा उपलब्ध कराने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि हंगरी अपने साझेदारों के साथ खुले और पारदर्शी दृष्टिकोण के साथ काम करता है और किसी भी चिंता का समाधान प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से किया जा सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने कहा कि यह परमाणु ऊर्जा समझौता नवंबर में व्हाइट हाउस में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री ऑर्बान के बीच हुई बैठक में हुई चर्चाओं का परिणाम है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि अमेरिकी सरकार ने हंगरी को प्रभावित करने वाले कुछ प्रतिबंधात्मक उपायों को निलंबित कर दिया है, जिससे द्विपक्षीय ऊर्जा सहयोग को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# जेलेंस्की ने हंगरी के पीएम का उड़ाया मजाक

## कहा: वो अपना पेट बढ़ा रहे, सेना नहीं, यूक्रेन जंग में रूस का विरोध नहीं करने से नाराज

**म्यूनिख।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने जर्मनी के म्यूनिख सिक्योरिटी कान्फ्रेंस में हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर आर्बन का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि यूक्रेन, रूस से लड़ रहा है, इसलिए यूरोप के देश आज आजादी से जी पा रहे हैं।

जेलेंस्की ने कहा कि विक्टर आर्बन सोच रहे हैं कि अपना पेट कैसे बढ़ाया जाए, लेकिन ये नहीं सोच रहे कि सेना को कैसे बढ़ाया जाए, ताकि रूस टैंकों को बुडापेस्ट (हंगरी की राजधानी) की सड़कों पर फिर लौटने से रोका जा सके। जेलेंस्की का कहना है कि आर्बन रूस के खतरे को गंभीरता से लेने के बजाय अपनी राजनीति और आराम पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। वे सुरक्षा और रक्षा तैयारियों के बजाय दूसरी बातों में ज्यादा उलझे हुए हैं। रूसी टैंकों के बुडापेस्ट की सड़कों पर लौटने की बात हंगरी के इतिहास से जुड़ी चेतावनी है। 1956 में सोवियत टैंक हंगरी में घुसे थे और विद्रोह को कुचल दिया गया था। जेलेंस्की याद दिलाना चाहते हैं कि अगर रूस को खुली छूट दी गई और समय रहते उसका विरोध नहीं किया गया, तो ऐसा खतरा दोबारा भी सामने आ सकता है। कोल्ड वार के समय हंगरी सोवियत यूनियन (आज का रूस) का हिस्सा था। बीते कुछ सालों में यूक्रेन और हंगरी के रिश्ते काफी तनावपूर्ण हुए हैं। इसकी वजह यह है कि आर्बन पर रूस को लेकर नरम रुख अपनाने का आरोप है। हाल के हफ्तों में उन्होंने देश के चुनाव से पहले यूक्रेन के खिलाफ बयानबाजी भी तेज कर दी है। इससे पहले 2022 में रूसी हमले के बाद यूक्रेन ने यूरोपीय संघ (ईयू) में शामिल होने के लिए आवेदन किया था, लेकिन तब आर्बन के वीटो की वजह से आगे की बातचीत आगे नहीं बढ़ सकी थी। बाकी यूरोपीय देशों के उलट, हंगरी ने यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद भी रूस से अपने इंपोर्ट में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया। जेलेंस्की ने कहा कि अब पुराने दिन खत्म हो चुके हैं। अमेरिका अब यूरोप को पहले जैसा साझेदार नहीं मानता। इसलिए यूरोप को यूक्रेन के साथ मिलकर अपनी खुद की सेना बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह युद्ध कुछ नेताओं के बीच बैठकर तय नहीं किया जा सकता। न तो डोनाल्ड ट्रम्प और व्लादिमीर पुतिन मिलकर इसका फैसला कर सकते हैं, न ही मैं खुद और पुतिन। म्यूनिख में बैठा कोई भी नेता अकेले पुतिन से बात करके इस युद्ध का अंत तय नहीं कर सकता।



**■ रूसी टैंकों के बुडापेस्ट की सड़कों पर लौटने की बात हंगरी के इतिहास से जुड़ी चेतावनी है**

# किम-जोंग की बहन या बेटी देश की अगली तानाशाह कौन

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया में तानाशाह किम जोंग की बाद अगला तानाशाह बनने के लेकर उनकी बहन और बेटी में संघर्ष छिड़ सकता है। यह दावा दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में किया है। दरअसल किम जोंग पिछले कुछ समय से लगातार अपनी 13 साल की बेटी शकिम जू ऐश के साथ सर्वजनिक कार्यक्रमों में नजर आ रहे हैं।

ऐसे में माना जा रहा है कि वो किम जू-ऐ को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर सकते हैं। इसे लेकर दक्षिण कोरिया के पूर्व राजदूत राह जोंग-यिल ने कहा कि किम जू-ए के लिए रास्ता बिल्कुल आसान नहीं होगा। उनकी सबसे बड़ी चुनौती किम जोंग-उन की छोटी बहन 'किम यो-जुंग' होंगी, जो अपने भाई जितनी ही खूंखार मानी जाती हैं। 38 साल की किम यो-जुंग को उत्तर कोरिया में दूसरी सबसे ताकतवर शख्स हैं। पार्टी से लेकर सेना तक उनकी

**■ एक्सपर्ट बोले: भाई जितनी ही खूंखार, राष्ट्रपति को छोड़ सबको फांसी दे सकती हैं**

मजबूत पकड़ है। यहां तक कहा जाता है कि वे राष्ट्रपति को छोड़कर पार्टी की 250 सदस्ईय केंद्रीय समिति के किसी भी नेता को मौत की सजा दे सकती हैं। राह जोंग-यिल का कहना है कि अगर किम यो-जुंग को लगा कि उनके पास शीर्ष नेता बनने का मौका है, तो वे बिल्कुल पीछे नहीं हटेंगी। यानी सत्ता संघर्ष की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। अन्य एक्सपर्ट्स का भी कहना है कि अगर अचानक किम जोंग-उन को कुछ हो जाता है या वे शासन करने की हालत में नहीं रहते, तो किम यो-जुंग तुरंत सत्ता संभालने की कोशिश कर सकती हैं। किम यो-जुंग को बचपन में 'स्वीट प्रिंसेस यो-जोंग' कहा जाता था।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108